नमो सुयदेवस्स

पंचम गणधर भगवत् सुधर्मा स्वामि-प्रणीत षष्ट आगम अंग

सचित्र
ज्ञाताधर्मकथांग सूत्र

प्रथम भाग

(मूल पाठ-हिन्दी, अंग्रेजी अनुवाद सहित)

प्रधान सम्पादक

उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

सम्पादक

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

प्रकाशक

पद्म प्रकाशन

पद्मधाम, नरेला, दिल्ली-११० ०४०

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज की तिरेसठवीं पावन दीक्षा जयन्ती पर प्रकाशित

सचित्र आगम माला का चतुर्थ पुष्प

* **सचित्र ज्ञाताधर्मकथांग सूत्र**
(प्रथम भाग)

* **प्रधान सम्पादक** :
उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

* **सम्पादक** :
श्रीचन्द सुराना 'सरस'

* **अंग्रेजी अनुवादक** :
सुरेन्द्र बोथरा

* **चित्रकार**
सरदार पुरुषोत्तमसिंह

* **प्रकाशक**

पद्म प्रकाशन
पद्मधाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

*

दिवाकर प्रकाशन
ए-७, अवागढ हाउस, एम. जी रोड,
आगरा-२८२ ००२ फोन ३५११६५

* **प्रथम आवृत्ति** :
वि स २०५३ चैत्र
ईस्वी सन् १९९६, मार्च

* **मूल्य** :
मात्र पाँच सौ रुपया

NAMO SUYADEVASSA

THE SIXTH AGAM-ANGA BY THE FIFTH GANADHAR, BHAGAVAT SUDHARMA SWAMI

ILLUSTRATED
JNĀTĀ DHARMA KATHĀṄGA SŪTRA

(ORIGINAL TEXT WITH HINDI AND ENGLISH TRANSLATIONS)

Editor-in-Chief
UP-PRAVARTAK SHRI AMAR MUNI

Editor
SRICHAND SURANA 'SARAS'

PUBLISHERS
PADMA PRAKASHAN
PADMADHAM, NARELA, DELHI-110 040

Published on the occasion of the sixty third anniversary of the pious Diksha ceremony of Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padmachandra ji Maharaj

THE FOURTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES

* **Illustrated Jnātā Dharma Kathānga Sūtra**
(First Part)

* **Editor-in-Chief :**
Up-Pravartak Shri Amar Muni

* **Editor :**
Srichand Surana 'Saras'

* **Translator :**
Surendra Bothara

* **Illustrator :**
Sardar Purushottam Singh

* **Publishers :**
PADMA PRAKASHAN
Padmadham, Narela Mandi, Delhi-110 040

*

DIWAKAR PRAKASHAN
A-7, Awagarh House, M. G. Road,
Agra-282 002 Phone 351165

* **First Edition :**
Chaitra, 2053 Vikram
March, 1996

* **Price :**
Rupees Five Hundred only

सेवा, सरलता एवं समता मूर्ति
उत्तरभारतीय प्रवर्त्तक परम श्रद्धेय गुरुदेव
भण्डारी श्री पद्मचन्द्रजी म.
के पावन कर-कमलों में सविनय समर्पित

समर्पण

गुरुजनों का चरण सेवक
विनीत
अमर मुनि (उप प्रवर्त्तक)

वैराग्यशील आत्माओं की भागवती जैन दीक्षा दिनांक ४ फरवरी १९९६ को पश्चिम विहार, दिल्ली में सम्पन्न हुई ।

आपके दीक्षा प्रसंग पर शास्त्र–सेवा हेतु सहयोग प्राप्त हुआ तदर्थ धन्यवाद ।

श्री पुनीत जैन

कुमारी रजनी जैन

कुमारी हिमानी जैन

कुमारी शिवानी जैन

कुमारी यशा जैन

कुमारी निष्ठा जैन

कुमारी सलोनी जैन

कुमारी संचिता जैन

कुमारी माधुरी जैन

कुमारी भावना जैन

प्रकाशकीय

इस संसार में बुद्धिमान् और विद्वान् तो हजारों-लाखों मिलेंगे, परन्तु ज्ञानी बहुत कम मिलेंगे। ज्ञानी होने का मतलब है—जीव और जगत् के प्रति संतुलित ज्ञान तथा आत्मा-परमात्मा, जड़-चेतन, अध्यात्म और विज्ञान की सही समझ और सही वर्तना। वही संतुलित जीवन जी सकता है और दूसरों को भी जीवन की संतुलित शैली सिखा सकता है।

धर्मशास्त्र ज्ञान देता है, जीवन जीने की कला सिखाता है। इसलिए हम धर्मशास्त्र को कोरी पुस्तक या ग्रन्थ नहीं कह सकते, वह शास्त्र है और शास्त्र जीवन पर, मन पर शासन करने वाला होता है। इसलिए वह मानव का तृतीय नेत्र है। आज की भाषा में शास्त्र इंसान का ज़मीर है, आत्मा का विवेक है। और इसीलिए शास्त्र-स्वाध्याय का अपना खास महत्त्व है।

उ. भा. प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज सतत शास्त्र-स्वाध्याय की प्रेरणा देते रहते हैं। धर्मशास्त्र घर-घर में पहुँचें, पढ़े जायें उनका स्वाध्याय हो—यही उनकी हार्दिक इच्छा है, जीवन की बहुत बडी अभिलाषा है। इसलिए वे पिछले तीस वर्षों से सतत प्रेरणा एवं प्रचार करते रहे हैं। शास्त्र प्रकाशन के क्षेत्र में उनकी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से लगभग ३० लाख रुपए से अधिक का साहित्य अब तक प्रकाशित/प्रचारित भी हो चुका है। यह हमारे लिए गौरव और प्रेरणा की बात है।

गुरुदेवश्री के प्रधान शिष्य, विद्वद्रत्न और प्रबल धर्म प्रचारक प्रवचन भूषण उपप्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी महाराज इस दिशा में बड़े उत्साह और निष्ठा के साथ प्रयत्न कर रहे हैं। आपश्री के प्रयत्नों से पहले श्री प्रश्नव्याकरणसूत्र (दो भाग), श्री सूत्रकृतांगसूत्र (दो भाग), भगवतीसूत्र (चार भाग) हिन्दी व्याख्या सहित प्रकाशित हुए। फिर आपश्री ने आगमों के सचित्र प्रकाशन की योजना पर कार्यारम्भ किया, जिसके अन्तर्गत अब तक अन्तकृद्दशासूत्र, उत्तराध्ययनसूत्र, कल्पसूत्र एवं तीर्थंकर चरित्र (चित्रमय) प्रकाशित हो चुके हैं। अब ज्ञातासूत्र पाठकों के हाथों में है। हम चाहते हैं चित्रों में रुचि लेकर पाठक इन शास्त्रों का स्वाध्याय करें। चित्रों के कारण कठिन विषय भी सरल बन जाने के कारण उन्हें समझने में भी सुविधा रहेगी। सचित्र आगम प्रकाशन के क्षेत्र में गुरुदेवश्री के आशीर्वाद तथा उपप्रवर्त्तकश्री की सबल प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से प्रसिद्ध विद्वान् श्रीचन्द जी सुराना इस शास्त्र-सेवा के कार्य में निष्ठापूर्वक संलग्न हैं और उनके सत्प्रयासों से यह कार्य सुचारु रूप में आगे बढ़ रहा है। शास्त्र-सेवा के इस बहुत ही खर्चीले कार्य में गुरुदेवश्री के अनेक श्रद्धालु भक्तजनों ने अपनी अन्तःकरण की प्रेरणा से उदारतापूर्वक सहयोग किया है और कर रहे हैं। अनेक विदुषी श्रमणियों ने भी इस कार्य में सद्गृहस्थों को प्रेरणा प्रदान कर सहयोग का हाथ-बढ़ाया है और हमारी योजना को बल प्रदान किया है। हम आप सभी के सहयोग, सद्भाव का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

हम अपने पाठकों से भी अपेक्षा करते हैं कि वे स्वयं इन शास्त्रों को पढ़ें, दूसरों को पढ़ने की प्रेरणा देवें तथा विभिन्न ज्ञान भण्डारों, पुस्तकालयों आदि में भेंट करें ताकि अन्य लोग भी लाभ उठा सकें। विदेशों में बसे अपने प्रिय मित्रों को भी अमूल्य उपहार रूप में भेंट भेजे। इसी शुभभावना के साथ—

महेन्द्रकुमार जैन

PUBLISHERS NOTE

One may find thousands of intelligent and scholarly individuals in this world but it is hard to find even a few truly wise and sagacious ones Balanced knowledge of life and matter; right understanding of soul, super-soul (the God), living and non-living, spiritualism and science, and other such concepts; and moulding ones life accordingly makes a person truly wise or sagacious Only such an individual can lead a balanced life and inspire and guide others towards a balanced life style

Religious texts provide knowledge and teach the art of living As such, religious texts are not mere books, they are Shastras or that which rules over life and soul It is for this reason that they are known as the third eye of the humans In modern idiom Shastra is the morality and rationality of man That is why the study of Shastras is given so much importance.

U B Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padmachandra ji Maharaj always inspires his followers to study Shastras. It is his earnest desire that religious texts reach every house and, more and more people read and study them In fact it is like an important ambition to him He has been working whole heartedly towards this goal for last thirty years Thanks to his inspiration and guidance that in the field of publication alone, a large sum of three million rupees has been spent till date.

These publications are not just dumped in godowns, as is generally done, but are widely distributed This is a matter of pride as well as encouragement for us

The principle disciple of Gurudev Shri, Up-pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj, who himself is a great scholar, strong propagator, and eloquent orator, is working hard in this direction with all sincerity and enthusiasm It was with his efforts that Shri Prashna-vyakaran Sutra (two volumes), Shri Sutra-kritanga Sutra (two volumes), and Shri Bhagavati Sutra (four volumes) were published. After this, he launched the project of publishing illustrated Agam literature. Under this project the already published works are—Illustrated Antakritdasha Sutra, Illustrated Uttaradhyayan Sutra, Illustrated Kalpa Sutra and Illustrated Tirthankar Charitra. We are now pleased to present the Jnata Dharma Katha Sutra to our readers.

१ **ला प्रेमचन्द जी जैन,** ७, विवेकानन्द पुरी, दिल्ली-७

आप पूज्य गुरुदेव उ भा प्रवर्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म एवं उप प्रवर्तक श्री अमर मुनि जी म के परम भक्त उदारमना सज्जन हैं। आपकी धर्मपत्नी श्रीमती जगमती जैन भी बडी भावनाशील श्राविका है। आपके सुपुत्र हैं श्री सतीश जैन, श्री सुनील जैन, श्री अशोक जैन एव श्री शिव जैन। आपका सभी परिवार बड़ा धर्मशील और सुसंस्कार सम्पन्न है। श्री पुनीत मुनि जी के धर्मपिता बनने का सौभाग्य भी आपको मिला है।

२ **श्री स्वरूपसिंह जी जैन (हलालपुर वाले) सुपुत्र स्व. श्री चन्दगीराम जैन ए-२/७, राणा प्रताप बाग दिल्ली-७**

दिल्ली में आपका भारत होजरी फैक्ट्री के नाम से अच्छा व्यवसाय है। आप पूज्य गुरुदेव प्रवर्तक श्री जी म. के सांसारिक भतीजे हैं। आपके सुपुत्र हैं, श्री अनिल जैन, सुनील जैन, अजय जैन, संजय जैन तथा आपकी तीन पुत्रियाँ हैं। आपका सभी परिवार गुरुदेव श्री के प्रति विशेष आस्थाशील है।

३ **लाला मानसिंह जी जैन (हलालपुर वाले) राणा प्रताप बाग, दिल्ली-७**

आपके सुपुत्र हैं—श्री विमलकुमार जैन, श्री ओमप्रकाश जैन, श्री [illegible] जैन। आप भाइयों ने अपने पूज्य पिताजी की पुण्य स्मृति में उदार सहयोग प्रदान कर [illegible] और गुरुभक्ति का परिचय दिया है।

शास्त्र-सेवा में सहयोग देने वाले भाग्यशाली दानवीर गुरुभक्तों के चित्र एवं परिचय

१. श्री बिल्लुचन्द जी जैन

२. श्री अनिलकुमार जैन

१. **श्री बिल्लुचन्द जी जैन, ११५ अरिहंत नगर दिल्ली-२६**

आप बड़े ही धार्मिक विचारों के भावनाशील सज्जन हैं। गुरुदेव प्रवर्तक श्री के भक्त हैं। आपने अपनी स्व. धर्मपत्नी श्रीमती कमलादेवी जैन की पुण्य स्मृति में शास्त्र-प्रकाशन में उदार सहयोग प्रदान किया है।

२ **श्री अनिलकुमार जैन** बी एस सी (ऑनर्स) (हलालपुर वाले) राणा प्रताप बाग, दिल्ली-७

आपश्री स्वरूपसिंह जी जैन के सुपुत्र है। आप एक उच्च शिक्षा प्राप्त युवक हैं। पिताश्री के साथ तथा अपना स्वतत्र व्यवसाय सँभालते हुए धर्म एव समाज सेवा के कार्य में उत्साहपूर्वक सहयोग करते है। पूज्य प्रवर्तक श्री जी के सासारिक पौत्र लगते हैं।

३. **श्री राजेशकुमार जी, सुपुत्र श्री सतपाल जी (पेहवावाले)**

आपके पिताश्री सतपाल जी गुरुदेव प्रवर्तक श्री जी के परम भक्त हैं। आप धर्मप्रेमी और परम सेवा भावी उदार सज्जन हैं। शास्त्र प्रकाशन, जन-सेवा और लोक कल्याण के कार्यों में लक्ष्मी का सदुपयोग करते रहते हैं। पिता के संस्कार पुत्रों में भी पल्लवित होते हैं। आप भी पिताजी की तरह उदार गुरुभक्त उत्साही युवक हैं।

४ **श्री मुन्नीलाल जी जैन, १४३-बी, वीर नगर, दिल्ली-७**

आप तपस्वी श्री बसन्तराय जी जैन के सुपुत्र हैं। बड़े सरल स्वभावी गुरुभक्त उदार हृदय के श्रावक है। शास्त्र प्रकाशन व संत सतियों की सेवा में भी तन-मन-धन से सहयोग-सेवा करते रहते हैं। गुरुदेव श्री के परम भक्त हैं।

३. श्री राजेशकुमार जी

४. श्री मुन्नीलाल जी जैन

It is our earnest desire that the reader studies these texts with the help of the illustrations. Even difficult and hard subjects are made simple and easy to comprehend with the help of illustrations. Blessings of Gurudev Shri and continued inspiration by Up-pravartak Shri have drawn the famous scholar Srichand ji Surana and his team into this project and with his earnest efforts it is progressing satisfactorily

In this high cost project, many of Gurudev Shri's devotees have generously contributed and continue to do so. Many scholarly Shraman's have extended a helping hand by inspiring devotees to contribute and thus bolstered our involvement in this project We gratefully welcome your good wishes and contributions and hope that it would continue in the future.

We expect from our readers that they read, inspire others to read these attractive and informative publications, and send these as gift to various libraries and other such centres so that many others may be benefitted. These books may also be sent to friends living abroad With the hope that you will respond—

Mahendra Kumar Jain
President, Padma Prakashan

आत्म-कथ्य

आत्मा को पवित्र और विशुद्ध बनाने वाला साधन है--धर्म। शुद्धि (उपादान--) की दृष्टि से धर्म का आधार है--आत्मा। किन्तु आत्म-शुद्धि के लिए साधना तप-जप आदि की क्रियाओं का सम्यक् ज्ञान होना भी जरूरी है, और उस ज्ञान का निमित्त कारण है--शास्त्र। धर्म ग्रन्थ।

प्रत्येक धर्म परम्परा में धर्म ग्रन्थों का पठन-पाठन-स्वाध्याय-श्रवण इसलिए किया जाता है कि उनसे साध्य का, साधनों का ज्ञान भी होता है और जिन महापुरुषों व सत्पुरुषों ने धर्माचरण द्वारा अपना कल्याण किया है उनका प्रेरक पवित्र जीवन दर्पण की भाँति हमारे सामने उपस्थित हो जाता है, जिससे धर्माचरण की क्रिया सुविधाजनक हो जाती है।

भगवान महावीर ने जो धर्मोपदेश दिया, आत्म-शुद्धि की साधना का मार्ग बताया, उन धर्म-वचनों का संकलित रूप आगम है। आगम वाणी उस समय की लोक-भाषा प्राकृत--अर्द्धमागधी में है। किसी समय अर्द्धमागधी जनता की बोलचाल की भाषा थी, परन्तु आज वह अनजान और कठिन भाषा बन गई है। इसलिए शास्त्र पढ़ने से लोग कतराते हैं और केवल उनका अनुवाद अपनी भाषा में पढ़कर ही संतोष कर लेते हैं।

भगवान महावीर के उपदेशों व तत्त्वज्ञान को विषयक्रम के अनुसार चार अनुयोगों में बाँटा गया है, जिनमें एक अनुयोग है--धर्म-कथानुयोग। कथा, उदाहरण, दृष्टान्त व रूपक के द्वारा उपदेश देना और धर्म का तत्त्व समझाना एक सरल और रोचक शैली है। इसलिए कथानुयोग की शैली सबसे अधिक रुचिकर व लोकप्रिय बनी है। कथानुयोग में जिन शास्त्रों/आगमों का नाम आता है उनमें ज्ञाताधर्मकथांगसूत्र सबसे अधिक प्रसिद्ध, और सबसे अधिक रोचक तथा सबसे बड़ा है। यों तो अन्तकृद्दशासूत्र, उपासकदशांग, अनुत्तरोपपातिक, निरयावलिका, राजप्रश्नीय, विपाकसूत्र आदि भी कथा-प्रधान होने से कथानुयोग में ही गिने जाते हैं किन्तु ज्ञाताधर्मकथा सूत्र का स्थान कुछ विशेषता रखता है। इस सूत्र की भाषा अन्य आगमों की अपेक्षा अधिक प्रौढ़, साहित्यिक और लालित्यपूर्ण है। अन्य कथाओं की अपेक्षा इसकी कथाएँ भी अधिक रोचक और विश्वस्तर की हैं। ज्ञातासूत्र की कुछ कथाएँ तो बौद्ध साहित्य में, वैदिक ग्रन्थों व विदेशी कथा साहित्य में भी मिलती हैं। जैसे मेघकुमार की कथा जातक के नन्द की कथा से, दो कछुओं की कथा गीता की टीकाओं में तथा रोहिणी ज्ञात की कथा बाइबिल की मेथ्यू और लूक की कथा से काफी समानता रखती है। इससे यह प्रतीत होता है कि ज्ञातासूत्र की सैकड़ों कथाएँ धीरे-धीरे सम्पूर्ण विश्व साहित्य में रूपान्तरित हो गई हैं।

अन्तरंग परिचय

इस सूत्र का नाम ज्ञाता-धर्म-कथा है। जिस पर टीका करते हुए आचार्य श्री अभयदेवसूरि ने लिखा है–ज्ञात का अर्थ है उदाहरण और धर्मकथा से तात्पर्य है प्रसिद्ध धर्म कथाएँ। दोनों शब्द मिलकर बनता है–ज्ञात-धर्म कथा। किन्तु कुछ विद्वानों का मत है कि यहाँ 'ज्ञात' शब्द प्राकृत शब्द 'नाय' से बना है। भगवान महावीर का एक नाम है ज्ञातपुत्र। नायपुत्त। यहाँ 'ज्ञात' शब्द भगवान महावीर की ओर संकेत करता है और तब इसका अर्थ होता है–ज्ञात-धर्म कथाएँ अर्थात् भगवान महावीर द्वारा कथित धर्म कथाएँ। यह अर्थ अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है। ज्ञाताधर्मकथा का सरल अर्थ यह भी कर सकते हैं कि ज्ञाता अर्थात् सर्वज्ञ, भगवान महावीर। उनकी कही हुई धर्म कथाएँ। ज्ञातासूत्र के दो श्रुतस्कंध हैं। प्रथम श्रुतस्कंध में १९ अध्ययन हैं जबकि दूसरे श्रुतस्कंध के १० वर्ग हैं।

प्रथम श्रुतस्कंध की सभी कथाएँ स्वयं उदाहरण हैं, और फिर उपनय के साथ विषय को अधिक संगति देती हैं। इन कथाओं के माध्यम से अनेक प्रकार की शिक्षाएँ, तत्त्वज्ञान, प्रेरणा और साधक के लिए मार्गदर्शन मिलता है।

सचित्र आगम प्रकाशन माला

तीन वर्ष पूर्व हमने पूज्य गुरुदेव उ. भा. प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज की साठवीं दीक्षा जयन्ती मनाई थी। तब मेरे मन में सचित्र आगम प्रकाशन की भावना मूर्त्तरूप ले रही थी। उसी वर्ष मैंने प्रयोग के रूप में भगवान महावीर की अन्तिम वाणी उत्तराध्ययनसूत्र का सचित्र सम्पादन प्रकाशन किया था। वह प्रयोग बहुत सफल रहा। सर्वत्र प्रशंसित हुआ और आगम के अध्ययन से दूर रहने वाले भी चित्रमय आगम होने से रुचिपूर्वक पढ़ने लगे। मेरे पास अनेक विद्वानों के, विज्ञ मुनिवरों के तथा अनेकानेक धर्म-प्रेमियों के पत्र आये और सभी ने इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। युग की इस आवश्यकता और उपयोगिता को देखकर हमने इस योजना को और आगे बढ़ाने का संकल्प किया। जिसके अन्तर्गत सचित्र अन्तकृद्दशासूत्र, सचित्र कल्पसूत्र, सचित्र तीर्थंकर चरित्र प्रकाशित हुआ। और अब सचित्र ज्ञाताधर्मकथागसूत्र पाठकों के हाथों में पहुँच रहा है।

ज्ञातासूत्र काफी बड़ा होने से उसे दो भागों में प्रकाशित किया जा रहा है। प्रथम भाग में आठ अध्ययन लिए गये हैं। शेष दूसरे भाग में प्रकाशित होंगे।

इस सूत्र की सम्पादन शैली में थोड़ा परिवर्तन भी किया है। आमुख में सर्वप्रथम अध्ययन के शीर्षक का स्पष्टीकरण किया है जिससे अध्ययन का विषय ज्ञात हो सके तथा इसी के साथ कथा-सार भी दिया है।

मूल पाठ में सूत्र संख्या की कोई निश्चित परम्परा प्राचीन प्रतियों में नहीं अपनाई गई है अतः इस संस्करण में सूत्र संख्या कथा-प्रवाह की सुविधानुसार रखी गई है। मूल पाठ में अपेक्षाकृत लम्बे तथा संयुक्त शब्दों में संधि स्थलों पर विराम चिह्न (डैश) दिये हैं जिससे पठन तथा उच्चारण में सुविधा हो

मूल पाठ में वर्णनात्मक तथा विवरणात्मक अंशों को अनेकानेक बार दोहराए जाने की शैली का प्रयोग हुआ है। अनुवाद में इन्हें यथासंभव सक्षिप्त किया है तथा 'पूर्वसम' आदि इंगितों का प्रयोग किया गया है। चित्रों को अधिक सुगमता से बोधगम्य बनाने के लिए चित्र-शीर्षक के स्थान पर प्रत्येक चित्र के पीछे तत्संबंधित कथा प्रसंग संक्षेप में दिया गया है।

अध्ययन के अन्त में विशेष शब्दों का स्पष्टीकरण एवं उपसंहार तथा टीका में आई हुई उपनय गाथाएँ भी ले ली हैं। इस प्रकार सम्पादन में सर्वांगता लाने का प्रयास किया है। टिप्पण एवं परिशिष्ट की शैली मुझे कम पसन्द है, क्योंकि उससे पाठक को इधर-उधर पृष्ठ उलटने पड़ते हैं। अत प्रत्येक अध्ययन से सम्बन्धित सभी सामग्री वहीं एक स्थान पर देने का प्रयास किया है। आशा है पाठकों को यह शैली अधिक सुन्दर व रुचिकर लगेगी।

कृतज्ञता प्रदर्शन

परम पूज्य गुरुदेव उ भा प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज के असीम आशीर्वाद से सचित्र आगम प्रकाशन का यह कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से गति पकड़ रहा है यह मेरे लिए परम प्रसन्नता का विषय है। इस प्रकाशन मे महासती जी तपचक्रेश्वरी उपप्रवर्तिनी श्री मोहनमाला जी म , उपप्रवर्तिनी डॉ सरिता जी म तथा अनेक गुरुभक्त उदार सद्गृहस्थों ने अपना सहयोग करके गुरुभक्ति और श्रुतभक्ति का परिचय दिया है। साथ ही शास्त्र-सेवा का पुण्य उपार्जन किया है। यह सभी के लिए अनुकरणीय है।

साहित्यकार श्रीचन्द जी सुराना ने सदा की भाँति इसके सम्पादन, मुद्रण मे अपनी सम्पूर्ण बौद्धिक-चेतना को नियोजित किया है तथा श्रीयुत सुरेन्द्र जी बोथरा ने सुन्दर सटीक अंग्रेजी अनुवाद के साथ संपादन सहयोग करके इसकी उपयोगिता मे चार चाँद लगाये हैं। मैं सभी के प्रति हार्दिक भाव से कृतज्ञ हूँ।

—अमर मुनि

NOTE FROM THE EDITOR-IN-CHIEF

The means of making the soul pious and pure is Dharma. The subjective basis of Dharma is soul. But in order to achieve the goal of purification it is essential to have the proper and working knowledge of the processes like penance, chanting, meditation, and other such practices The source of this knowledge are Shastra or religious scriptures.

In every religious tradition the reading, teaching, listening, and study of religious books is done for the purpose of acquiring knowledge about the means of upliftment and the goal; they also give us vivid description of the inspiring lives of great and pious souls who have attained high status with the help of religious conduct All this helps us follow the right path or proper conduct.

The religious teachings of Bhagavan Mahavir and the path of purification shown by him are compiled as Agams These scriptures are in the then prevailing language of the common man, Ardhamagadhi—Prakrit. Some time in the past, Ardhamagadhi was the most popular language of the masses, but today it has become a lesser known and so a difficult language. That is why people avoid reading original texts and are content with reading translations in the language they know

The teachings of Bhagavan Mahavir have been divided subject-wise into four categories titled Anuyog The first Anuyog or category is Dharma Kathanuyog or the category of religious stories To preach religion and explain its fundamentals with the help of stories, examples, instances, and metaphors is a simple and absorbing style As such, this category has proved to be the most accepted and popular one.

Of the works listed in this category the most famous, interesting, and largest is Jnata Dharma Kathanga Although Antakritdasha Sutra, Upasak-dashang, Anuttaropapatik, Niriyavalika, Rajprashniya, Vipak Sutra etc. are listed in this category, Jnata Dharma Katha Sutra occupies a very special place. The language of this scripture is mature, refined, and flowery. As

compared to the stories from other works those in this work are much more interesting and conforming to international standards

Some of the stories from Jnata Sutra have parallels in Buddhist, Vedic as well as foreign literature For example the story of Megh Kumar has a parallel in the story of Nand from the Jatak literature, the story of two tortoises has parallels in commentaries on Gita; the story of Rohini has similarities with stories of Methew and Luke from the Bible All this points toward the fact that many stories from Jnata Sutra have slowly spread all around the world and have been adapted and absorbed in the world literature

INTRODUCTION TO THE TEXT

There are two sections in the Jnata Sutra. The first section contains nineteen chapters and the second has ten sub-sections. The name of this work is Jnata Dharma Katha. Acharya Abhaya Dev Suri has commented on this term—Jnata means example and Dharma Katha means popular religious tales Both these combined mean—examples and religious tales Some scholars say that the word Jnata has been derived from the Prakrit word Naya One of the names of Bhagavan Mahavir is Naya-putta or Jnata-putra Here the word Jnata points towards Bhagavan Mahavir So according to this theory Jnata Dharma Katha means the religious stories told by Bhagavan Mahavir This interpretation appears to be more appropriate Another meaning is religious tales told by Jnata (omniscient or Bhagavan Mahavir)

All the stories in the first section are based on examples The verses drawing conclusion at the end of each story make it easy to grasp the lesson contained These stories impart moral values, knowledge of the fundamentals, inspiration, and guidance for spiritual practices

THE ILLUSTRATED AGAM SERIES

Three years back we had celebrated the sixtieth anniversary of the Diksha ceremony of revered Gurudev U B Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra ji Maharaj At that time the plan for publication of illustrated Agams was taking shape in my mind. The very same year I launched and concluded the editing and publication of the last sermon of Bhagavan Mahavir, Illustrated Uttaradhyayan Sutra

The experiment proved to be highly successful. It was widely acclaimed and even the unwilling started studying the illustrated Agam with interest. I received numerous letters from scholars, scholarly ascetics, and devotees freely praising this effort I resolved to further this project looking at prevailing need and usefulness of such works. Illustrated Antakritdasha Sutra, Illustrated Kalpa Sutra, and Illustrated Tirthankar Charitra have already been published under this scheme. Now this Illustrated Jnata Dharma Kathanga Sutra is being released.

As the Jnata Sutra is a voluminous work, it is being published in two parts First part contains eight chapters. The remaining shall come in the second part

Some changes have been incorporated in the style of editing. A section has been added before every chapter. This contains explanation about the title and topic of the chapter and, gist of the story

In the old copies of the original text no established rule has been followed regarding the numbering of the paragraphs or Sutras. As such, freedom has been taken in numbering the paragraphs according to the flow of the story In the Prakrit text dash has been given to break the long combined words to facilitate reciting.

In the original text the descriptive and elaborative passages are repeated verbatim again and again. This appears to be the writing style of that period However, in the translation such passages have been made as brief as possible using the indicators like (etc.), (as mentioned earlier), etc. To make the illustration easily understandable relevant brief excerpts from the stories have been given on the back of every illustration.

At the end of the chapter a glossary, conclusion and the verses indicating the message of the story have been given. Thus effort has been made to use an all enveloping editing style. I do not like much the use of foot notes and appendices unless it becomes essential. This is because in that style of editing the reader has to suffer breaks while reading, by repeatedly referring to foot notes and turning pages to look for appendices. As such, effort has been made to provide all possible reference material with the chapter itself. I hope that the readers would appreciate and like this style

ACKNOWLEDGEMENTS

It is a matter of extreme pleasure for me that with the blessings of revered Gurudev U. B. Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra ji Maharaj the project of publication of illustrated Agam literature is gathering speed By extending whole hearted support to this publication Mahasati ji Tap-Chakreshwari, Up-Pravartini Shri Mohanmala ji M , Up-Pravartini Dr Sarita ji M. and many devoted and generous followers have revealed their devotion for the Guru and the word of the Lord Such gesture is exemplary and should be emulated by all.

As always, Srichand ji Surana, an author and scholar in his own right, has incorporated all his acumen in editing and printing this work Shri Surendra Bothara has added to its utility by providing a comprehensive free flowing English translation as well as assistance in editing I express my sincere gratitude to them all

—Amar Muni

विषयानुक्रम

CONTENTS

* * *

ज्ञाताधर्मकथांग सूत्र

(प्रथम भाग)

Jnātā Dharma Kathānga Sūtra

(FIRST VOLUME)

प्रथम अध्ययन : उत्क्षिप्त ज्ञात : आमुख

शीर्षक—उक्खित्ते—उत्क्षिप्त/उत्त्थित अर्थात् उठाया हुआ या उठा हुआ। यह एक स्थिति का नाम है जिसमे कोई वस्तु अपनी सामान्य स्थिति से उठ, किसी उच्च स्थिति में पहुँचकर स्थिर हो जाय। वह स्थिति पार्थिव भी हो सकती है, मानसिक भी तथा आत्मिक भी। इस कथा में ये सभी स्थितियाँ समन्वित हैं और उनका आधार है अन्त:प्रेरित करुणा। प्रत्येक आयाम में किसी उच्च स्थिति पर पहुँचना और उस स्थिति को बनाये रखना, इस भागीरथ प्रयत्न में करुणा की अनोखी महत्ता का बेजोड़ उदाहरण इस कथा मे प्रस्तुत किया गया है।

कथासार—राजगृह (मगध) के राजा श्रेणिक के नदा नामक रानी से अभयकुमार नाम का पुत्र था। वह अतीव बुद्धिमान् व मेधावी था तथा समस्त राज-काज का संचालन उसी के हाथ में था। राजा श्रेणिक के एक अन्य रानी थी जिसका नाम धारिणी था। वह एक रात अपने मुँह में एक श्वेत हाथी को प्रवेश करने का स्वप्न देख जाग पड़ी। राजा श्रेणिक तथा स्वप्नवेत्ता पण्डितों ने इस स्वप्न को एक तेजस्वी पुत्र-प्राप्ति का सकेत बताया।

धारिणी गर्भवती हुई और तीसरे महीने में उसे असमय मेघ तथा वर्षाकाल में वन-उद्यानादि में भ्रमण का आनन्द लेने का दोहद उत्पन्न हुआ। धारिणी ने श्रेणिक राजा से दोहद की बात कही। असमय में वर्षाकाल की सभावना न होने से चिन्तित राजा ने अपने मेधावी पुत्र अभयकुमार से सारी बात कही। अभयकुमार ने पिता को आश्वस्त किया और अपने पूर्व-जन्म के मित्र एक देव का आह्वान कर उससे सहायता माँगी। देव ने अकाल मेघ तथा वर्षाऋतु की दैवी रचना कर धारिणीदेवी का दोहद पूरा करवाया।

यथा समय धारिणीदेवी ने पुत्र प्रसव किया और अकाल मेघ के दोहद से सूचित होने के कारण राजा ने उसका नाम मेघकुमार रखा। कुमार धीरे-धीरे बढ़ने लगा। यथा समय उसकी शिक्षा-दीक्षा हुई और युवा होने पर आठ सुन्दर राज-कन्याओं के साथ विवाह कर दिया गया।

एक बार श्रमण भगवान महावीर राजगृह पधारे। जन-समूह उनका उपदेश सुनने उमड़ पड़ा। मेघकुमार भी सूचना प्राप्त होने पर उनका उपदेश सुनने गया। भगवान के वचन सुन मेघ को वैराग्य उत्पन्न हुआ और उसने दीक्षा लेने का निर्णय लिया। मेघ अपने माता-पिता से अनुमति लेने गया तो उन्होने उसे बहुत समझाने की चेष्टा की कि गृहस्थ जीवन के सभी आनन्द भोगने के बाद दीक्षा लेने का विचार करे। पर मेघ अपने निर्णय पर अटल रहा और अन्तत: दीक्षा ले ली।

श्रमण जीवन के प्रथम दिन ही मेघ असुविधाओं के कारण विचलित हो गया। रात्रि को उसकी शय्या द्वार के निकट लगी थी और अपने-अपने कार्य से आते-जाते अन्य श्रमणों के पाँव आदि छू जाने से उसे रात भर नीद नही आई। विचलित मेघकुमार भगवान महावीर के पास आया। उसकी चंचल मनोदशा देखकर भगवान महावीर ने स्वयं ही उसकी समस्या बताई और साथ ही उसके पूर्व-जन्म की कथा सुनाई।

-इस भव से तीसरे पूर्व-भव में मेघकुमार ने हाथी के रूप में जन्म लिया था। भयंकर दावानल से त्रसित अपनी प्यास बुझाने वह गजराज तालाब में उतरा तो उसमें रहे दलदल में फँस गया। ऐसी स्थिति में उसे एक तरुण शत्रु हाथी ने अपने पैने दाँतों से छेद दिया। मृत्यु-पश्चात् वह जीव पुन एक गजराज के रूप में जन्मा। एक बार दावानल को देख उसे पूर्व-जन्म के अनुभव का आभास हुआ और उसने अपने दल सहित नदी के तट पर एक विशाल क्षेत्र को वृक्ष व घास-फूस आदि जलने वाले पदार्थों से विहीन कर सुरक्षित मंडल तैयार कर लिया।

एक बार जब पुन भीषण दावानल प्रज्वलित हुआ तो भयभीत गजराज अपने दल सहित उस क्षेत्र की ओर भागा। वहाँ पहले से ही भयभीत वन-चर ठसाठस भरे पड़े थे। गजराज भी जैसे-तैसे उस भीड़ में घुसा और जहाँ स्थान पाया वहीं खडा हो गया। कुछ देर बाद उसने शरीर खुजाने को अपना एक पैर उठाया तो उस स्थान पर एक भयभीत खरगोश दुबक गया। गजराज ने यह देखा तो उसके हृदय में करुणा/अनुकम्पा का भाव उमड़ पडा। अनुकम्पावश उसने अपना पैर उठाये ही रखा। वह दावानल अढाई दिन में शात हुआ और तब सारे पशु उस सुरक्षित स्थान से बाहर चले गये। गजराज ने भी वहाँ से प्रस्थान के लिये जब अपने उठे हुए पैर को धरती पर टिकाने की चेष्टा की तो थकान और जकड़न के मारे वह धरती पर गिर पडा। तीन दिन तक असह्य वेदना भोगने के पश्चात् वह मृत्यु को प्राप्त हुआ। करुणा से पवित्र हुई शुद्ध भावनाओ द्वारा जो कर्म बन्धन हुआ उसके फलस्वरूप वह जीव मेघकुमार के रूप में जन्मा।

पूर्व-जन्मों की यह कथा सुनाकर भगवान ने मेघकुमार से कहा कि जब पशु के रूप मे करुणा से प्रेरित हो एक नन्हे-से खरगोश की असुविधा का भी ध्यान रखने की सामर्थ्य उभरी थी तो आज क्या हुआ है? ज्ञानवान, बुद्धिमान् तथा गुणवान मनुष्य रूप में भी क्या श्रमणो द्वारा प्राप्त तनिक-सी असुविधा से विचलित हो जाना उसे शोभा देता है? सज्ञान तितिक्षा से कर्म निर्जरा करना महान् फलदायी होता है।

प्रभु के इस उलाहने ने मेघकुमार की आँखे खोल दीं। उसे पश्चात्ताप हुआ और अतीत के ऊहापोह में लीन उसे जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न हो गया। पूर्व-भव की सभी बाते चलचित्र की भाँति स्पष्ट हो गईं। उसने अपने आपको संयम में स्थिर किया तथा यह व्रत लिया कि अपने नेत्रों के अतिरिक्त समस्त शरीर को श्रमणो की सेवा में अर्पित कर देगा। इसके बाद मेघकुमार ने सभी अग-शास्त्रो का अध्ययन किया और तीव्र तपस्या करते हुए आयुष्य पूर्ण कर अनुत्तर देव लोक मे जन्म लिया। वहाँ की आयु पूर्ण कर महाविदेह क्षेत्र में जन्म लेकर वह जीव मोक्ष प्राप्त करेगा।

FIRST CHAPTER : UTKSHIPTA JNATA : INTRODUCTION

Title—Utkshipta Jnata or "the tale of the elevated" The word Utkshipta means elevated or raised It indicates a condition where a thing rises from its normal state to a higher state and remains there The context may be physical, mental or spiritual This story includes this elevated state in all these three contexts and the

inspiring cause is inherent compassion In the herculean task of rising and remaining in that elevated state this feeling of compassion plays a unique and important role. This story vividly highlights that role.

Gist of the Story—King Shrenik and queen Nanda of Rajagriha (Magadh) had a son named Abhay Kumar He was extremely intelligent and worldly wise On behalf of King Shrenik he managed all the affairs of the state King Shrenik had another beautiful queen whose name was Dharini One night she saw a dream of a giant white elephant entering her mouth, and got up King Shrenik and the dream-diviners interpreted that Queen Dharini will give birth to a brilliant son

Queen Dharini became pregnant and during the third month of pregnancy she had a desire to enjoy untimely monsoon She informed King Shrenik When the king could not come up with any solution he was frustrated and worried He told everything to his able son Abhay Kumar, who assured the king, invoked a friendly god and sought his help This god created an enchanting atmosphere of untimely monsoon and fulfilled the queen's desire

In due course Dharini gave birth to a child who grew into a healthy and intelligent youth After proper education he was married to eight beautiful princesses

Shraman Bhagavan Mahavir once arrived in Rajagriha city Finding about the arrival of Shraman Bhagavan Mahavir, throngs of people came to pay homage to him and listen to his discourse Megh Kumar also came there The profound and inspiring discourse of Bhagavan Mahavir evoked feelings of detachment in Megh Kumar He decided to get initiated into Mahavir's order King Shrenik and Megh Kumar's mother tried instilling fear and antipathy for ascetic discipline But the awakened spirit is never afraid of any hurdle or pain Accepting his request Shraman Bhagavan Mahavir initiated Megh Kumar into the order

On the very first night, being the junior most, Megh Kumar was allotted the last place, near the gate, to sleep During the night, for their essential duties, many ascetics kept on going out and coming back Disturbed by all the commotion of this perambulation Megh Kumar could not sleep a wink throughout the night Next morning he went to Shraman Bhagavan Mahavir who became aware of Megh's problem without his telling To pacify his inner turmoil Bhagavan narrated a story—

"Megh! Once upon a time in the valley of the Vaitadhya mountain there lived a giant elephant named Sumeruprabh Once, driven by a forest-fire and, in search of water it entered a large pond and was caught in the swamp Just at that moment another strong and young elephant arrived and driven by a feeling of animosity from the past, it pierced Sumeruprabh's back with its sharp tusks The elephant died suffering

In the next life it was born a red elephant named Meruprabh in the valley of the Vindhyas Once, seeing a forest fire it recalled the experience from its last birth It marked a large area of one Yojan and with the help of the herd cleared it of all combustible things like dry leaves, logs, etc in order to take refuge in some such contingency During the next summer once again a terrible forest-fire started To save itself, the red elephant rushed towards the arena that it had cleared In that arena numerous animals had already taken refuge When the red elephant reached there it also squeezed in and stood where it found a little space

"After some time it lifted one of its legs to scratch some itching part of its body At that instant a small rabbit crept in and occupied that space When the elephant wanted to put back its leg on the ground it found that a tiny rabbit is occupying that space The realization that its leg would crush the rabbit to death overwhelmed it with compassion Instead of putting its feet back on the ground the elephant kept it lifted As a result of its pure feeling of compassion it reduced the period of the cycle of rebirths and also earned a human-life-span

"The forest fire burned for two and a half days By then the elephant was completely exhausted With the desire to rush away from that place, as soon as it stretched its cramped leg it toppled and fell on the ground It suffered excruciating agony for three days and died From there it descended into the womb of queen Dharini in this town of Rajagriha Megh! You were that elephant in your earlier life

"Megh! Just consider this that in the life you spent as an animal you were still inspired by the compassion for living beings In this life as a human being though you have disciplined your senses, the very first night you have failed to tolerate even the slightest of inconveniences The good deed from the life as an animal has pushed you towards spiritual light, do not be driven back to darkness by the infirm mundane attitude Wake up, and know that tolerance inspired by purity of purpose leads to great achievements "

The inspiring rebuke by Shraman Bhagavan Mahavir shook him to the core and ascetic Megh's desire for spiritual upliftment redoubled He fell at the feet of Shraman Bhagavan Mahavir and said, "Bhante! Since this moment I commit every part of my body excepting my eyes to the service of the ascetics " He then commenced a strictly disciplined ascetic life absorbing all the knowledge of the Canons and indulging in most vigorous of penances

After observing the ascetic conduct for almost twelve years, Megh finally met his end As a result of his great penance and purity of feelings, after death his soul has taken birth as a god in the Anuttar dimension of gods He will be born as a human being in the Mahavideh area and attain Nirvana

■■

पढमं अज्झयणं : उक्खित्तणाए
प्रथम अध्ययन : उत्क्षिप्त ज्ञात
FIRST CHAPTER : UTKSHIPTA JNATA

प्रारम्भ

सूत्र १ : तेणं कालेणं तेणं समए णं चंपा नामं नयरी होत्था, वण्णओ।

तीसे णं चंपाए नयरीए बहिया उत्तरपुरच्छिमे दिसीभाए पुण्णभद्दे नामं चेइए होत्था, वण्णओ।

तत्थ णं चंपाए नयरीए कोणिओ नामं राया होत्था, वण्णओ।

सूत्र १ : ऐसा वर्णन है (औपपातिक आदि सूत्रों में) कि काल के उस भाग व उस समय (चौथे आरे के अन्तिम समय) में चम्पा नाम की एक रमणीय नगरी थी। उसके बाहर ईशानकोण की दिशा (उत्तर-पूर्व) में पूर्णभद्र नाम का एक चैत्य था। चम्पा नगरी में तब कुणिक नामक राजा राज्य करता था। इन सबका विस्तृत वर्णन औपपातिक सूत्र में है।

THE BEGINNING

1. It is said that during that period of time (the last part of the fourth section of the current cycle of time) there was a beautiful town named Champa. Just outside the town, in the north-east direction, there was a temple complex known as Purnabhadra Chaitya. The ruler of Champa, then, was king Kunik. (All these details are mentioned in the Aupapatik Sutra.)

आर्य सुधर्मा स्वामी

सूत्र २ : तेणं कालेणं तेणं समए णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतेवासी अज्जसुहम्मे नामं थेरे जाइसंपन्ने, कुलसंपन्ने, बल-रूप-विणय-णाण-दंसण-चरित्त-लाघव-संपन्ने, ओयंसी, तेयंसी, वच्चंसी, जसंसी, जियकोहे, जियमाणे, जियमाए, जियलोहे, जियइंदिए, जियनिद्दे, जियपरिसहे, जीवियास-मरण-भयविप्पमुक्के, तवप्पहाणे, गुणप्पहाणे, एवं करण-चरण-निग्गह-णिच्छय-अज्जव-मद्दव-लाघव-खंति-गुत्ति-मुत्ति-विज्जा-मंत-बंभ-वेय-नय-नियम-सच्च-सोय-णाण-दंसण-चरित्तप्पहाणे, ओराले, घोरे, घोरव्वए घोरतवस्सी, घोरबंभचेरवासी, उच्छूढसरीरे, संखित्त-विउल-तेउलेस्से, चोद्दसपुव्वी, चउनाणोवगए।

पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं संपरिवुडे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे, गामाणुगामं दूइज्जमाणे, सुहं-सुहेणं विहरमाणे, जेणेव चंपा नयरी, जेणेव पुण्णभद्दे चेइए, तेणामेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता अहापडिरूवं उग्गहं ओगिण्हइ; ओगिण्हित्ता संजमेण तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरति।

सूत्र २ : काल के उस भाग में अथवा उस समय श्रमण भगवान महावीर के शिष्य (पंचम गणधर) आर्य सुधर्मा नामक स्थविर विद्यमान थे। वे उच्च कुल व जाति सम्पन्न थे। बलवान, रूपवान और विनयवान होने के साथ-साथ ज्ञान, दर्शन व चारित्र सम्पन्न भी थे। इन सभी गुणों से युक्त होते हुए भी वे अहंकार तथा परिग्रह से मुक्त थे; अर्थात् लाघव संपन्न थे। ओज, तेज, वचन-पटुता और यश से वे परिपूर्ण थे। क्रोध, मान, माया, लोभ पर ही नहीं, वे तो इन्द्रियों पर, नींद पर और परिषहों पर भी विजय प्राप्त कर चुके थे। जीने की इच्छा और मृत्यु की आशंका-भय, इन दोनों से रहित हो गये थे वे। वे तपप्रधान और गुणप्रधान थे। करण (करणसत्तरी–पिण्ड विशुद्धि, ग्रहणैषणा आदि आचार के मर्मज्ञ), चरण (चरणसत्तरी–पंच महाव्रत आदि के पालन में निपुण), निग्रह, निश्चय, आर्जव, मार्दव, लाघव, क्षमा, गुप्ति, मुक्ति, विद्या, मंत्र, ब्रह्मचर्य, वेद, नय, नियम, सत्य, शौच, ज्ञान, दर्शन, चारित्र आदि गुणों के सर्वश्रेष्ठ धारक थे। वे उदार थे और सदाचार के कठोर पालक। व्रत, तपस्या और ब्रह्मचर्य में वे दृढ़तया उत्कृष्ट थे और शरीर से अलिप्त। विपुल-तेजोलेश्या को अपने आप में समेट लिया था उन्होंने। वे चौदह पूर्वो के जानकार और चार ज्ञान के धारक थे।

ऐसे सुधर्मा स्वामी अपने पाँच सौ शिष्यों सहित एक के बाद दूसरे गाँव में विचरते हुए, सुखपूर्वक विहार करते हुए चम्पा नगरी में जहाँ पूर्णभद्र चैत्य था वहाँ आये। यथानियम आज्ञा अवग्रह प्राप्त कर वे उस चैत्य में ठहरे और आत्मा को संयम एवं तप में भावित करते, रमाते हुए रहने लगे।

ARYA SUDHARMA SWAMI

2. During that period of time the fifth chief-disciple of Shraman Bhagavan Mahavir, Arya Sudharma, was living. He belonged to a prominent family and caste. Besides being strong, handsome, and humble he was also endowed with right-knowledge, right-perception, and right-conduct. In spite of having all these rare virtues he was free of conceit and greed; in other words, he had the virtue termed as Laghav or extreme brevity of ego and desire for possessions. He was rich in qualities like power, aura, eloquence and the resultant fame He

had conquered anger, conceit, illusion, and greed and, at the same time, he had also won over the senses, sleep, and afflictions. The desire to live and the fear of death, both had no place in his mind.

Penance and virtues occupied most prominent place in his life. He had profound knowledge of the rules of ascetic conduct (Karan-sattari), and at the same time he also immaculately followed those rules (Charan-sattari). He was ideally endowed with virtues like Nigraha (self-control), Nishchaya (determination), Arjava (simplicity), Mardava (humility), Laghav (extreme brevity of ego and desire for possessions), Kshama (forgiveness), Gupti (discipline of attitude and behaviour), Mukti (freedom), Vidya (esoteric skills), Mantra, Brahmacharya (celibacy), Veda (scriptures), Naya (logic), Niyam (discipline), Satya (truth), Shauch (cleansing), Jnana (knowledge), Darshan (perception), and Charitra (conduct).

He was benevolent as well as strict adherent of right conduct. He was extremely resolute in observation of vows, penance, and celibacy. He had no attachment for his body. He had acquired the hyper-potent Tejoleshya (fire power). He had the complete knowledge of all the fourteen Purvas (sublime scriptures). And finally, he possessed all the four branches of knowledge.

Wandering from one village to another along with his five hundred disciples, Sudharma Swami arrived at the Purnabhadra Chaitya in the town of Champa After seeking formal permission he camped there and started his spiritual activities related to inner discipline and penance

सूत्र ३ : तए णं चंपाए नयरीए परिसा निग्गया। कोणिओ निग्गओ। धम्मो कहिओ। परिसा जामेव दिसं पाउब्भूआ, तामेव दिसिं पडिगया।

सूत्र ३ · इसके बाद चम्पा नगरी से निकलकर जनसमूह और राजा कुणिक भी पूर्णभद्र चैत्य मे आये। इस जनसमूह को सुधर्मा स्वामी ने धर्म का उपदेश दिया। उपदेश सुनने के बाद सभी अपने-अपने स्थान को लौट गए।

3. After that, throngs of people as also king Kunik came out of the town and went to the temple. Sudharma Swami gave a discourse and the masses returned home.

सूत्र ४ : तेणं कालेणं तेणं समए णं अज्जसुहम्मस्स अणगारस्स जेट्ठे अंतेवासी अज्जजंबूणामं अणगारे कासवगोत्तेणं सत्तुस्सेहे जाव....... अज्जसुहम्मस्स थेरस्स अदूरसामंते उड्ढं जाणू अहोसिरे झाण-कोट्ठोवगए संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरति।

सूत्र ४ : उस समय आर्य सुधर्मा अनगार के प्रधान शिष्य थे काश्यप गोत्र के आर्य जम्बू अनगार। वे सात हाथ ऊँचे और पूर्वोक्त (कनक समान गौरवर्ण वाले तपस्वी, ब्रह्मचर्य में लीन आदि) गुणों से संपन्न थे। वे आर्य सुधर्मा से न अधिक दूर न अधिक पास रहते थे। वे उचित स्थान पर, घुटना ऊपर और मस्तक नीचा किये ध्यान के उपयुक्त आसन में बैठ तप और संयम में सतत लीन रहते थे।

4. Arya Jambu of the Kashyap clan was the senior disciple of Sudharma Swami. He was seven feet tall and had all the virtues detailed above He always remained in proximity of Sudharma Swami, neither very far nor very near All the time he used to sit at a proper place in a proper posture suitable for meditation, with raised knee and bent head, absorbed in practices of discipline and penance

जम्बू स्वामी की जिज्ञासा

सूत्र ५ : तए णं से अज्जजंबूणामे अणगारे जायसड्ढे, जायसंसए, जायकोउहल्ले, संजातसड्ढे, संजातसंसए, संजातकोउहल्ले, उप्पन्नसड्ढे, उप्पन्नसंसए, उप्पन्नकोउहल्ले, समुप्पन्नसड्ढे, समुप्पन्नसंसए, समुप्पन्नकोउहल्ले उट्ठाए उट्ठेति। उट्ठाए उट्ठित्ता जेणामेव अज्जसुहम्मे थेरे तेणामेव उवागच्छति। उवागच्छित्ता अज्जसुहम्मे थेरे तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ। करेत्ता वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता अज्जसुहम्मस्स थेरस्स णच्चासन्ने नातिदूरे सुस्सूसमाणे णमंसमाणे अभिमुहं पंजलिउडे विणएणं पज्जुवासमाणे एवं वयासी–

जइ णं भंते ! समणेणं भगवया महावीरेणं, आइगरेणं, तित्थयरेणं, जाव सासय ठाणमुवगए णं, पंचमस्स अंगस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, छट्ठस्स ण भंते ! अंगस्स णायाधम्मकहाणं के अट्ठे पण्णत्ते ?

सूत्र ५ : आर्य जम्बू अनगार के मन में एक कुतूहल उत्पन्न हुआ जो क्रमश: गहरा होते-होते संशय में परिणत हो गया और फिर जिज्ञासा बन गया। वे उठ खड़े हुए और आर्य सुधर्मा स्थविर के निकट आये। आर्य सुधर्मा स्थविर की दक्षिण दिशा से आरम्भ कर

तीन बार प्रदक्षिणा कर उन्होंने वाणी से स्तुति और शरीर झुकाकर वन्दना की। फिर वे आर्य सुधर्मा स्थविर से न बहुत दूर न बहुत पास उचित स्थान पर उनके सम्मुख बैठ गये और उत्तर की अपेक्षा लिये दोनों हाथ जोड़ विनय एवं भक्तिपूर्वक बोले–

"हे भंते ! श्रमण भगवान महावीर ने, जो धर्म के आदि पुरुष तीर्थंकर थे, (शक्रेन्द्र स्तुति के समान गुण वर्णन) और सिद्ध गति रूप शाश्वत स्थान को प्राप्त हो चुके हैं, पाँचवें अंग का आपके कथनानुसार अर्थ बताया है तो छठे अंग, ज्ञाताधर्मकथा, का क्या अर्थ बताया है ?"

CURIOSITY OF JAMBU SWAMI

5. A curiosity sparked in the mind of ascetic Arya Jambu and it slowly grew into a doubt and then a query. He got up and approached Sudharma Swami He circum-ambulated Sudharma Swami three times clockwise, uttered a panegyric, and bowed before him. He sat down near Sudharma Swami and joining his palms humbly and respectfully put forth his question—

"Bhante! If according to you this is the text of the fifth Anga (Jain canon) as given by Shraman Bhagavan Mahavir, the Tirthankar and propagator of religion (as detailed in the panegyric by Shakrendra, the king of gods) who has attained the eternal abode of the Siddha-state, what is the text and meaning of the sixth Anga, Jnata Dharma Katha, as given by him?"

सुधर्मा स्वामी का समाधान

सूत्र ६ . जबु त्ति, तए ण अज्जसुहम्मे तेरे अज्जजंबूणामं अणगारं एवं वयासी–एवं खलु जबू ! समणेणं भगवया महावीरेणं जाव संपत्तेणं छट्ठस्स अंगस्स दो सुयक्खंधा पण्णत्ता, तं जहा–१. णायाणि य २. धम्मकहाओ य।

सूत्र ६ : आर्य सुधर्मा ने आर्य जम्बू को उत्तर दिया–"हे जम्बू ! उन श्रमण भगवान महावीर ने छठे अंग के दो श्रुतस्कन्धों का उपदेश दिया है। वे १. ज्ञात और २. धर्मकथा नाम से प्रसिद्ध हैं।"

REPLY BY SUDHARMA SWAMI

6. Sudharma Swami replied, "O Jambu! Shraman Bhagavan Mahavir has preached the sixth Anga in two parts that are popularly known as - 1 Jnata and 2. Dharma Katha."

सूत्र ७ : जइ णं भंते ! समणेणं भगवया महावीरेणं जाव संपत्तेणं छट्ठस्स अंगस्स दो सुयक्खंधा पण्णत्ता, तं जहा–णायाणि य धम्मकहाओ य, पढमस्स णं भंते! सुयक्खंधस्स समणेणं जाव संपत्तेणं णायाणं कइ अज्झयणा पण्णत्ता ?

सूत्र ७ . भंते ! उन भगवान महावीर ने छठे अंग के जो ज्ञात और धर्मकथा नामक दो श्रुतस्कन्ध कहे हैं उनमें से ज्ञात नामक प्रथम श्रुतस्कन्ध के कितने अध्ययन बताये हैं ?

7. Bhante! Of these two parts, how many chapters are there in the first part of the text known as Jnata?

सूत्र ८ . एवं खलु जंबू ! समणेणं जाव संपत्तेणं णायाणं एगूणवीसं-अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–

उक्खित्तणाए, संघाडे, अंडे कुम्मे य, सेलगे।
तुंबे य, रोहिणी, मल्ली, माइंदी, चंदिमाइ य॥१॥
दावद्दवे, उदगणाए, मंडुक्के, तेयली, वि य।
णंदिफले, अमरकंका, आइण्णे, सुसमाइ य॥२॥
अवरे य पुंडरीए, णामा एगूणवीसइमे।

सूत्र ८ : हे जम्बू ! उन श्रमण भगवान महावीर ने ज्ञात नामक श्रुतस्कन्ध के उन्नीस अध्ययनो का उपदेश दिया है। वे इस प्रकार हैं : १ उत्क्षिप्त ज्ञात, २ सघाट, ३ अडक, ४ कूर्म, ५ शैलक, ६ तुम्ब ७ रोहिणी, ८. मल्ली, ९. माकंदी, १०. चन्द्र, ११ दावद्रव वृक्ष, १२ उदक, १३ मडूक, १४ तेतलीपुत्र, १५ नन्दीफल, १६ अमरकका, १७. आकीर्ण, १८. सुषमा और १९. पुण्डरीक-कुण्डरीक।

8. Jambu! Shraman Bhagavan Mahavir has preached nineteen chapters of this Jnata section. They are— 1 Utkshipta Jnata, 2 Sanghata, 3 Andak, 4 Kurma, 5 Shailak, 6 Tumba, 7 Rohini, 8 Malli, 9 Makandi, 10 Chandra, 11 Davadrava Vriksha, 12 Udaka, 13 Mandook, 14 Tetaliputra, 15. Nandiphal, 16 Amarkanka, 17 Akirna, 18 Sushama, and 19 Pundarik-kundarik

सूत्र ९ : जइ णं भंते ! समणेणं जाव संपत्तेणं णायाण एगूणवीसं अज्झयणा पण्णत्ता, तं जहा–उक्खित्तणाए जाव पुंडरीए य, पढमस्स णं भंते ! अज्झयणस्स के अट्ठ पण्णत्ते ?

सूत्र ९ : भंते ! उन भगवान महावीर ने यह जो उत्क्षिप्त ज्ञात से पुण्डरीक पर्यन्त उन्नीस अध्ययनों का उपदेश दिया है उनमें से प्रथम अध्ययन का क्या अर्थ बताया है ?

9. Bhante! Out of these nineteen chapters what is the text and meaning of the first chapter as preached by Shraman Bhagavan Mahavir

कथारम्भ

सूत्र १० : एवं खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समए णं इहेव जंबुद्दीवे, भारहे वासे, दाहिणड्ढभरहे रायगिहे णामं नयरे होत्था, वण्णओ। गुणसीले चेइए वण्णओ।

तत्थ णं रायगिहे नयरे सेणिए णामं राया होत्था महया हिमवंत. वण्णओ। तस्स णं सेणियस्स रण्णो णंदा णामं देवी होत्था सुकुमालपाणिपाया वण्णओ।

सूत्र १० हे जम्बू ! समय के उस भाग में जम्बू द्वीप के भारतवर्ष के दक्षिण भरत नामक क्षेत्र मे राजगृह नामक नगर था। इस नगर के बाहर गुणशील नामक चैत्य था (इस नगर और चैत्य का वर्णन औपपातिक सूत्र में उपलब्ध है)।

राजगृह नगर मे श्रेणिक नाम का राजा राज्य करता था। ऐसा वर्णन है (औपपातिक सूत्र मे) कि वह राजा महाहिमवत पर्वत के समान गुण वाला था। श्रेणिक राजा की नन्दा नामक रानी थी जो सुकुमार अगों वाली थी।

THE STORY

10. Jambu! During that period of time there was a town named Rajagriha in the south Bharat area of Bharatvarsh in the Jambu continent Outside this town was a temple named Gunashil Chaitya. King Shrenik was the ruler of Rajagriha. It is said that the virtues he possessed were as lofty as the Himalayas. King Shrenik had a beautiful queen named Nanda. (as detailed in the Aupapatik Sutra)

सूत्र ११ . तस्स णं सेणियस्स पुत्ते णंदादेवीए अत्तए अभए णामं कुमारे होत्था; अहीण जाव साम-दंड-भेय-उवप्पयाण-णीति-सुप्पउत्तणय-विहण्णू, ईहा-वूह-मग्गण-गवेसण-अत्थ-सत्थमई, विसारए, उप्पत्तियाए, वेणइयाए, कम्मयाए, पारिणामियाए चउव्विहाए बुद्धीए उववेए, सेणियस्स रण्णो बहुसु कज्जेसु य, कुडुंबेसु य, मंतेसु य, गुज्झेसु य, रहस्सेसु य, णिच्छएसु य, आपुच्छणिज्जे, पडिपुच्छणिज्जे, मेढी, पमाणं, आहारे, आलंबणभूए, पमाणभूए, आहारभूए, चक्खुभूए, सव्वकज्जेसु य, सव्वभूमियासु

य-लद्धपच्चए, विइण्णवियारे, रज्जधुरचिंतए यावि होत्था सेणियस्स रण्णो रज्जं च, रट्ठं य, कोसं च, कोट्ठागारं च, बलं च, वाहणं च, पुरं च, अंतेउरं च, सयमेव समुपेक्खमाणे-समुपेक्खमाणे विहरइ।

सूत्र ११ : श्रेणिक राजा और नंदा रानी के अभयकुमार नाम का एक पुत्र था। अभयकुमार शरीर से परिपूर्ण, गुण सम्पन्न सुन्दर स्वरूप वाले थे। वह राजनीति, व्यवसायनीति तथा न्यायनीति में निष्णात थे और चतुरंग अर्थनीति के ज्ञाता थे। चारों बुद्धियों के धारक अभयकुमार विभिन्न कार्यों तथा विषयों मे राजा श्रेणिक के सलाहकार थे। पारिवारिक कार्यों में, मंत्रणा, रहस्यमय तथा गुप्त कार्यों में तथा कोई भी निर्णय करने में राजा श्रेणिक उनसे समय-समय पर सलाह लेते रहते थे। सबके लिये धुरी, आधार और सहारा बनने वाले अभयकुमार स्वय प्रमाण रूप थे, आधार रूप थे और पथ-प्रदर्शक थे। वे राजा श्रेणिक के राज्य, राष्ट्र, कोष, भडार, सेना, वाहन, नगर व महल तथा अन्त पुर, सभी की व्यवस्था देखते थे।

सूत्र ३६. तए णं तस्स सुयस्स परिव्वायगस्स इमीसे कहाए लद्धट्ठस्स समाणस्स अयमेयारूवे जाव समुप्पज्जित्था–एवं खलु सुदसणेणं सोयधम्मं विप्पजहाय विणयमूले धम्मे पडिवन्ने। तं सेयं खलु मम सुदंसणस्स दिट्ठिं वामेत्तए, पुणरवि सोयमूलए धम्मं आघवित्तए त्ति कट्टु एवं संपेहेइ, संपेहित्ता परिव्वायगसहस्सेण सद्धिं जेणेव सोगंधिया नयरी जेणेव परिव्वायगावसहे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता परिव्वायगावसहंसि भंडनिक्खेवं करेइ, करित्ता धाउरत्तवत्थपरिहिए पविरलपरिव्वायगेण सद्धिं संपरिवुडे परिव्वायगावसहाओ पडिणिक्खमइ, पडिणिक्खमित्ता सोगंधियाए नयरीए मज्झंमज्झेणं जेणेव सुदंसणस्स गिहे, जेणेव सुदंसणे तेणेव उवागच्छइ।

सूत्र ३६ शुक परिव्राजक को इस घटना की सूचना मिली तो उसके मन मे विचार उठा–''सुदर्शन ने शौचधर्म का त्यागकर विनयमूलधर्म स्वीकार कर लिया है। उसकी इस नई श्रद्धा से उसे मुक्त कर पुन शौच-मूलक धर्म का उपदेश देना मेरे लिए हितकर होगा।'' यह विचार आने पर वह अपने एक हजार शिष्यो के समूह सहित सौगन्धिका नगरी मे आकर मठ मे ठहरा। फिर गेरुए वस्त्र पहने और अपने कुछ शिष्यो सहित वह मठ से निकलकर सुदर्शन के घर गया।

RETURN OF SHUK

36. When Shuk Parivrajak came to know about this incident he thought, "Sudarshan has been converted from the cleansing based

religion to the discipline based religion. It would be good to preach and bring him back to my order" Thinking thus he came back to Saugandhika town and stayed in the Math Taking a few of his disciples dressed in ochre coloured garbs he came out of the Math and went to Sudarshan's house

सूत्र ३७. तए णं सुदसणे तं सुय एज्जमाणं पासइ, पासित्ता नो अब्भुट्ठेइ, नो पच्चुग्गच्छइ नो आढाइ, नो परियाणाइ, नो वंदइ, तुसिणीए संचिट्ठइ।

तए णं से सुए परिव्वायए सुदंसण अणब्भुट्ठियं पासित्ता एवं वयासी-"तुमं णं सुदसणा ! अन्नया ममं एज्जमाण पासित्ता अब्भुट्ठेसि जाव वंदसि, इयाणिं सुदंसणा ! तुमं मम एज्जमाणं पासित्ता जाव णो वदसि, तं कस्स णं तुमे सुदंसणा ! इमेयारूवे विणयमूलधम्मे पडिवन्ने ?"

सूत्र ३७. सुदर्शन ने शुक परिव्राजक को आते देखकर न तो खड़े होने का उपक्रम किया, न आगे बढ़ा, न आदर किया, न परिचित होने का प्रदर्शन और न ही वन्दना। वह मौन ही रहा।

इस पर शुक परिव्राजक ने कहा-"हे सुदर्शन ! पहले तो तुम मुझे आता देखकर खड़े होते थे और आगे बढ़कर आदर आदि करते थे। परन्तु आज तो तुमने वह सब व्यवहार नहीं किया। हे सुदर्शन ! बताओ तुमने किसके पास विनयमूल धर्म अगीकार किया है ?"

37. Even when he saw Shuk Parivrajak approaching, Sudarshan neither stood up, went forward, greeted, nor bowed to him; he did not even recognize Shuk He just remained silent

Disturbed by this neglect, Shuk Parivrajak said, "Sudarshan! In the past when I came, you would stand up and come forward to greet me But today you have not extended that courtesy Tell me, Sudarshan! who has initiated you into the discipline based religion?"

सूत्र ३८. तए णं से सुदसणे सुए ण परिव्वायए ण एवं वुत्ते समाणे आसणाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठित्ता करयल सुय परिव्वायगं एव वयासी-"एवं खलु देवाणुप्पिया ! अरहओ अरिट्ठनेमिस्स अंतेवासी थावच्चापुत्ते नामं अणगारे जाव इहमागए, इह चेव नीलासोए उज्जाणे विहरइ, तस्स ण अतिए विणयमूले धम्मे पडिवन्ने।"

सूत्र ३८ यह सुनकर सुदर्शन आसन से उठा और हाथ जोडकर शुक परिव्राजक से बोला-"देवानुप्रिय! अर्हत् अरिष्टनेमि के अन्तेवासी थावच्चापुत्र नाम के अनगार विहार

करते हुए यहाँ आये हैं और नीलाशोक नामक उद्यान मे ठहरे है। मैने उन्ही के पास विनयमूल धर्म स्वीकार किया है।''

38. Sudarshan got up from his seat and joining his palms replied, "Beloved of gods! An itinerant ascetic Thavacchaputra, a disciple of Arhat Arishtanemi, has come to the town and is staying at the Nilashok garden I have been initiated into the discipline based religion by him "

सूत्र ३९. तए ण से सुए परिव्वायए सुदसण एव वयासी-''तं गच्छामो णं सुदंसणा ! तव धम्मायरियस्स थावच्चापुत्तस्स अतिय पाउब्भवामो। इमाइं च ण एयारूवाइं अट्ठाइं हेऊइं पसिणाइं कारणाइं वागरणाइं पुच्छामो। त जइ ण मे से इमाइ अट्ठाइं जाव वागरइ, तए ण अह वदामि नमसामि। अह मे से इमाइ अट्ठाइ जाव नो वागरेइ, तए णं अहं एएहि चेव अट्ठेहिं हेऊहिं निप्पट्ठपसिणवागरण करिस्सामि।''

सूत्र ३९ शुक परिव्राजक ने कहा-''हे सुदर्शन ! चलो हम तुम्हारे धर्माचार्य थावच्चापुत्र के पास चले और उनसे अर्थ, हेतु, प्रश्न, कारण तथा व्याकरण-देशना का समाधान प्राप्त करे। यदि वे समाधान कर देगे तो मै उन्हे वदनादि करूँगा और यदि वे समाधान नही दे पाये तो मै इन्ही अर्थ आदि से उन्हे निरुत्तर कर दूँगा।''

39. Shuk Parivrajak said, "Sudarshan! come, let us go to your preceptor, Thavacchaputra and seek his explanations on some topics with reference to meaning, cause, question, reason and grammar If he is able to explain I shall become his follower and bow before him but if he fails to explain I shall strike him dumb by my arguments on the same parameters "

शुक-थावच्चापुत्र संवाद

सूत्र ४० तए ण से सुए परिव्वायगसहस्सेण सुदसणेण य सेट्ठिणा सद्धि जेणेव नीलासोए उज्जाणे, जेणेव थावच्चापुत्ते अणगारे तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता थावच्चापुत्तं एवं वयासी-''जत्ता ते भते ! जवणिज्ज ते ? अव्वाबाह पि ते ? फासुय विहार ते ?''

तए ण से थावच्चापुत्ते सुए ण परिव्वायगेणं एवं वुत्ते समाणे सुय परिव्वायगं एव वयासी-''सुया ! जत्ता वि मे, जवणिज्ज पि मे, अव्वाबाहं पि मे, फासुयविहारं पि मे।''

सूत्र ४० तत्पश्चात् शुक परिव्राजक अपने एक हजार शिष्यों के समूह तथा सुदर्शन सेठ के साथ थावच्चापुत्र के पास आया और उनसे कहा–"भन्ते ! यह आपकी यात्रा है, यापनीय है, अव्याबाध है, अथवा प्रासुक विहार हो रहा है ?

थावच्चापुत्र ने उत्तर दिया–"हे शुक ! मेरी यात्रा भी हो रही है, यापनीय भी है, अव्याबाध भी और प्रासुक विहार भी।"

DIALOGUE BETWEEN SHUK AND THAVACCHAPUTRA

40. After this, Shuk Parivrajak, along with his one thousand disciples and merchant Sudarshan, came to Thavacchaputra and said, "Bhante! You are in a state of movement (Yatra), ritual practices (Yapaniya), undisturbed suspension (Avyabadh), or rootless roving (Prasuk Vihar) ?"

Thavacchaputra replied, "Shuk! I am in all these four states at the same time "

सूत्र ४१. तए ण से सुए थावच्चापुत्त एवं वयासी–"किं भते ! जत्ता ?"

"सुया ! ज ण मम णाण-दंसण-चरित्त-तव-सजममाइएहिं जोएहि जयणा से तं जत्ता।"

"से कि त भते ! जवणिज्जे ?"

"सुया ! जवणिज्जे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–इंदियजवणिज्जे य नोइंदियजवणिज्जे य।"

"से कि त इंदियजवणिज्जे ?"

"सुया ! जं ण मम सोइंदिय-चक्खिदिय-घाणिदिय-जिब्भिंदिय-फासिंदियाइं निरुवहयाइ वसे वट्टंति, से त इंदियजवणिज्जं।"

"से किं त नोइंदियजवणिज्जे ?"

"सुया ! जन्न कोह-माण-माया-लोभा खीणा, उवसता, नो उदयति, से तं नोइंदियजवणिज्जे।"

सूत्र ४१ शुक–"भते ! आपकी यात्रा क्या है ?"

थावच्चापुत्र–"हे शुक ! ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और संयम आदि से सभी प्रवृत्तियों मे यतना का पालन करना हमारी यात्रा है।"

शुक–"भंते ! यापनीय क्या है ?"

थावच्चापुत्र–"शुक ! यापनीय दो प्रकार का है–इन्द्रिय-यापनीय तथा नोइन्द्रिय-यापनीय।"

शुक–"इन्द्रिय-यापनीय क्या है ?"

थावच्चापुत्र–"शुक ! श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय और स्पर्शनेन्द्रिय मेरे वश मे हैं, कोई उपद्रव नही करती। यह इन्द्रिय-यापनीय है।"

शुक–"नोइन्द्रिय-यापनीय क्या है ?"

थावच्चापुत्र–"हे शुक ! नोइन्द्रिय मन का विषय है अत यह जो हमारे क्रोध, मान, माया, लोभ रूपी कषाय क्षीण हो गये हैं, उपशांत हो गये हैं और उदय मे नहीं आ रहे, वही हमारा नोइन्द्रिय-यापनीय है।"

41. Shuk, "Bhante! How do you define your state of movement?"

Thavacchaputra, "Shuk! Indulgence in activities like knowledge, conduct, penance, and discipline with due care is the state of movement for us "

Shuk, "What about the state of ritual practices?"

Thavacchaputra, "Shuk! There are two types of the state of ritual practices, one is related to the senses and the other to the para-senses "

Shuk, "Explain the one related to the senses "

Thavacchaputra, "Shuk! All my five senses, namely ears, eyes, nose, tongue, and skin are under my complete control, they do not cause any disturbance to me For us this is the state of ritual practices related to the senses "

Shuk, "The one related to the para-senses?"

Thavacchaputra, "Shuk! the para-senses are the subjects of mind As such, for us the state in which our passions, namely anger, conceit, illusion, and greed; are subdued and not precipitating is the state of ritual practices related to the para-senses

सूत्र ४२. "से कि त भंते ! अव्वाबाह ?"

"सुया ! जन्न मम वाइय-पित्तिय-सिंभिय-सन्निवाइया विविहा रोगायका णो उदीरेंति, से त अव्वाबाहं।"

"से किं तं भंते ! फासुयविहारं ?"

"सुया ! जन्नं आरामेसु उज्जाणेसु देवउलेसु सभासु पवासु इत्थि-पसु पडगवियज्जियासु वसहीसु पाडिहारियं पीढ-फलग-सेज्जा-संथारयं उगिण्हित्ता प विहरामि, से तं फासुयविहारं।"

सूत्र ४२ शुक ने कहा-"भते ! अव्याबाध क्या है ?"

थावच्चापुत्र-हे शुक ! वात, पित्त, कफ, सन्निपात आदि जनित विविध प्रकार के रोग और आतक उदय मे न आवे, यही हमारा अव्याबाध है।"

शुक-"भते ! प्रासुक विहार क्या है ?"

थावच्चापुत्र-"शुक ! आराम, उद्यान, देवकुल, सभा, प्याऊ, स्त्री-पुरुष-नपुसकविहीन उपाश्रय आदि मे हम जो वापस लौटा देने के लिये पीठ, फलक, शय्या, संस्तारक आदि वस्तुएँ ग्रहण करके विहार करते हैं वही हमारा प्रासुक विहार है।"

42. Shuk asked, "Bhante! How do you define the state of undisturbed suspension?"

Thavacchaputra, "Shuk! To remain unaffected by ailments and fears caused by the three humours (wind, bile, and phlegm) and their morbid state is for us the state of undisturbed suspension."

Shuk asked, "Bhante! How do you define the state of rootless roving?"

Thavacchaputra, "Shuk! In places like house, garden, temple, hall, water-hut, and other uninhabited places meant for itinerant ascetics, our temporary stay using returnable facilities like divan, seat, bed, and cot is for us the state of rootless roving."

सूत्र ४३ "सरिसवया ते भंते ! भक्खेया अभक्खेया ?"

"सुया ! सरिसवया भक्खेया वि अभक्खेया वि।"

से केणट्ठेण भते ! एवं वुच्चइ सरिसवया भक्खेया वि अभक्खेया वि ?

सुया ! सरिसवया दुविहा पण्णत्ता, त जहा-मित्तसरिसवया धन्नसरिसवया य। तत्थ ण जे ते मित्तसरिसवया ते तिविहा पण्णत्ता, त जहा-सहजायया, सहवड्ढियया सहपंसुकीलियया। ते णं समणाणं निग्गथाणं अभक्खेया।

तत्थ ण जे ते धन्नसरिसवया ते दुविहा पन्नत्ता, तं जहा-सत्थपरिणया य असत्थपरिणया य। तत्थ ण जे ते असत्थपरिणया तं समणाणं निग्गंथाणं अभक्खेया।

तत्थ णं जे ते सत्थपरिणया ते दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–फासुगा य अफासुगा य। अफासुगा णं सुया ! नो भक्खेया।

तत्थ णं जे ते फासुया ते दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–जाइया य अजाइया य। तत्थ णं जे ते अजाइया ते अभक्खेया। तत्थ णं जे ते जाइया ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–एसणिज्जा य अणेसणिज्जा य। तत्थ णं जे ते अणेसणिज्जा ते णं अभक्खेया।

तत्थ णं जे ते एसणिज्जा ते दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–लद्धा य अलद्धा य। तत्थ णं जे ते अलद्धा ते अभक्खेया। तत्थ णं जे ते लद्धा ते निग्गंथाणं भक्खेया।

एएणं अट्ठेण सुया ! एवं वुच्चइ सरिसवया भक्खेया वि अभक्खेया वि।

सूत्र ४३. शुक–"भंते ! सरिसवया भक्ष्य है अथवा अभक्ष्य ?"

थावच्चापुत्र–"शुक ! सरिसवया भक्ष्य भी है और अभक्ष्य भी।"

शुक–"यह कैसे, भंते ?"

थावच्चापुत्र–"शुक ! सरिसवया दो प्रकार के कहे गए हैं–मित्र-सरिसवया (समान आयु वाले) और धान्य-सरिसवया (सर्षप अर्थात् सरसों)। इनमें से मित्र-सरिसवया तीन प्रकार के हैं–साथ जन्मे हुए, साथ बड़े हुए और साथ-साथ खेले हुए। ये तीनो प्रकार के मित्र सरिसवया श्रमणों के लिये अभक्ष्य है अर्थात् त्याज्य हैं। धान्य-सरिसवया दो प्रकार के है–शस्त्र परिणत और अशस्त्र परिणत। इनमे जो अशस्त्र परिणत है अर्थात् जो सचित्त हैं वे श्रमणों के लिये अभक्ष्य हैं। जो शस्त्र परिणत हैं वे भी दो प्रकार है–प्रासुक तथा अप्रासुक। अप्रासुक अथवा सचित्त अभक्ष्य हैं। जो प्रासुक हैं वे दो प्रकार के है–याचित और अयाचित। अयाचित अभक्ष्य हैं। जो याचित है वे भी दो प्रकार के हैं–एषणीय और अनेषणीय। अनेषणीय अर्थात् जो गवेषणा करके ग्रहण करने योग्य नही हो वे अभक्ष्य है। जो एषणीय हैं वे भी दो प्रकार के हैं लब्ध और अलब्ध। अलब्ध (अप्राप्त) अभक्ष्य है। जो लब्ध (प्राप्त) है केवल वही श्रमणो के लिये भक्ष्य हैं।

"हे शुक ! मैने इसीलिये कहा है कि सरिसवया भक्ष्य भी है और अभक्ष्य भी।

43. Shuk, "Bhante! Is Sarisavaya (this term has two meanings that are explained in the reply) acceptable or not?"

Thavacchaputra, "Shuk! Sarisavaya is acceptable as well as unacceptable."

Shuk, "How so, Bhante!"

Thavacchaputra, "Shuk! There are two types of Sarısavaya—friend-Sarısavaya (here this term means 'of same age') and grain-Sarısavaya (here this term means mustard).

"The first or friend Sarısavaya are of three types—born together, grown together, and played together For the Shramans all these three types of friend Sarısavaya are not acceptable

"The second or the grain Sarısavaya are of two types—harvested and non-harvested For the Shramans the non-harvested or the living are not acceptable. The harvested are of two types—contaminated or non-contaminated. The contaminated are unacceptable The non-contaminated are again of two types—solicited and unsolicited. The unsolicited are unacceptable The solicited are of two types—tested and found suitable and unsuitable The unsuitable are unacceptable The suitable again are of two types—readily available and unavailable The unavailable including that which is specifically made available for the Shraman is not acceptable For a Shraman only the available one is acceptable

"Shuk! that is why I said that Sarısavaya is acceptable as well as unacceptable

सूत्र ४४ एव कुलत्था वि भाणियव्वा। नवरि इमं नाणत्त–इत्थिकुलत्था य धन्नकुलत्था य। इत्थिकुलत्था तिविहा पन्नत्ता, तं जहा–कुलवधुया य, कुलमाउया य, कुलधूया य। धन्नकुलत्था तहेव।

एव मासा वि। नवरि इम नाणत्त–मासा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–कालमासा य, अत्थमासा य, धन्नमासा य। तत्थ णं जे ते कालमासा ते ण दुवालसविहा पण्णत्ता, तं जहा–सावणे जाव आसाढे, ते णं अभक्खेया। अत्थमासा दुविहा पन्नत्ता, तं जहा–हिरन्नमासा य सुवण्णमासा य। ते ण अभक्खेया। धन्नमासा तहेव।

सूत्र ४४ "उपरोक्त विवेचन कुलत्था के सम्बन्ध मे भी लागू होता है। कुलत्था के दो भेद हैं–स्त्री-कुलत्था तथा धान्य-कुलत्था। स्त्री-कुलत्था तीन प्रकार की हैं–कुलवधू, कुलमाता और कुलपुत्री। ये तीनो श्रमण के लिए अभक्ष्य हैं। धान्य-कुलत्था के विषय में वही नियम है जो सरिसवया के लिये बताया है।

"ऐसा ही विवेचन मास का है। मास तीन प्रकार के होते हैं–कालमास, अर्थमास और धान्यमास। कालमास (महीना) बारह है–श्रावण से आषाढ़ तक वर्ष के बारह मास। ये सब

अभक्ष्य हैं। अर्थमास (माशा—तोल का माप) दो प्रकार के हैं—चाँदी का और सोने का। दोनों अभक्ष्य हैं। धान्यमास (उड़द) के विषय में वही नियम है जो सरिसवया के लिये बताया है।"

44. "The same rule is applicable to the term Kulattha which is of two types—**woman-Kulattha** (a female of the family) and grain Kulattha (**a type of** bean) The first are of three types—wife, mother and daughter All these are not acceptable for a Shraman To the second the aforesaid rule meant for Sarisavaya is applicable

"Same is true for the term Mas which is of three types—time-Mas wealth-Mas, and grain-Mas There are twelve time-Mas (month) All these are unacceptable for a Shraman, in other words he is not guided in his spiritual pursuit by any social or other norms pertaining to any specific month There are two wealth-Mas (a small measure of weight)—for silver and for gold These both are unacceptable To the grain-Mas the aforesaid rule meant for Sarisavaya is applicable "

सूत्र ४५. "एगे भवं ? दुवे भवं ? अणेगे भवं ? अक्खए भवं ? अव्वए भवं ? अवट्ठिए भवं ? अणेगभूयभावभविए वि भवं ?"

"सुया ! एगे वि अहं, दुवे वि अहं, जाव अणेगभूयभावभविए वि अहं।"

"से केणट्ठेण भंते ! एगे वि अहं जाव अणेगभूयभावभविए वि अहं ?"

"सुया ! दव्वट्ठयाए एगे अहं, नाणदंसणट्ठयाए दुवे वि अहं, पएसट्ठयाए अक्खए वि अहं, अव्वए वि अहं, अवट्ठिए वि अहं, उवओगट्ठयाए अणेगभूयभावभविए वि अहं।"

सूत्र ४५ शुक परिव्राजक—"आप एक हैं, दो है, अनेक हैं, अक्षय हैं, अव्यय है, अवस्थित हैं, अथवा भूत-भाव-भावी (अनित्य) है ?"

थावच्चापुत्र—"शुक ! मै यह सभी हूँ।"

शुक—"वह कैसे भंते ?"

थावच्चापुत्र—"हे शुक ! मै द्रव्य की अपेक्षा से एक हूँ। ज्ञान और दर्शन की अपेक्षा से मै दो हूँ। आत्म-प्रदेशो की अपेक्षा से मै अक्षय भी हूँ, अव्यय भी और अवस्थित भी। और उपयोग अथवा प्रवृत्ति की अपेक्षा से भूत-भाव-भावी अर्थात् अनित्य भी हूँ।"

45. Shuk Parıvrajak, "You are one, two, many, imperishable, immutable, permanent, or transitory (having past, present, and future) ?"

Thavacchaputra, "Shuk! I am all these "

Shuk, "How so, Bhante!"

Thavacchaputra, "Shuk! In context of fundamentals I am one (soul). In context of knowledge and perception I am two. In context of soul-segments I am many as well as imperishable, immutable and permanent And in context of attitude or indulgence I am transitory (having past, present, and future) also "

शुक की प्रव्रज्या

सूत्र ४६. एत्थ ण से सुए संबुद्धे थावच्चापुत्तं वदइ, नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-"इच्छामि णं भंते ! तुब्भे अंतिए केवलिपन्नत्तं धम्म निसामित्तए। धम्मकहा भाणियव्वा।"

तए ण सुए परिव्वायए थावच्चापुत्तस्स अंतिए धम्मं सोच्चा णिसम्म एवं वयासी-"इच्छामि णं भते ! परिव्वायगसहस्सेणं सद्धिं संपरिवुडे देवाणुप्पियाणं अतिए मुंडे भवित्ता पव्वइत्तए।"

"अहासुह देवाणुप्पिया !" जाव उत्तरपुरच्छिमे दिसीभागे तिदडयं जाव धाउरत्ताओ एगते एडेइ, एडित्ता सयमेव सिहं उप्पाडेइ, उपाडित्ता जेणेव थावच्चापुत्ते अणगारे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता थावच्चापुत्तं अणगारं वंदइ नमसइ, वंदित्ता नमंसित्ता थावच्चापुत्तस्स अणगारस्स अन्तिए मुडे भवित्ता जाव पव्वइए। सामाइयमाइयाइं चोद्दसपुव्वाइं अहिज्जइ। तए णं थावच्चापुत्ते सयस्स अणगारसहस्सं सीसत्ताए वियरइ।

सूत्र ४६. थावच्चापुत्र के इन उत्तरो से शुक परिव्राजक को प्रतिबोध प्राप्त हुआ। उसने उन्हे यथाविधि वन्दना की और कहा-"भंते ! मै आपसे केवली प्ररूपित धर्म सुनना चाहता हूँ।" थावच्चापुत्र ने धर्मकथा कही (औपपातिक सूत्र के अनुसार)।

धर्मकथा सुन-समझकर शुक ने कहा-"भते ! मैं एक हजार परिव्राजकों सहित आपके पास दीक्षा लेना चाहता हूँ।"

थावच्चापुत्र ने कहा-"देवानुप्रिय ! जिसमे तुम्हें सुख मिले वह करो।" शुक परिव्राजक तब उत्तर पूर्व दिशा में गये, अपने वस्त्र-उपकरण त्याग दिये और अपनी शिखा उखाड़ दी।

मुंडित हो थावच्चापुत्र के पास जा वह दीक्षित हो गये। सामायिक से चौदह पूर्व तक पूरी वाचना का अध्ययन किया। इसके बाद थावच्चापुत्र ने उसके साथ दीक्षित हुए एक हजार श्रमणों को शिष्य रूप मे उसे प्रदान किया।

INITIATION OF SHUK

46. Shuk Parivrajak was enlightened by these explanations provided by Thavacchaputra He formally bowed and said, "Bhante! I want to listen to the tenets propagated by the omniscient " Thavacchaputra gave a religious discourse for his benefit (Aupapatik Sutra) Listening to and absorbing the tenets Shuk said, "Bhante! Along with my one thousand Parivrajak disciples I want to take Diksha from you "

Thavacchaputra replied, "Beloved of gods! Do as you please " Now Shuk Parivrajak proceeded in the north-east direction, got rid of all his belongings including his garb, and pulled out the lock of hair on the crown of his head Bald-headed he came to Thavacchaputra and got initiated Beginning from Samayik he studied the complete canonical text including the fourteen sublime canons After this Thavacchaputra promoted him to be the leader of one thousand Shramans who had been initiated along with him

सूत्र ४७. तए ण थावच्चापुत्ते सोगधियाओ नयरीओ नीलासोयाओ पडिनिक्खमइ पडिनिक्खमित्ता बहिया जणवयविहार विहरइ। तए ण से थावच्चापुत्ते अणगारसहस्सेण सद्धि सपरिवुडे जेणेव पुंडरीए पव्वए तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता पुडरीय पव्वय सणिय सणियं दुरूहइ। दुरूहित्ता मेघघणसन्निगास देवसन्निवाय पुढविसिलापट्टय जाव पाओवगमण समणुवन्ने।

तए ण से थावच्चापुत्ते बहूणि वासाणि सामन्नपरियागं पाउणित्ता मासियाए सलेहणाए सट्ठि भत्ताइं अणसणाए छेदित्ता जाव केवलवरनाणदसण समुप्पाडेत्ता तओ पच्छा सिद्धे बुद्धे मुत्ते अतगडे परिणिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

सूत्र ४७ तब थावच्चापुत्र अनगार सौगधिक नगर से निकल विभिन्न जनपदो मे विचरण करने लगे। अत मे वे एक हजार साधुओ सहित पुण्डरीक (शत्रुजय) पर्वत के पास आये और धीरे-धीरे उस पर्वत पर चढ़े। वहाँ उन्होने मेघ सम काली शिला का प्रतिलेखन कर यथाविधि पादोपगमन अनशन ग्रहण किया। अनेक वर्षो का साधु जीवन व्यतीत कर

अंत में एक माह की संलेखना करके साठ भक्त अनशन कर केवलज्ञान और केवलदर्शन प्राप्त कर वे सिद्ध हुए।

47. Now Thavacchaputra left Saugandhika town and resumed his itinerant life. At last he and one thousand of his disciples arrived at the foot of the Shatrunjaya hills. They slowly climbed to the summit. There they searched a large rock black as clouds After properly cleaning this rock they sat on it and took the ultimate vow of meditation and fast till death following the prescribed procedure After a month long fast they attained Keval Jnana and Keval Darshan and got liberated terminating a long ascetic life

राजा शैलक का वैराग्य

सूत्र ४८. तए ण सुए अन्नया कयाइं जेणेव सेलगपुरे नयरे, जेणेव सुभूमिभागे उज्जाणे तेणेव समोसरिए। परिसा निग्गया, सेलओ निग्गच्छइ। धम्मं सोच्चा जं णवरं–"देवाणुप्पिया ! पथगपामोक्खाइं पंच मंतिसयाइं आपुच्छामि, मंडुयं च कुमारं रज्जे ठावेमि, तओ पच्छा देवाणुप्पियाण अंतिए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वयामि।"

"अहासुहं देवाणुप्पिया !"

सूत्र ४८. शुक अनगार एक बार शैलकपुर नगर के सुभूमिभाग उद्यान में पधारे। वहा परिषद निकली और राज शैलक भी आये। धर्मोपदेश सुनकर उन्होंने कहा–"हे देवानुप्रिय ! मै पथक आदि पाँच सौ मत्रियो से पूछ लूँ, और मडुक कुमार को राज्य दे दूँ फिर गृह त्यागकर आपके पास दीक्षा लूँगा।"

शुक अनगार ने कहा–"जिसमे तुम्हे सुख मिले वही करो।"

KING SHAILAK GETS DETACHED

48. Ascetic Shuk once arrived at the Subhumibhag garden in Shailakpur King Shailak and a delegation of the townsfolk came for his discourse After the discourse the king said, "Beloved of gods! I would like to renounce the world and take Diksha from you, but first I shall go and seek opinion of my ministers including Panthak I would also like to handover the kingdom to prince Manduk Kumar"

Ascetic Shuk replied, "Do as you please"

सूत्र ४९. तए णं से सेलए राया सेलगपुरं नयरं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव सए गिहे, जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीहासणंसि सन्निसन्ने।

तए णं से सेलए राया पथयपामोक्खे पंच मंतिसए सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी-"एवं खलु देवाणुप्पिया ! मए सुयस्स अंतिए धम्मे निसंते, से वि य धम्मे मए इच्छिए पडिच्छिए अभिरुइए। अहं ण देवाणुप्पिया ! संसारभयउव्विग्गे जाव पव्वयामि। तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! किं करेह ? किं वसेह ? कि वा ते हियइच्छिए त्ति ?"

तए णं त पथयपामोक्खा सेलग राय एव वयासी-"जइ ण तुब्भे देवाणुप्पिया ! संसारभयउव्विग्गे जाव पव्वयह, अम्हाणं देवाणुप्पिया ! किमन्ने आहारे वा आलंबे वा ? अम्हे वि य णं देवाणुप्पिया ! ससारभयउव्विग्गा जाव पव्वयामो, जहा देवाणुप्पिया ! अम्हं बहुसु कज्जेसु य कारणेसु य जाव तहा ण पव्वइयाण वि समाणाण बहूसु जाव चक्खुभूए।

सूत्र ४९ शैलक राजा अपने नगर मे प्रवेश कर अपने महल की राजसभा मे गया और सिहासन पर बैठा। उसने पथक आदि पॉच सौ मत्रियो को बुलाया और कहा-"हे देवानुप्रियो ! मैने शुक अनगार से धर्म सुना है, वह मुझे रुचा है और मैने उसकी इच्छा की है। अत हे देवानुप्रियो ! मै ससार के भय से उद्विग्न आदि होकर (पूर्व सम) दीक्षा ले रहा हूँ। तुम क्या करोगे ? कहाँ रहोगे ? तुम्हारी हार्दिक इच्छा क्या है ?"

पंथक आदि मत्रियो ने कहा-"हे देवानुप्रिय ! जब आप प्रव्रजित होना चाहते है तो हमारा अन्य कौन-सा आधार है, कौन आलबन है ? अत हम भी दीक्षा अगीकार करेंगे। हे देवानुप्रिय ! जैसे आप गृहस्थावस्था मे हमारे समस्त कार्यो और कारणो मे मार्गदर्शक हैं-वैसे ही दीक्षित अवस्था मे भी मार्गदर्शक रहेगे।

49. King Shailak entered his town, went into his palace and sat on his throne in the assembly hall He called his five hundred ministers including Panthak and said, "Beloved of gods! I have listened to the discourse of ascetic Shuk, I have liked it and I wish to embrace his religion As such, Beloved of gods! being disturbed by the sorrows of the world (etc, as mentioned earlier) I shall get initiated into his order What shall you do? Where shall you live? What is your true desire?"

Panthak and the ministers replied, "Beloved of gods! Once you renounce the world and become an ascetic we will be without a support

and protection As such, we shall also take Diksha. Beloved of gods! As you have been our guide in all our worldly activities so you shall be in our ascetic activities "

सूत्र ५०. तए णं से सेलगे पंथगपामोक्खे पंच मंतिसए एवं वयासी–"जइ णं देवाणुप्पिया ! तुब्भे संसारभयउव्विगा जाव पव्वयह, तं गच्छह णं देवाणुप्पिया ! सएस सएसु कुडुबेसु जेट्ठे पुत्ते कुडुबमज्झे ठावेत्ता पुरिस-सहस्सवाहिणीओ सीयाओ दुरूढा समाणा मम अंतियं पाउब्भवह" त्ति। तहेव पाउब्भवंति।

सूत्र ५० शैलक राजा ने उनसे कहा–"हे देवानुप्रियो ! यदि तुम भी दीक्षा लेना चाहते हो तो जाओ और अपने-अपने कुटुम्बो में अपने-अपने ज्येष्ठ पुत्रों को कुटुम्ब का उत्तरदायित्व सौपो और पुरिससहस्स वाहनो पर बैठकर मेरे पास लौटो।" सब मंत्री अपने-अपने घर गये और राजाज्ञा का पालन कर लौट आए।"

50. King Shailak said, "Beloved of gods! If you want to take Diksha go and bid good bye to your families after handing over the responsibilities of your families to your eldest sons After this, return here sitting in the Purisasahassa palanquins." All the ministers went away and complying the king's order returned back

सूत्र ५१. तए ण से सेलए राया पंच मंतिसयाइं पाउब्भवमाणाइं पासइ, पासित्ता हट्ठतुट्ठे कोडुबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी–"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! मंडुयस्स कुमारस्स महत्थ जाव रायाभिसेयं उवट्ठवेह।" अभिसिंचइ जाव राया जाए, जाव विहरइ।

सूत्र ५१ राजा ने प्रसन्न होकर अपने सेवकों को बुलाया और कहा–"देवानुप्रियो ! जल्दी से मडुक-कुमार के वैभवपूर्ण राज्याभिषेक की तैयारी करो।" सेवकों ने आज्ञा का पालन किया। शैलक राजा ने कुमार का राज्याभिषेक किया और मंडुक राजा सुखपूर्वक रहने लगा।

51. The king, with all enthusiasm, called his attendants and said, "Beloved of gods! Immediately make all arrangements for a grand coronation of prince Manduk" The attendants did as told. King Shailak crowned the prince and left him to enjoy the power and pleasures of the new life

शैलक की दीक्षा

सूत्र ५२ तए ण से सेलए मंडुयं रायं आपुच्छइ। तए णं से मंडुए राया

कोडुबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी-"खिप्पामेव सेलगपुरं नयरं आसित्त जाव गंधवट्टिभूयं करेह य कारवेह य, करित्ता कारवित्ता एयमाणत्तिय पच्चप्पिणह।"

तए णं से मंडुए दोच्चं पि कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी-"खिप्पामेव सेलगस्स रण्णो महत्थ जाव निक्खमणाभिसेयं जहेव मेहस्स तहेव, णवरं पउमावई देवी अग्गकेसे पडिच्छइ। सव्वे वि पडिग्गहं गहाय सीय दुरूहंति, अवसेसं तहेव, जाव सामाइयमाइयाइं एक्कारस अगाइं अहिज्जइ, अहिज्जित्ता बहूहिं चउत्थ जाव छट्ठट्ठम-दसम-दुवालसेहिं मासद्धमासखमणेहिं अप्पाण भावेमाणे विहरइ।"

सूत्र ५२ तब शैलक ने मंडुक राजा से दीक्षा लेने की आज्ञा माँगी। मडुक राजा ने सेवको को बुलाकर कहा-"जल्दी से शैलकपुर नगर की सफाई करवाकर रमणीय बना दो (पूर्व सम) और कार्यपूर्ति की सूचना दो।"

यह काम हो जाने पर राजा ने पुन सेवको को बुलाया और कहा-"जल्दी से शैलक महाराज के वैभवपूर्ण दीक्षाभिषेक की तैयारी करो।" दीक्षोत्सव का समस्त विवरण वैसा ही है जैसा मेघकुमार की दीक्षा मे हुआ था। विशेष घटना यह है कि शैलक के अग्रकेश पद्मावती देवी ने ग्रहण किये। दीक्षा के पश्चात् शैलक अनगार ने अध्ययन किया और फिर बहुविध तपस्या करते हुए विहार करने लगे।

DIKSHA OF SHAILAK

52. Now Shailak sought permission for Diksha from king Manduk King Manduk called his staff and said, "Go and make immediate arrangements for the cleaning (etc) of Shailakpur town and report back."

When this work was done the king once again called his staff and said, "Make all necessary arrangements for a grand initiation ceremony for Maharaj Shailak" The detailed description of this ceremony is same as that mentioned in the story of Megh Kumar The only difference is that the pulled locks of hair were collected by Padmavati Devi After being initiated Shailak Anagar completed his studies and commenced his itinerant life doing a variety of penances

सूत्र ५३. तए ण से सुए सेलयस्स अणगारस्स ताइ पथयपामोक्खाइ पच अणगारसयाइं सीसत्ताए वियरइ।

तए ण से सुए अन्नया कयाइं सेलगपुराओ नगराओ सुभूमिभागाओ उज्जाणाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता बहिया जणवयविहारं विहरइ।

तए णं से सुए अणगारे अन्नया कयाइं तेणं अणगारसहस्सेण सद्धिं संपरिवुडे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं विहरमाणे जेणेव पुंडरीए पव्वए जाव।

मासियाए सलेहणाए अत्ताणं झूसित्ता, सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदित्ता जाव केवलवरनाणदंसणं समुप्पाडेत्ता तओ पच्छा सिद्धे।

सूत्र ५३ शुक अनगार ने शैलक अनगार को पंथक आदि पाँच सौ श्रमण शिष्य रूप में प्रदान किये। शैलक मुनि शैलक नगर में निकलकर विभिन्न जनपदो मे विहार करने लगे।

शुक अनगार अपनी एक हजार श्रमणों की शिष्य संपदा सहित एक गाँव से दूसरे गाँव मे विहार करते अंत मे पुंडरीक पर्वत पर पधारे और एक मास की संलेखना लेकर केवलज्ञान प्राप्त करके अन्त मे सिद्ध पद को प्राप्त हुए (वर्णन पूर्व सम)।

53. Ascetic Shuk awarded the leadership of five hundred ascetics including Panthak to ascetic Shailak who left Shailak town and started moving from one populated area to another

At the end of his itinerant life Ascetic Shuk and one thousand of his disciples went to Shatrunjaya hills and attained liberation after taking the ultimate vow (details as mentioned earlier)

शैलक मुनि की रुग्णता

सूत्र ५४. तए ण तस्स सेलगस्स रायरिसिस्स तेहि अतेहि य, पतेहि य, तुच्छेहि य, लूहेहि य अरसेहि य, विरसेहि य, सीएहि य, उण्हेहि य, कालाइक्कंतेहि य, पमाणाइक्कतेहि य णिच्च पाणभोयणेहि य पयइसुकुमालस्स सुहोचियस्स सरीगंसि वेयणा पाउब्भूया उज्जला जाव दुरहियासा, कंडुयदाहपित्तज्जर-परिगयसरीरे यावि विहरइ। तए ण से सेलए तेण रोगायंकेणं सुक्के जाए यावि होत्था।

सूत्र ५४ उधर शैलक श्रमण को सदा अन्त, प्रान्त, तुच्छ, रूक्ष, अरस, विरस, ठडा-गरम, असमय और अल्पाधिक आहार मिलने के कारण शरीर मे व्याधि हो गई। उसकी वेदना उत्कट और दुस्सह थी। उनको पित्त ज्वर हो आया जिससे शरीर मे खुजली और दाद हो जाते है। शैलक श्रमण बीमारी से सूख गये।

AILING SHAILAK

54. In the mean time Ascetic Shailak became sick due to getting terminal, left over, low value, dry, insipid, unpalatable, too hot, too cold, untimely, too little or too much food. The pain he suffered was

acute and intolerable He suffered from bile fever that causes eczema and itching in the whole body Ascetic Shailak became anaemic due to this disease.

सूत्र ५५. तए णं से सेलए अन्नया कयाइं पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे जाव जेणेव सुभूमिभागे उज्जाणे तेणेव विहरइ। परिसा निग्गया, मंडुओ वि निग्गओ, सेलयं अणगारं वंदइ, नमंसइ, वदित्ता नमंसित्ता पज्जुवासइ।

तए णं से मंडुए राया सेलयस्स अणगारस्स सरीरय सुक्कं भुक्कं जाव सव्वाबाहं सरोगं पासइ, पासित्ता एवं वयासी-"अहं णं भंते ! तुब्भ अहापवित्तेहिं तिगिच्छएहिं अहापवित्तेणं ओसहभेसज्जेण भत्तपाणेणं तिगिच्छं आउट्टामि, तुब्भे णं भते ! मम जाणसालासु समोसरह, फासुअं एसणिज्ज पीढ-फलग-सेज्जा-संथारगं ओगिण्हित्ताणं विहरइ।"

सूत्र ५५ शैलक मुनि विहार करते हुए शैलकपुर के सुभूमिभाग उद्यान में आकर ठहरे। परिषद निकली, मडुक राजा भी आये। सभी ने शैलक अनगार को यथाविधि वन्दना की और उपासना करने लगे। मडुक राजा ने शैलक मुनि का निस्तेज, सूखा और रोग से जर्जर शरीर देखा तो बोले-"भते ! मै आपकी ऐसे चिकित्सक, औषध, भेषज और भोजन-पान द्वारा चिकित्सा करवाना चाहता हूँ जिसे स्वीकार करने मे साधु के लिये कोई आपत्ति नही हो। भते ! आप मेरी यानशाला में पधारिये और प्रासुक तथा एषणीय पीठादि ग्रहण करके रहिये।"

55. During his roving Ascetic Shailak once arrived in Shailakpur town and stayed in the Subhumibhag garden King Manduk came to visit him along with a delegation of citizens and they started worshipping him after the formal bowing When king Manduk observed the dull, anaemic, deteriorated and ailing body of Ascetic Shailak he commented, " Bhante! I wish to get you treated by such a doctor, medicines, and diet that are not prohibited for an ascetic. Bhante! Please come to my garage and stay there accepting seat, bed, etc prescribed for an ascetic "

सूत्र ५६. तए ण से सेलए अणगारे मंडुयस्स रण्णो एयमट्ठ तह त्ति पडिसुणेइ। तए णं से मंडुए सेलय वंदइ, नमंसइ, वदित्ता नमंसित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

तए णं से सेलए कल्लं जाव जलंते सभंडमत्तोवगरणमायाय पंथगपामोक्खेहिं पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं सेलगपुर-मणुपविसइ, अणुपविसित्ता जेणेव मंडुयस्स जाणसाला तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता फासुयं पीढं जाव विहरइ।

सूत्र ५६ शैलक अनगार ने 'ऐसा ही हो' कहकर मंडुक राजा के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। राजा वन्दना करके लौट गया। दूसरे दिन सुबह होने पर शैलक अनगार अपने पाँच सौ शिष्यों व पथक के साथ नगर में गये और मंडुक राजा की यानशाला में पहुँच प्रासुक उपकरण स्वीकार कर रहने लगे।

56. Ascetic Shailak uttered—"May it be so", and accepted the request of king Manduk The king returned after paying his respects. Next morning Ascetic Shailak and his five hundred disciples including Panthak entered the town, went to the kings garage and stayed there accepting things prescribed for an ascetic

सूत्र ५७ तए णं मंडुए राया चिगिच्छए सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-"तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! सेलयस्स फासुय-एसणिज्जेणं जाव तेगिच्छं आउट्टेह।"

तए ण तेगिच्छया मंडुए णं रण्णा एवं वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठा सेलयस्स रायरिसिस्स अहापवित्तेहि ओसहभेसज्जभत्तपाणेहिं तेगिच्छं आउट्टेंति। मज्जपाणयं च से उवदिसंति।

तए ण तस्स सेलयस्स अहापवित्तेहिं जाव मज्जपाणेणं रोगायंके उवसंते होत्था, हट्ठे जाव बलियसरीरे जाए ववगयरोगायंके।

सूत्र ५७ मडुक राजा ने चिकित्सको को बुलाकर कहा-"देवानुप्रियो ! शैलक मुनि की प्रासुक औषध आदि द्वारा उचित चिकित्सा करो।" राजा की आज्ञा सुन चिकित्सक कृतकृत्य हुए और आवश्यक औषध आदि सुझाई। साथ ही मद्यपान (नींद की औषधि) लेने को भी कहा। चिकित्सको के मतानुसार चिकित्सा करने से शैलक राजर्षि का रोग शान्त हो गया। वे स्वस्थ निरोग और बलवान् हो गये।

57. King Manduk called the doctors and said, "Beloved of gods! Start proper treatment of Ascetic Shailak with medicines (etc.) that are acceptable to ascetics " The doctors felt honoured by getting this order from the king and prescribed suitable medicines. They also advised the ascetic to take sedatives The treatment cured Ascetic Shailak and he became disease free, healthy and strong.

शैलक का प्रमाद

सूत्र ५८. तए ण से सेलए तंसि रोगायकसि उवसतंसि समाणसि, तसि विपुलसि असण-पाण-खाइम-साइमंसि मज्जपाणए य मुच्छिए गढिए गिद्धे अज्झोववन्ने ओसन्ने ओसन्नविहारी एव पासत्थे पासत्थविहारी, कुसीले कुसीलविहारी, पमत्ते पमत्तविहारी, संसत्ते संसत्तविहारी, उउबद्धपीढ-फलग-सेज्जा-सथारए पमत्ते यावि विहरइ। नो सचाएइ फासुयं एसणिज्ज पीढ-फलग-सेज्जा-सथारय पच्चप्पिणित्ता मंडुय च रायं आपुच्छित्ता बहिया जणवयविहार विहरित्तए।

सूत्र ५८ निरोग हो जाने के बाद शैलक राजर्षि प्रचुर आहार और मद्यपान मे मूर्छित, मत्त, गृद्ध और अत्यन्त आसक्त हो गये। वे आलसी हो गये और आलस्यमय जीवन बिताने के आदी हो गये। वे कर्तव्यच्युत हो गये और कर्तव्यविहीन जीवन बिताने के आदी हो गये। वे शीलविरोधी हो गये और शील- विरोधी जीवन बिताने के आदी हो गये। वे प्रमादी हो गये और प्रमादमय जीवन शैली के आदी हो गये। वे शिथिलाचारी हो गये और वैसे ही जीवन के आदी हो गये। वे चातुर्मास के बाद भी शैय्या आदि उपकरण का उपयोग करने लगे और इस कारण वे राजा से अनुमति ले जनपदो मे विहार करने मे असमर्थ हो गये।

LETHARGY OF SHAILAK

58. When Ascetic Shailak regained his health, the continued consumption of sumptuous food and sedatives made him tight, tipsy, and intoxicated to the point of addiction He became lethargic and habituated to an easy way of life He drifted from his goal, went against discipline, became illusioned and lax in his conduct and got trapped in a goalless, undisciplined, illusioned, and unruly way of life Even when the prescribed period of monsoon stay came to an end, he continued the use of facilities like bed and, as such, was unable to resume his itinerant way of life seeking permission form the king

सूत्र ५९ तए णं तेसिं पथयवज्जाण पचण्ह अणगारसयाण अन्नया कयाइ एगयओ सहियाणं जाव पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि धम्मजागरिय जागरमाणाण अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था—"एव खलु सेलए रायरिसी चइत्ता रज्ज जाव पव्वइए, विपुलं ण असण-पाण-खाइम-साइमे मज्जपाणए य मुच्छिए, नो संचाएइ जाव विहरित्तए, नो खलु कप्पइ देवाणुप्पिया ! समणाण जाव पमत्ताण विहरित्तए। तं सेयं खलु देवाणुप्पिया ! अम्ह कल्ल सेलयं रायरिसि आपुच्छित्ता पाडिहारिय पीढ-फलग-सेज्जा-

सथारयं पच्चप्पिणित्ता सेलगस्स अणगारस्स पंथयं अणगारं वेयावच्चकरं ठवेत्ता बहिया अब्भुज्जए ण जाव विहरित्तए।" एव संपेहेंति, संपेहित्ता कल्लं जेणेव सेलए रायरिसी तेणेव उवागच्छति उवागच्छित्ता सेलयं आपुच्छित्ता पाडिहारियं पीढ-फलग-सेज्जा-संथारयं पच्चप्पिणंति, पच्चप्पिणित्ता पथयं अणगार वेयावच्चकरं ठावेंति, ठावित्ता बहिया जाव विहरति।

सूत्र ५९ ऐसी स्थिति मे पथक के अतिरिक्त शेष पाँच सौ अनगार एक मध्य-रात्रि को एकत्र हो बैठे और विचार किया–"शैलक राजर्षि राज्य आदि का त्याग करके दीक्षित हुए है किन्तु विपुल आहारादि तथा मद्यपान मे लिप्त हो गये हैं, भ्रमित हो गये हैं और जनपद-विहार करने मे असमर्थ है। देवानुप्रियो ! श्रमणो के लिये प्रमादी होकर एक स्थान पर रहना नही कल्पता। अत· हमारे लिए यही श्रेयस्कर है कि कल ही शैलक राजर्षि से आज्ञा ले, उपकरण वापस लौटाकर, पथक अनगार को उनकी सेवा मे नियुक्त कर यहाँ से चले और जनपदो मे विहार करे।" यह निश्चय कर दूसरे दिन प्रात काल वे शैलक राजर्षि के पास गये। उनकी आज्ञा ली और उपकरण वापस कर दिये। पथक अनगार को उनकी सेवा मे नियुक्त किया और वहाँ से विहार कर गये।

59. Under these circumstances all the five hundred disciples leaving aside Panthak convened a meeting one night and conferred—"Although king Shailak has become an ascetic after abandoning his kingdom (etc) he has become addicted to sumptuous food and sedatives He has lost his direction and is unable to wander about. Beloved of gods! It is not proper for the ascetics to become lethargic and stay at one place As such, it would be good for us if with the break of the dawn we go to Ascetic Shailak, seek his permission, return all the equipment, give the responsibility of his care to ascetic Panthak and resume our itinerant way of life." Once a decision was reached they acted accordingly next morning and left the place

प्रमाद भग

सूत्र ६0 तए णं से पंथए सेलयस्स सेज्जा-संथारय-उच्चार-पासवण-खेल-संघाण-मत्त ओसह-भेसज्ज-भत्त-पाणए णं अगिलाए विणए ण वेयावडियं करेइ।

तए ण से सेलए अन्नया कयाइ कत्तियचाउम्मासियंसि विपुलं असण-पाण-खाइम-साइम आहारमाहारिए सबहु मज्जपाणय पीए पुव्वावरण्हकालसमयसि सुहप्पसुत्ते।

तए णं से पंथए कत्तियचाउम्मासियसि कयकाउस्सग्गे देवसिय पडिक्कमणं पडिक्कंते चाउम्मासियं पडिक्कमिउंकामे सेलय रायरिसिं खामणट्ठयाए सीसेण पाएसु संघट्टेइ।

तए ण से सेलए पंथए ण सीसेणं पाएसु संघट्टिए समाणे आसुरुत्ते जाव मिसमिसेमाणे उट्ठेइ, उट्ठित्ता एव वयासी-"से केस ण भते ! एस अपत्थियपत्थिए जाव परिवज्जिए जे ण मम सुहपसुत्तं पाएसु संघट्टेइ ?"

सूत्र ६० पथक अनगार सब प्रकार से शैलक राजर्षि की विनयपूर्वक और बिना ग्लानि के सेवा करने लगे।

एक बार शैलक राजर्षि चातुर्मास के कार्तिक महीने में सध्या समय खूब भोजन और मद्यपान कर आराम से सो रहे थे।

उसी समय पथक मुनि ने दिन का कायोत्सर्ग तथा प्रतिक्रमण कर लेने के बाद चातुर्मासिक प्रतिक्रमण करने से पूर्व शैलक राजर्षि से क्षमायाचना हेतु अपने मस्तक मे उनके चरणो को छूया। इस पर शैलक कुपित हो गये और क्रोध से तिलामिलाकर उठ गये। वे उग्र हो चिल्लाये-"अरे कौन श्रीहीन है जो अपनी अकाल मृत्यु की इच्छा रखता है ? किसने मेरे पैरों का स्पर्श कर मुझे सुख भरी नीद से जगा दिया ?"

BREAKING OF THE TRAP

60. Ascetic Panthak served Ascetic Shailak with all humility and without any reservations

One evening during the month of Kartic, the last month of the monsoon stay, after a heavy dinner and a doze of sedative, Ascetic Shailak was sleeping in all comfort

At that time ascetic Panthak arrived there after finishing his day time meditation and Pratikraman (the ritual reviewing of the deeds of the day) and touched the feet of Ascetic Shailak with his forehead in order to seek the formal forgiveness before commencing the Chaturmasik Pratikraman (the ritual reviewing of the deeds of the year) This disturbed Shailak and consumed by anger he got up He shouted angrily, "Who is the ill fated one that desires for an untimely death? Touching my feet, who has woken me up from my pleasant sleep?"

सूत्र ६१. तए ण से पंथए सेलए ण एव वुत्ते समाणे भीए तत्थे तसिए करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अजलि कट्टु एव वयासी-"अह ण भंते ! पथए

कयकाउस्सग्गे देवसियं पडिक्कमण पडिक्कंते, चाउम्मासियं पडिक्कंते चाउम्मासियं खामेमाणे देवाणुप्पियं वंदमाणे सीसेणं पाएसु संघट्टेमि। तं खमंतु णं देवाणुप्पिया ! खमंतु मेऽवराहं, तुमं णं देवाणुप्पिया ! णाइभुज्जो एवं करणयाए'' त्ति कट्टु सेलयं अणगारं एयमट्ठं सम्मं विणए णं भुज्जो खामेइ।

सूत्र ६१ क्रोध के इस उग्र प्रदर्शन से पथक मुनि भय से अवाक् हो गये। उनका मन त्रास और खेद से भर गया। वे हाथ जोडकर बोले–''भते ! मै पथक हूँ। मैं कायोत्सर्ग और दैवसी प्रतिक्रमण के बाद चातुर्मास प्रतिक्रमण करने जा रहा था। अतः चातुर्मासिक क्षमायाचना के लिये आपको वन्दना करते समय मैंने अपने मस्तक से आपके चरणों का स्पर्श किया था। अत हे देवानुप्रिय ! क्षमा करें। मै भविष्य मे ऐसा नहीं करूँगा। मेरे अपराध को क्षमा कर दीजिये।'' पथक मुनि हाथ जोड विनयपूर्वक बार-बार खमाने लगे।

61. Ascetic Panthak was awe-struck by this violent display of anger He was filled with panic and repentance Joining his palms he said, "Bhante! It is I, Panthak I was proceeding to commence the Chaturmasik Pratikraman after concluding the daily one. As such, I touched your feet with my forehead in order to seek the annual forgiveness I am sorry, Beloved of gods! I will never repeat this mistake Kindly pardon my misdeed" With joined palms and all humility Panthak sought pardon again and again

शैलक का पुनर्जागरण

सूत्र ६२ तए ण सेलयस्स रायरिसिस्स पथए णं एवं वुत्तस्स अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था–''एव खलु अह रज्ज च जाव ओसन्नो जाव उउबद्धपीढ-फलग-सेज्जा-सथारए पमत्ते विहरामि। त नो खलु कप्पइ समणाणं णिग्गंथाणं पासत्थाण जाव विहरित्तए। त सेय खलु मे कल्लं मंडुयं रायं आपुच्छित्ता पाडिहारियं पीठ-फलग-सेज्जा-सथारय पच्चप्पिणित्ता पंथए णं अणगारेणं सद्धिं बहिया अब्भुज्जए णं जाव जणवयविहारेण विहरित्तए।'' एव संपेहेइ, सपेहित्ता कल्लं जाव विहरइ।

सूत्र ६२ पथक के इस कथन पर राजर्षि शैलक के मन में विचार उठे–''मै राज्यादि का त्याग करके भी प्रमादी होकर अपने अन्त समय मे भी उपकरणो का उपभोग करता हुआ रह रहा हूँ। श्रमणो को इस तरह का शिथिलाचार नहीं कल्पता। अत कल मंडुक राजा की अनुमति लेकर, उपकरण लौटाकर पथक अनगार के साथ उग्र विहार करना ही मेरे लिये श्रेयस्कर होगा।'' यह निश्चय कर दूसरे दिन प्रातःकाल वे यथाविधि वहाँ से विहार कर गये।

REAWAKENING OF SHAILAK

62. This statement of panthak forced Ascetic Shailak to think, "In spite of abandoning my kingdom (etc) I still continue to enjoy these worldly facilities during the last part of my life It is not proper for an ascetic to be so lax in conduct As such, it would be best for me to seek permission from king Manduk, return all the equipment, and commence the harsh itinerant ascetic life tomorrow itself taking along Panthak with me " Once the decision was reached he acted accordingly and left the place

सूत्र ६३. एवामेव समणाउसो ! जो निग्गथो वा निग्गथी वा ओसन्ने जाव सथारए पमत्ते विहरइ, से ण इहलोए चेव बहूण समणाण बहूण समणीण बहूणं सावयाणं बहूणं सावियाण हीलणिज्जे ससारो भाणियव्वो।

सूत्र ६३ "हे आयुष्मानो ! इसी प्रकार जो श्रमण-श्रमणी आलस्य से उपकरण आदि मे आसक्त होकर रहता है वह इसी लोक मे अनेक श्रमणो-श्रावको की अवहेलना का पात्र होता है और चिरकाल तक ससार-चक्र का भ्रमण करता है।"

63. Similarly, O blessed ones! the ascetics who are trapped by the fondness of equipment and the consequent lethargy become the object of disdain of numerous ascetics of this land and are sucked in within the vortex of the unending cycle of rebirth

सूत्र ६४. तए ण ते पथगवज्जा पच अणगारसया इमीसे कहाए लद्धट्ठा समाणा अन्नमन्न सद्दावेति, सद्दावित्ता एव वयासी-"सेलए रायरिसी पथए ण बहिया जाव विहरइ, त सेय खलु देवाणुप्पिया ! अम्हं सेलय उवसपज्जित्ताण विहरित्तए।" एव सपेहेंति, सपेहित्ता सेलय रायरिसि उवसपज्जित्ता ण विहरंति।

तए ण ते सेलगपामोक्खा पच अणगारसया बहूणि वासाणि सामन्नपरियाग पाउणित्ता जेणेव पोडरीए पव्वए तेणेव उवागच्छंति। उवागच्छित्ता जहेव थावच्चापुत्ते तहेव सिद्धा।

सूत्र ६४ पथक के अतिरिक्त उनके अन्य शिष्यो ने ये समाचार सुने तो सभी एकत्र हो विचार करने लगे-"शैलक राजर्षि तथा पथक अनगार उग्र विहार कर रहे है अत अब हमे उनके निकट ही विचरना चाहिए।" यह निश्चय कर वे राजर्षि शैलक के पास लौटे और उनके साथ ही विहार करने लगे।

कालान्तर में वे सभी शत्रुजय पर्वत पर जा सलेखना कर थावच्चापुत्र की भॉति सिद्ध हुए।

64 When the other disciples of Ascetic Shailak heard the news they assembled and thought, "Now that Ascetic Shailak and Panthak have resumed the harsh itinerant life we should join them " And they joined back Ascetic Shailak

Later they all went to the Shatrunjaya Hills and attained liberation after taking the ultimate vow like Thavacchaputra

उपसंहार

सूत्र ६५. एवामेव समणाउसो ! जो निग्गंथो वा निग्गंथी वा जाव विहरिस्सइ., एवं खलु जबू ! समणेण भगवया महावीरेणं पंचमस्स नायज्झयणस्स अयमट्ठे पन्नत्ते त्ति बेमि।

सूत्र ६५. हे आयुष्मन् श्रमणो ! जो साधु ऐसा आचरण करेगा वह अतत: संसार भ्रमण स मुक्ति प्राप्त करेगा।

हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर ने पॉचवे ज्ञाताध्ययन का यही अर्थ कहा है। ऐसा मै कहता हूँ।

CONCLUSION

65. Blessed ones! The ascetic who follows such conduct gets liberated in the end

Jambu! This is the text and the meaning of the fifth chapter of the Jnata Sutra as told by Shraman Bhagavan Mahavir So I confirm

॥ पचम अज्झयण समत्त ॥

॥ पचम अध्ययन समाप्त ॥

॥ END OF THE FIFTH CHAPTER ॥

उपसंहार

ज्ञाताधर्मकथा की इस पॉचवी कथा मे शिथिलाचार के दोष को प्रकट किया है। साधु अथवा सयम के मार्ग पर चलने का नियम ले लेने वाला निरन्तर साधना के पथ पर विकास की दिशा में गतिमान होता है। उसे शैल खण्ड के समान गतिहीन अथवा शिथिल नहीं होना चाहिए। प्रमादग्रस्त हो शिथिल हो जाने वाला अपना इहलोक ही नही परलोक भी खराब कर लेता है और ससार चक्र मे उलझ जाता है। मुक्ति प्राप्त करने का साधन है निरन्तर अप्रमत्त

साधना। थावच्चा-पुत्र तथा शुक परिव्राजक के सवाद मे साधु जीवन के मुख्य बिन्दुओ पर संक्षिप्त और सरल किन्तु सारगर्भित विवेचना प्रस्तुत की गई है।

उपनय गाथा

सिढिलिय संजम कज्जा वि होइउं उज्जमं ति जइ पच्छा।
संवेगाओ तो सेलउव्व आराहया होंति॥

प्रमाद की बहुलता से यदि कोई साधक संयम चर्या मे शिथिल हो जाते हैं, परन्तु बाद मे सवेग–वैराग्य व ज्ञान के प्रभाव से पुन. संयम मे उद्यत हो जाते हैं तो वे शैलक राजर्षि की तरह आराधक माने जाते हैं।

CONCLUSION

This fifth story of Jnata Dharma Katha elaborates the vice of laxity of conduct. An ascetic or the individual who has opted for the path of discipline has to be ever active in the right direction for his spiritual upliftment. He cannot afford to be inactive or static like a rock Encumbered by a lethargic attitude if he becomes inactive or lax in observance of conduct he spoils not only this life but also the one beyond and remains entrapped in the unending cycle of rebirths Vigorous and unimpeded practice is the means of attaining liberation The story also includes simple and brief but significant details about the salient features of ascetic life style in the form of the dialogue between Shuk Parivrajak and Thavacchaputra

THE MESSAGE

If some practicer becomes lax in his conduct due to excess of lethargy but amends his ways due to the inherent craving for the goal, he is accepted as a spiritualist like ascetic Shailak

परिशिष्ट

द्वारका–सौराष्ट्र की मुख्य प्राचीन नगरी (पन्नवणासूत्र)। यह समुद्र तट पर स्थित द्वारका से भिन्न है। महाभारत के अनुसार जरासध से आक्रान्त मथुरा के यादव, श्रीकृष्ण की सैन्य योजना के अनुसार अपने मूल स्थान को छोड़ रैवतक पर्वत के निकट कुशस्थली में आ गये थे। यहाँ उन्होने अनेको द्वार वाली एक नगरी बसाई जिसका नाम द्वारका पड गया। द्वार का अर्थ गुजराती में बन्दरगाह भी है। अत यह

अनुमान किया जाता है कि यह नगरी रैवतक पर्वत के निकट न होकर समुद्र तट पर बसी होगी। इस विषय पर अनेक इतिहासज्ञो ने विभिन्न मत प्रकट किये हैं। सम्प्रति कच्छ की खाड़ी में एक जलमग्न नगर के अवशेष भी मिले हैं और वहाँ एक टापू भी है जिसे बेट द्वारका कहते हैं। वायुपुराण का यह वर्णन कि महाराजा रेवत ने समुद्र के मध्य कुशस्थली नगरी बसाई थी जो श्रीकृष्ण के समय द्वारका नाम से प्रसिद्ध हो गई, इस नई खोज से पुष्ट होता है। ऐसे विभिन्न वर्णनों से एक संभावना यह भी उभरकर आती है कि किसी काल में द्वारिका एक विशाल भू-भाग में फैला एक महानगर रहा होगा जो रैवतक पर्वत की तराई से समुद्र तट तक फैला हुआ होगा। आज जिन सीमित क्षेत्रों को हम द्वारका और बेट द्वारका के नाम से जानते हैं वे उस महानगर के उपनगरीय भाग रहे होंगे।

रैवतक पर्वत–सौराष्ट्र मे द्वारका के निकट का पर्वत जो वर्तमान में गिरनार नाम से अधिक प्रसिद्ध है। जैनो का पवित्र तीर्थ-स्थल है क्योंकि बाइसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का निर्वाण यहीं हुआ था। इसके अन्य नाम हैं–उज्जयत, उज्ज्वल तथा गिरिणाल।

प्रतिमा–यह एक प्रकार का तप है जिसमें आहार की मात्रा तथा आसन विशिष्ट करने के कुछ नियम होते हैं। कौन-सी प्रतिमा कितने दिन तक रखनी होती है इस काल का परिमाण भी निश्चित नियम के अनुसार होता है।

APPENDIX

Dwarka—Important ancient metropolis of the Saurashtra area in western India (Pannavna Sutra) This is not the same as the coastal Dwarka According to the Mahabharat the Yadavs of Mathura oppressed by Jarasandh left their place of origin and according to the strategic plan of Shri Krishna they migrated to Kushasthali near the Raivatak mountain Here they constructed a large and beautiful town with numerous gates (Dwars) It became popularly known as Dwarka. In the Gujarati language the word Dwar also means port As such another inference that Dwarka must have been situated at the sea-coast and not near the Raivatak mountain gained popularity Different historians have presented different theories on this subject Recently evidences of a submerged town have been found in the bay of Kuccha, nearby is an island named Bait Dwarka These recent findings support the story from Vayupurana that `King Raivat founded Kushasthali city in the middle of the sea and it became popular as Dwarka' All these divergent theories give rise to another concept—that in the remote past Dwarka must have been a great metropolis occupying a very large tract of land spread between the Raivatak mountain and the sea Those smaller areas we now know as Dwarka and Bait Dwarka could have been the suburbs of that great metropolis

Raivatak mountain—The mountain range near Dwarka in Saurashtra now popularly known as Girnar It is a pious pilgrimage centre of Jains because the twenty second Tirthankar Bhagavan Neminath attained nirvan here Other names—Ujjayant, Ujjval, Girinal

धन्य सार्थवाह यह सुनकर प्रसन्न हुआ। उसने रक्षिता को अपने घर के सोना व गहने, कॉसा आदि के बर्तन, मूल्यवान वस्त्र, विपुल धन-धान्य आदि सम्पत्ति की भाण्डागारिणी (भडारिनी) के रूप मे नियुक्त कर दिया।

21. Dhanya Merchant asked her, "Daughter! Are these the very same grains ?"

Rakshika, "Yes, father! these are the very same grains."

Dhanya Merchant, "How so?"

Rakshika, "Papa! Five years back when you gave me these grains I thought there must be some secret purpose behind this. As such, I tied the grains in a clean piece of cloth, put the packet carefully in my jewellery box and placed it near the pillow on my bed. Since then I have been watching the packet every morning, afternoon and evening Thus, these are the very same grains you gave me, not any other "

Dhanya Merchant was pleased to hear this He appointed Rakshika as the in-charge of all the valuables of the household including gold, ornaments, metal utensils, costly dresses, cash, grains and other property

सूत्र २२. एवामेव समणाउसो ! जाव पंच य से महव्वयाइं रक्खियाइं भवंति, से णं इह भवे चेव बहूण समणाणं, बहूणं समणीणं बहूणं सावयाणं बहूणं सावियाणं अच्चणिज्जे, जहा जाव से रक्खिया।

सूत्र २२ हे आयुष्मान् श्रमणो ! इसी प्रकार जो साधु-साध्वी पाँच महाव्रत रूप दानों की रक्षा करता है वह रक्षिका के समान चतुर्विध संघ द्वारा अर्चनीय, वन्दनीय, पूजनीय, सत्करणीय, सम्माननीय आदि होता है।

22. Long lived Shramans ! The same way those of our ascetics who, after getting initiated, protect the five grains of great-vows become objects of reverence, worship, and respect for the four fold religious organization

रोहिणी : मुखिया

सूत्र २३. रोहिणिया वि एवं चेव। नवरं–"तुब्भे ताओ ! मम सुबहुयं सगडीसागडं दलाहि, जेण अहं तुब्भं ते पंच सालिअक्खए पडिनिज्जाएमि।"

तए णं से धण्णे सत्थवाहे रोहिणिं एवं वयासी–"कहं णं तुमं मम पुत्ता ! ते पंच सालिअक्खए सगडसागडेणं निज्जाइस्ससि ?"

तए णं सा रोहिणी धण्णं एवं वयासी–"एवं खलु ताओ ! इओ तुब्भे पंचमे संवच्छरे इमस्स मित्त जाव बहवे कुंभसया जाया, तेणेव कमेणं। एव खलु ताओ। तुब्भे ते पंच सालिअक्खए सगडसागडेणं निज्जाएमि।"

सूत्र २३ इसी तरह जब धन्य सार्थवाह ने रोहिणी से पाँच दाने माँगे तो उसने कहा–"तात ! आप मुझे बहुत से गाडे-गाडियाँ दीजिये जिससे मैं आपके वे पाँच दाने लौटा सकूँ।"

धन्य–"पुत्री ! तुम वे पाँच दाने चावल गाडे-गाडियों मे भरकर कैसे दोगी ?"

रोहिणी–"तात ! जो पाँच दाने आपने पाँच वर्ष पूर्व मुझे दिये थे वे अब सैकड़ो घडों मे आवें इतने हो गये हैं।" उसने उन दानो की बुवाई आदि का वर्णन विस्तार से बताया (पूर्व सम) और कहा–"अत हे तात ! मैं आपके वे पाँच दाने अब गाडे-गाडियों मे भरकर लौटा रही हूँ।"

ROHINI: THE CHIEF

23. Similarly when Dhanya Merchant asked for five grains from Rohini, she replied, "Papa! Please arrange for numerous carts and trucks so that I may return your five grains of rice "

Dhanya Merchant, "Daughter! Why do you need carts and trucks to fill those five grains?"

Rohini, "Papa! The five grains you had given me five years back have now become enough to fill hundreds of pitchers " She narrated the details of repeated sowing and harvesting of those five grains (details as before), and added, "This is how I am returning your five grains in carts and trucks "

सूत्र २४. तए णं से धण्णे सत्थवाहे रोहिणीयाए सुबहुय सगडसागड दलयइ, तए ण रोहिणी सुबहुसगडसागडं गहाय जेणेव सए कुलघरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता कोट्ठागारे विहाडेइ, विहाडित्ता पल्ले उब्भिंदइ, उब्भिदित्ता सगडीसागड भरेइ, भरित्ता रायगिहं नगरं मज्झंमज्झेणं जेणेव सए गिहे जेणेव धण्णे सत्थवाहे तेणेव उवागच्छइ।

तए णं रायगिहे नयरे सिंघाडग जाव बहुजणो अन्नमन्नं एवमाइक्खइ-"धन्ने णं देवाणुप्पिया ! धण्णे सत्थवाहे, जस्स णं रोहिणिया सुण्हा, जीए णं पंच सालिअक्खए सगडसागडिए णं निज्जाइए।

सूत्र २४. धन्य सार्थवाह ने बहुत से गाड़े-गाड़ियों का प्रबन्ध कर दिया। रोहिणी उन्हें लेकर अपने पीहर गई और वहाँ भण्डार में जा पल्यों को खोलकर सारा धान गाड़ियों में भर लिया और नगर के बीच से होती हुई वापस अपने घर आई। नगर के मार्गों पर लोग चर्चा करने लगे-"धन्य है धन्य सार्थवाह जिसकी पुत्र-वधू रोहिणी ने पाँच चावलों के दानों को गाडियो में भरकर लौटाया है।"

24. Dhanya Merchant arranged for the required carts and trucks. Rohini took them to her parents' house and loaded them with rice stored in godowns She returned with these cart loads of rice passing through the town The people on the streets commented. "Blessed is Rohini, the daughter-in-law of Dhanya Merchant, who is returning cart loads of rice for just five grains "

सूत्र २५. तए ण से धण्णे सत्थवाहे ते पंच सालिअक्खए सगडसागडेणं निज्जाइए पासइ, पासित्ता हट्ठतुट्ठे पडिच्छइ। पडिच्छित्ता तस्सेव मित्त-नाइ-नियग-सयण-संबंधि-परियणस्स चउण्ह य सुण्हाण कुलघरवग्गस्स पुरओ रोहिणीयं सुण्हं तस्स कुलघर-वग्गस्स बहुसु कज्जेसु य जाव रहस्सेसु य अपुच्छणिज्जं जाव वट्टावियं पमाणभूयं ठावेइ।

सूत्र २५ धन्य सार्थवाह ने प्रसन्न और संतुष्ट हो वह धान स्वीकार किया और अतिथियो के सामने रोहिणी को घर-परिवार के सभी महत्-गौण कार्यों की प्रभारी, रहस्यों व समस्याओ मे सलाह देने वाली और सभी बातो का अंतिम निर्णय लेने वाली मुखिया के रूप मे नियुक्त किया।

25. Dhanya Merchant was pleased and contented to accept the large quantity of grains In presence of the guests he appointed Rohini as the head of the family and in-charge of all normal and important activities of the household, advisor in all confidential matters and problems, and final authority for taking all important decisions.

सूत्र २६. एवामेव समणाउसो ! जाव पंच महव्वया संवड्ढिया भवंति, से णं इह भवे चेव बहूणं समणाणं जाव वीईवइस्सइ जहा व सा रोहिणीया।

सूत्र २६. हे आयुष्मान् श्रमणो ! जो साधु-साध्वी दीक्षा लेकर पाँच महाव्रतरूपी कणों में वृद्धि करते हैं वे इस भव में रोहिणी के समान चतुर्विध संघ द्वारा पूजे जाते हैं और अंतत: संसार चक्र से मुक्त हो जाते हैं।

26. Long-lived Shramans! The same way those of our ascetics who, after getting initiated, multiply (enhance the perfection in) the five grains of great vows become objects of reverence for the four-fold religious organisation in this life and finally cross the ocean of rebirth.

उपसंहार

सूत्र २७. एवं खलु जंबू ! समणेण भगवया महावीरेणं सत्तमस्स नायज्झयणस्स अयमट्ठे पन्नत्ते त्ति बेमि।

सूत्र २७ हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर ने सातवें ज्ञाताध्ययन का यही अर्थ कहा है। ऐसा मैं कहता हूँ।

CONCLUSION

27. Jambu! This is the text and the meaning of the seventh chapter of the Jnata Sutra as told by Shraman Bhagavan Mahavir So I confirm

॥ सत्तमं अज्झयण समत्तं ॥

॥ सातवाँ अध्ययन समाप्त ॥

॥ END OF THE SEVENTH CHAPTER ॥

उपसंहार

ज्ञाताधर्मकथा की इस सातवी कथा में विवेकपूर्ण विकास की ओर प्रेरित जीवन पर बल दिया है। पारिवारिक रूपक द्वारा यह इगित किया है जो साधु अक्षत के पाँच दानो के समान पंच-महाव्रतादि का यथाविधि पालन करने के साथ-साथ संयम विकास और विस्तार मे जुटा रहता है वह सभी के आदर का पात्र होता है और अन्तत संसार-चक्र से मुक्त हो जाता है। किन्तु जो उस संयम को त्याग देता है और व्रतों के विपरीत चलने लगता है वह निन्दा का भागी होता है और अनन्तकाल तक ससार-चक्र मे भ्रमण करता रहता है। बीच की दोनों स्थितियाँ उसी क्रम मे विकास-ह्रास की कडियाँ है।

इस पारिवारिक बोध कथा से यह तथ्य और भी स्पष्ट होकर उभरता है कि जो नियम अध्यात्म-पथ के लिए श्रेयस्कर हैं वही नियम प्रयोगात्मक दृष्टि-भेद से संसार-पथ के लिए भी श्रेयस्कर होते हैं। स्वस्थ विवेक बुद्धि समान रूप से प्रभावी होती है चाहे व्यक्ति सांसारिक हो अथवा आध्यात्मिक।

उपनय गाथा

जह सेट्ठी तह गुरुणो, जह णाइजणो तहा समणसंघो।
जह बहुया तह भव्वा, जह सालिकणा तह वयाइं॥१॥

जह सा उज्झियणामा, उज्झियसाली जहत्थमभिहाणा।
पेसण-गारित्तेणं, असंखदुक्खक्खणी जाया॥२॥

तह भव्वो जो कोई, संघसमक्खं गुरुविदिण्णाइं।
पडिवज्जिउं समुज्झइ, महव्वयाइं महामोहा॥३॥

सो इह चेव भवम्मि, जणाण धिक्कारभायणं होइ।
परलोए उ दुहत्तो, नाणाजोणीसु संचरइ॥४॥

जह वा सा भोगवती, जहत्थनामोवभुत्तसालिकणा।
पेसणविसेसकारित्तणेण पत्ता दुहं चेव॥५॥

तह जो महव्वयाइ उवभंजुइ जीवियत्ति पालिंतो।
आहाराइसु सत्तो, चत्तो सिवसाहणिच्छाए॥६॥

सो इत्थ जहिच्छाए, पावइ आहारमाइ लिंगित्ति।
विउसाण नाइपुज्जो परलोयम्मि दुही चेव॥७॥

जइ व रक्खिय बहुया, रक्खियसालीकणा जहत्थक्खा।
परिजणमण्णा जाया, भोगसुहाइ च संपत्ता॥८॥

तह जो जीवो सम्मं पडिवज्जिज्जा महव्वए पंच।
पालेइ निरइयारे, पमायलेसंपि वज्जेंतो॥९॥

सो अप्पहिएक्करई, इहलोयंमि वि विऊहिं पणयपओ।
एगंतसुही जायइ, परम्मि मोक्खं पि पावेइ॥१०॥

जह रोहिणी उ सुण्हा, रोवियसाली जहत्थमभिहाणा।
वड्ढित्ता सालिकणे पत्ता सव्वस्स सामित्तं॥११॥

तह सो भव्वो पाविय वयाइं पालेइ अप्पणा सम्मं।
अन्नेसिं पि भव्वाणं देइ अणेगेसिं हियहेउं॥१२॥

सो इह संघपहाणो, जुगप्पहाणेत्ति लहइ संसद्दं।
अप्प-परेसिं कल्लाणकारओ गोयमपहुव्व।।१३।।

तित्थस्स वड्ढिकारी, अक्खेवणओ कुतित्थियाईणं।
विउस-नर-सेविय-कमो, कमेण सिद्धिं पि पावेइ।।१४।।

श्रेष्ठी (धन्य सार्थवाह) के स्थान पर गुरु, ज्ञातिजनों के स्थान पर श्रमणसंघ, बहुओ के स्थान पर भव्य प्राणी और शालिकणों के स्थान पर महाव्रत समझने चाहिए।१।

जैसे उज्झिता बहू यथार्थ नाम वाली थी और शालि के दानों को फेक देने के कारण घर के दासी का कार्य करने से दुःखों को प्राप्त हुई।२।

वैसे ही जो भव्य जीव, गुरु द्वारा प्रदत्त पच महाव्रतो को सघ के समक्ष स्वीकार करके मोह व प्रमाद के वशीभूत होकर त्याग देता है।३। वह इस भव में जनता के तिरस्कार का पात्र होता है और परलोक में भी दुःख से पीड़ित होकर अनेक योनियो मे भ्रमण करता है।४।

जैसे यथार्थ नाम वाली भोगवती बहू शालिकणो को खा गई, वह भी विशेष प्रकार के दासी-कर्म करने के कारण दुःख को ही प्राप्त हुई।५।

वैसे ही जो महाव्रतो को आजीविका का साधन मानकर पालन करता है एव उनका उसी प्रकार से उपयोग करता है, आहारादि मे आसक्त होता है और ये महाव्रत मुक्ति के साधन हो, इस भावना से रहित होता है।६। वह केवल साधुलिंगधारी यथेष्ट आहारादि प्राप्त करता है पर विद्वानो का पूजनीय नही होता। उसे परलोक मे भी दुःख होता है।७।

जिस प्रकार यथार्थ नामवाली बहू रक्षिता ने शालिकणो की रक्षा की और पारिवारिक जनो में मान्य हुई। उसने भोग-सुखो को भी प्राप्त किया।८। उसी प्रकार जो जीव महाव्रतो को स्वीकार करके लेश मात्र भी प्रमाद नही करता हुआ उनका निरतिचार पालन करता है।९। वह एक मात्र आत्महित मे आनन्द मानने वाला इस लोक मे विद्वानो द्वारा पूजित तथा एकान्त रूप से सुखी होता है। परभव में मोक्ष भी प्राप्त करता है।१०।

जैसे यथार्थ नाम वाली रोहिणी नामक पुत्रवधू शालि के रोप द्वारा उनकी वृद्धि करके समस्त धन की स्वामिनी बनी।११। उसी प्रकार जो भव्य प्राणी महाव्रतो को प्राप्त करके स्वय उनका सम्यक् प्रकार से पालन करता है और दूसरे भी भव्य प्राणियों को उनके हित के लिए प्रदान करता है।१२। वह इस भव में गौतमस्वामी के समान सघप्रधान एव युगप्रधान पदवी को प्राप्त करता है तथा अपना और दूसरों का कल्याण करने वाला होता है।१३।

वह तीर्थ का अभ्युदय करने वाला, कुतीर्थियों का निराकरण करने वाला और विद्वानो द्वारा पूजित होकर क्रमशः सिद्धि को भी प्राप्त करता है।१४।

CONCLUSION

This seventh story of Jnata Dharma Katha emphasizes the importance of rational and progressive way of life. The value of sincerely following the code of conduct on the spiritual path has been skillfully presented through a family drama. The ascetics who multiply (enhance the perfection in) the five grains of great vows become objects of reverence for all the ascetics in this life and finally cross the ocean of rebirth. On the other hand the ascetics who throw away (do not observe sincerely) the grains of five great vows become the objects of criticism and contempt and are caught in the cycle of rebirth indefinitely. The other two situations are stages in progressive development.

This story clearly reveals that the rules and codes applicable on the spiritual path are also applicable on the mundane path simply with minor variations A healthy moral attitude has the same importance irrespective of the person being mundane or spiritual

THE MESSAGE

The merchant is Guru, guests are the religious organization, the daughters-in-law are the ascetics on the spiritual path, and the five grains of rice are the five great vows (1)

Ujjhika, according to her name, threw away the grains and consequently was put to manual labour suffering misery. (2)

Similarly the ascetic who, after taking the five vows before the guru in presence of the organization, abandons the path under the influence of fondness and illusion. (3)

becomes object of public contempt during this life, gets trapped in the cycles of rebirth, and suffers misery (4)

Bhogvati, according to her name, swallowed the grains and consequently was put to a little respectful manual labour, but still suffering misery (5)

Similarly the ascetic who observes the five great vows considering them to be the means of earning his living and using them for the same purpose, is infected with the craving for food and other

conveniences, and is devoid of the feeling that the great vows are the means of attaining liberation. (6)

is an ascetic in appearance only. He begets only food and not the regard of the learned ones He also suffers misery in the life beyond. (7)

Rakshika, according to her name, protected the grains and was respected by the family members She also enjoyed the pleasures of life (8)

Similarly, the ascetic who, after taking the five vows, is not even slightly negligent in observing the vows without any transgression. (9)

is an ascetic who derives pleasure solely in upliftment of the soul He is revered by the learned ones and begets extreme joy In the life beyond he gets liberated (10)

Rohini, according to her name, multiplied the grains by sowing and became the head of the household (11)

Similarly, the ascetic who, after taking the five vows, observes the vows as well as inspires other deserving ones to accept these vows. (12)

earns during this life the status of head of the order and the head of the era like Gautam Swami He becomes the benefactor of the self as well as others (13)

He enlivens the religious organization and subjugates the transgressors He is revered by the learned ones and in the end attains the status of Siddha (14)

परिशिष्ट

कुडव–भार का प्राचीन नाम। दो असई की एक पसई, दो पसई या दो खोबा की एक सेतिका, चार सेतिका का एक कुडव और चार कुडव का एक प्रस्थ होता है। दशकुमारचरित्र के अनुसार एक प्रस्थ चार सेर का होता है। अत कुडव एक सेर के बराबर होना चाहिए।

APPENDIX

Kudav—An ancient weight measure popular in Magadh Two Asai equals one Pasai, two Pasai or two Khova equals one Setika, four Setika equals one Kudav, and four Kudav is one Prasth According to Dashkumar Charitra one Prasth is equivalent to four seers Thus one Kudav is equivalent to one seer or about one kilogram ■■

आठवाँ अध्ययन : मल्ली : आमुख

शीर्षक–मल्ली–उन्नीसवें तीर्थंकर का नाम। यों तो सभी महापुरुषों के जीवन का घटना-क्रम प्रेरक और उद्बोधक घटनाओं से भरा होता है, किन्तु अर्हत् मल्ली की आत्मा की विकास गाथा उन सबमें भी अद्भुत है। भावना मे उत्पन्न अंशमात्र दोष भी कर्म-बन्धन का कारण होता है और उसके प्रभाव को भोगे बिना शुद्धतम स्तर की आत्मा का भी निस्तार नहीं। अर्हत् मल्ली का जीवन उस सूक्ष्म स्तर पर हुई अशुद्धि और उसके फल का ज्वलन्त उदाहरण है। इस कारण उनका नाम ही एक प्रतीक बनकर जैन वाङ्मय में स्थापित हो गया है।

कथासार–महाविदेह क्षेत्र की वीतशोका नगरी के राजा बल थे। उनके पुत्र का नाम महाबल था। एक बार एक स्थविर श्रमण नगरी के बाहर के उद्यान में आये। उनके प्रवचन से प्रभावित हो राजा बल ने महाबल को राज्य सौंप दीक्षा ग्रहण कर ली।

महाबल राजा के छह अन्य राजा बाल-मित्र थे। ये सभी सातों मित्र सभी काम एक-दूसरे की सहमति व सहयोग से करते थे। एक बार एक स्थविर श्रमण का उपदेश सुन महाबल के मन में वैराग्य का उदय हुआ। महाबल ने अपने छहो मित्रो से कहा कि वे दीक्षा लेना चाहते हैं। छहों मित्रों ने भी उनके साथ ही दीक्षा लेने का निर्णय लिया। महाबल आदि मित्रों ने अपने-अपने ज्येष्ठ पुत्रो का राज्याभिषेक कर दीक्षा ग्रहण कर ली।

अपने श्रमण जीवन मे साधना करते हुए इन श्रमणों ने परस्पर विमर्श कर यह निश्चय किया कि उनमे से एक जो साधना या तपस्या करेगा शेष सब भी वही साधना करेंगे। साधना के इस काल में महाबल सबसे आगे निकल जाने के लिए गुप्त रूप से अधिक तपस्या करने लगे। अन्य मित्र एक उपवास करते तो वे किसी बहाने से दो उपवास करते। छल-माया की इस प्रवृत्ति के चलते उन्होंने स्त्री-नाम-गोत्र कर्म का बन्धन किया। कालान्तर में महाबल-मुनि ने बीस स्थानक की उत्कृष्ट आराधना की और अपनी विशुद्ध साधना के बल पर तीर्थंकर नाम-गोत्र कर्म का बन्धन किया। ये सभी मित्र अपने साधनामय जीवन को पूर्ण कर जयन्त देवलोक में देवरूप में जन्मे और वहाँ की आयुष्य पूर्ण कर भरत-क्षेत्र में भिन्न-भिन्न राजवंशों मे जन्मे।

महाबल के जीव ने मिथिला के राजा कुम्भ की पुत्री मल्लीकुमारी के रूप में जन्म लिया। अन्य सभी मित्र भी राजवशो मे जन्मे और युवा होने पर अपने-अपने राज्यों के अधिपति बने। उनके नाम थे–कौशल देश के राजा प्रतिबुद्ध, अग देश के राजा चन्द्रच्छाय, काशी के राजा शंख, कुणाल के राजा रुक्मि, कुरु के राजा अदीनशत्रु तथा पाचाल देश के राजा जितशत्रु ।

मल्लीकुमारी भी युवावस्था को प्राप्त हुईं। उन्होंने अपने अवधिज्ञान से अपने पूर्व-जन्म के मित्रों के सम्बन्ध में सभी सूचनाएँ जान लीं। भविष्यानुमान के आधार पर उन्होंने अपने उद्यान में एक विलक्षण मोहनगृह का निर्माण करवाया। इस गृह में मध्य में एक ऐसा कमरा था जिसके चारों ओर छह कमरे थे।

जिनकी खिड़कियों की जाली में से यह कमरा दिखाई देता था। इस कमरे के मध्य में मल्लीकुमारी ने अपनी अनुकृति की एक सोने की पुतली बनवाकर स्थापित करवाई। यह मूर्ति खोखली थी और इसके सर पर एक ढकना बना हुआ था। मल्लीकुमारी प्रतिदिन भोजन के समय एक ग्रास भोजन इस मूर्ति में डालती रहती थीं।

उधर उन छहों राजाओं को भिन्न-भिन्न माध्यमों से मल्लीकुमारी के सौन्दर्य के समाचार मिले। कौशलराज प्रतिबुद्ध को उनके अमात्य सुबुद्धि ने बताया। अगराज चन्द्रच्छाय को श्रमणोपासक व्यापारी अर्हन्नक ने, कुणालपति रुक्मि को उनके अंगरक्षक ने, काशीराज शख को मिथिला से निष्कासित सुनारो ने, कुम्भराज अदीनशत्रु से मल्लदिन्न द्वारा निष्कासित चित्रकार ने और पाचाल नरेश जितशत्रु को चोक्खा परिव्राजिका ने बताया। ये छहों राजा मल्लीकुमारी का रूप-वर्णन सुन कर उन पर अनुरक्त हो गये और अपने दूतों के साथ विवाह प्रस्ताव भिजवाया।

राजा कुम्भ के पास ये दूत एक साथ ही विवाह प्रस्तावो सहित पहुँचे। कुम्भ ने ये प्रस्ताव सुन क्रोधित हो प्रस्ताव ठुकरा दिए और दूतों को लौटा दिया। दूतों ने अपने स्वामियो को सूचना दी कि कुम्भ ने प्रस्ताव ठुकराकर उन्हें अपमानित कर दिया है। छहो राजाओं ने परस्पर मंत्रणा की और एक साथ मिथिला पर चढ़ाई कर दी। राजा कुम्भ उनका सामना करने विदेह राज्य की सीमा पर पहुँचे तो इस सयुक्त सेना के सामने टिक नहीं सके। हारकर वे नगर के भीतर भाग आये और द्वार बन्दकर सुरक्षा हेतु चिन्ता करने लगे। आक्रमणकारी राजाओं की सेनाओं ने मिथिला पर घेरा डाल दिया।

पिता की चिन्ता देख मल्लीकुमारी ने उन्हें उपाय बताया। उन्होंने कहा कि छहो राजाओं को एक ही प्रस्ताव गोपनीय तरीके से भिजवा दिया जाय कि कुमारी का विवाह उससे ही कराया जायेगा। अत वह संध्या समय अकेला मिथिला में आ जावे। इन राजाओं को अलग-अलग मोहन-भवन मे भेज बाहरी छह कमरों में अलग-अलग रखा जाय।

मल्लीकुमारी की योजनानुसार राजा कुम्भ ने सभी कार्य कर दिये। राजाओं ने मोहन-घर के अपने-अपने कमरे से मध्य में रही सुन्दर प्रतिमा को देखा तो उसे मल्लीकुमारी समझकर मोहित हो गये और विवाह की मधुर कल्पनाओं में डूब गये। प्रातःकाल मल्लीकुमारी अपनी परिचारिकाओं के साथ मोहन-गृह मे आई और मूर्ति के सर पर से ढकना हटा दिया। तत्काल सारे वातावरण मे तीव्र दुर्गन्ध व्याप्त हो गई। सभी राजा उस दुर्गन्ध से तिलमिला उठे। तब मल्लीकुमारी ने उन्हें इस दुर्गन्धमय पार्थिव शरीर पर अनुरक्त न होने का प्रतिबोध दिया और अपने पूर्व-भव की कथा सुनाई। राजाओं को जाति-स्मरण ज्ञान हुआ और उन्होने मल्लीकुमारी के साथ ही दीक्षित होने का निश्चय कर लिया।

कालान्तर मे अर्हत मल्ली ने परम्परानुसार गृह त्यागकर यथाविधि दीक्षा ली। उन्हें तत्काल मन पर्यवज्ञान और उसी दिन केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। दीर्घकाल तक धर्म प्रतिपादन कर उन्होने सम्मेत शिखर पर निर्वाण प्राप्त किया।

EIGHTH CHAPTER : MALLI : INTRODUCTION

Title—Malli—The name of the nineteenth Tirthankar It is obvious that the life of all great persons is filled with inspiring and educating incidents, but the story of the evolution and progress of the soul that was Arhat Malli is unique even among them Even a minute aberration in feelings results in karmic bondage and even the purest of souls can not escape suffering the consequences The story of the life of Arhat Malli is a vivid exposition of such minute aberration and its consequences As such her name stands out in the Jain literature as a unique example

Gist of the Story—The name of the ruler of Veetshoka city in the Mahavideh area was Bal He had a son named Mahabal. Once, senior ascetic Dharmaghosh arrived in the Kumbh garden outside the city Inspired by his discourse, King Bal crowned prince Mahabal and got initiated as an ascetic

King Mahabal had six childhood friends They all did everything with mutual consent Once, a senior ascetic came to the city After listening to the preaching king Mahabal felt like renouncing the world Mahabal conveyed his feelings to his friends They also decided to get initiated All of them transferred their kingdoms to their heirs and became ascetics

They decided with mutual consent that whatever penance or practice any one of them starts all the others should do exactly the same Mahabal, however, started cheating his friends When others observed a one day fast he would observe a two day fast Thus he secretly did more vigorous penance Due to these guileful ways he acquired the Karma that would make him take the next birth as a female. Later Mahabal also indulged in the twenty auspicious practices and acquired the Tirthankar-nam-gotra-karma After completing this pious life span they were born as gods in the Jayant dimension

Completing the life-span in the dimension of gods Mahabal was born as Malli, the daughter of king Kumbh of Mithila All the six friends of Mahabal were born as princes They grew to be rulers of different states—Pratibuddha the king of Kaushal, Chandracchaya the king of Anga, Shankh the king of Kashi, Rukmi the king of Kunal, Adinshatru the king of Kuru, and Jitshatru the king of Panchal

Malli grew to be a beautiful young woman She became aware of her friends from the earlier birth through her Avadhi Jnana Guided by her premonition she arranged to construct a large house of illusion At the exact centre of this building there was a room with grills surrounded by six other connected rooms At the centre of this room Malli got installed a life-size statue, an exact replica of her own self in gold It was hollow with a hole at the top that was covered with a lotus Malli started dropping one handful of the rich food she ate, inside the hollow statue every day

The above said six kings got information about Malli's youthful beauty through different sources Pratibuddha the king of Kaushal was informed by his minister Subuddhi Shramanopasak merchant Arhannak informed Chandracchaya the king of Anga. Shankh the king of Kashi got the information from the goldsmiths exiled from Mithila Rukmi the king of Kunal was informed by his bodyguard The artist exiled by Malladinna told Adinshatru the king of Kuru And Jitshatru the king of Panchal was informed by Chokkha Parivrajika All the six kings fell in love with Malli just by hearing about her beauty and sent marriage proposals through their messengers

All the six messengers with marriage proposals reached Mithila and went to king Kumbh King Kumbh got angry and rejecting the proposals he dismissed the emissaries The emissaries returned to their masters and informed that Kumbh had dismissed them rejecting their marriage proposals The six kings conspired and at once attacked Mithila The combined army of the six kings mauled and overwhelmed King Kumbh's army He retreated to Mithila The combined armies laid a siege King Kumbh sat down on his throne worrying

When Princess Malli saw her brooding father she provided a solution—Send messengers secretly and convey the same message to each one of them that you will marry me to him, and he should secretly come in the evening when the streets are deserted Lead them to the six separate rooms surrounding the hall of illusion to stay for the night

King Kumbh followed this plan suggested by Princess Malli The kings peeped through the grill of their rooms and saw the life-like golden statue of Princess Malli They assumed that this was Princess Malli Stunned by the beauty of that female figure they stared at it with unblinking and lusty eyes Princess Malli came to the hall of illusion with her retinue She went near the statue and removed the lotus cover. As soon as the cover was removed an obnoxious stench started spreading Distressed by the stench the kings covered their faces Princess Malli gave them a discourse about futility of indulgence in physical pleasures and told the story of their earlier births The kings got the Jatismaran Jnana and they decided to renounce the world along with Malli

In due course Arhat Malli became an ascetic She acquired Manahparyava Jnana immediately on initiation and Keval Jnana the same day After a long period of religious activities she got nirvana at Sammet Shikhar

■■

अट्ठमं अज्झयणं : मल्ली
आठवाँ अध्ययन : मल्ली
EIGHTH CHAPTER : MALLI
(THE NINETENTH TIRTHANKAR)

सूत्र १. जइ णं भंते ! समणेणं भगवया महावीरेणं सत्तमस्स नायज्झयणस्स अयमट्ठे पन्नत्ते, अट्ठमस्स णं भंते ! के अट्ठे पन्नत्ते ?

सूत्र १ जम्बू स्वामी ने प्रश्न किया-"भन्ते ! श्रमण भगवान महावीर ने आठवें ज्ञात अध्ययन का क्या अर्थ कहा है ?"

1. Jambu Swami inquired, "Bhante ! What is the meaning of the eighth chapter of the Jnata Sutra according to Shraman Bhagavan Mahavir?"

सूत्र २. एव खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समएणं इहेव जंबुद्दीवे दीवे महाविदेहे वासे मंदरस्स पव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, निसढस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरेणं, सीयोयाए महाणईए दाहिणेणं, सुहावहस्स वक्खारपव्वयस्स पच्चत्थिमेणं, पच्चत्थिमलवणसमुद्दस्स पुरच्छिमेण एत्थ णं सलिलावती नामं विजए पन्नत्ते।

सूत्र २ सुधर्मा स्वामी ने उत्तर दिया-हे जम्बू ! काल के उस भाग में इसी जम्बूद्वीप मे महाविदेह नामक क्षेत्र में, मेरु पर्वत की पश्चिम दिशा में सलिलावती नामक विजय (भौगोलिक क्षेत्र) था जिसके उत्तर मे निषध नामक विशाल पर्वत था, दक्षिण में शीतोदा नाम की महानदी थी, पश्चिम में सुन्दर वक्षार पर्वत और पूर्व में पश्चिमी लवण समुद्र था।

2. Sudharma Swami narrated—Jambu ! During that period of time in this same Jambu continent in the Mahavideh area on the western side of the mountain Meru there existed a Vijaya (a geographical area, like a state) named Salilavati It was surrounded by a large mountain named Nishadh at its north, a great river named Sheetoda at its south, the beautiful Vakshar Mountain at its west and the western salty-sea at its east

सूत्र ३. तत्थ णं सलिलावतीविजए वीयसोगा नामं रायहाणी पण्णत्ता–नवजोयणवित्थिन्ना जाव पच्चक्खं देवलोगभूया।

तीसे णं वीयसोगाए रायहाणीए उत्तरपुरच्छिमे दिसिभाए एत्थ णं इंदकुंभे नामं उज्जाणे होत्था।

तत्थ णं वीयसोगाए रायहाणीए बले नामं राया होत्था। तस्स धारिणीपामोक्खं देविसहस्सं उवरोधे होत्था।

सूत्र ३ सलिलावती विजय की राजधानी वीतशोका नगरी थी। वह नौ योजन चौडी और बारह योजन लम्बी थी और साक्षात् देवलोक के समान थी।

वीतशोका के उत्तर-पूर्व में इन्द्रकुम्भ नाम का उद्यान था।

वहाँ के राजा का नाम बल था जिसके एक हजार रानियाँ थी और उनमें धारिणी प्रमुख थी।

3. The capital of Salılavatı Vıjaya was the cıty of Veetshoka It was twelve yojan (an ancient measure of dıstance) long and nıne yojan wıde and looked like a heavenly town

There was a garden named Indrakumbh to the north-east of the cıty

The name of the ruler of that cıty was Bal He had one thousand consorts lead by queen Dharını

महाबल का जन्म

सूत्र ४. तए ण सा धारिणी देवी अन्नया कयाइ सीहं सुमिणे पासित्ता ण पडिबुद्धा जाव महब्बले नामं दारए जाए, उम्मुक्कबालभावे जाव भोगसमत्थे। तए णं त महब्बल अम्मापियरो सरिसियाणं कमलसिरीपामोक्खाण पंचण्ह रायवरकन्नासयाण एगदिवसेणं पाणिं गेण्हावेंति। पंच पासायसया पचसओ दाओ जाव विहरइ।

सूत्र ४ धारिणी देवी एक बार स्वप्न मे सिह को देखकर जाग पडी थी। स्वप्न के शुभ फल के रूप में यथासमय उसने एक पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम महाबल रखा गया। यह बालक जब युवा हुआ तो उसका विवाह एक साथ पाँच सौ सुन्दर व श्रेष्ठ कुल की राजकुमारियो से कर दिया गया जिनमें कमलश्री प्रमुख थी। विवाह के बाद महाबल को पाँच सौ महल और प्रत्येक महल के साथ प्रचुर धन दिया गया। महाबल मनुष्योचित कामभोग भोगता जीवन व्यतीत करने लगा।

BIRTH OF MAHABAL

4. One day queen Dharini woke up from her sleep after seeing a great lion in her dream. As a result of this auspicious dream she gave birth to a son who was named Mahabal. When this boy grew to be a young man he was married to five hundred young princesses lead by Kamal Shri, and was given five hundred well furnished palaces and ample wealth to maintain these Mahabal spent his time enjoying all earthly pleasures along with his wives.

सूत्र ५. तेणं कालेणं तेणं समएणं धम्मघोसा नामं थेरा पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं संपरिवुडे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे, गामाणुगामं दूइज्जमाणे, सुहंसुहेणं विहरमाणे जेणेव इंदकुंभे नाम उज्जाणे तेणेव समोसढे, संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरंति।

परिसा निग्गया, बलो वि राया निग्गओ, धम्मं सोच्चा णिसम्म जं नवरं महब्बलं-कुमारं रज्जे ठावेइ, ठावित्ता सयमेव बले राया थेराणं अंतिए पव्वइए, एक्कारसअंगविओ, बहूणि वासाणि सामण्णपरियायं पाउणित्ता जेणेव चारुपव्वए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता मासिएणं भत्तेणं अपाणेणं केवलं पाउणित्ता जाव सिद्धे।

सूत्र ५ एक बार धर्मघोष स्थविर अपनी शिष्य-सपदा सहित विहार करते हुए इंद्रकुम्भ उद्यान मे पधारे।

नगर मे परिषद निकली और साथ में राजा बल भी धर्मोपदेश सुनने को आये। धर्म सुनकर उन्हे वैराग्य हो गया। उन्होंने महाबल कुमार को राजगद्दी पर बैठाया और स्वयं दीक्षा ले ली। ग्यारह अग शास्त्रो का अध्ययन करके उन्होंने अनेक वर्ष तक धर्म साधना की और अन्त मे चारु पर्वत पर जाकर एक माह का अनशन कर वे सिद्ध गति को प्राप्त हुए।

5. Once during his wanderings senior ascetic (Sthavir) Dharmaghosh arrived in the Kumbh garden along with his disciples.

A delegation of citizens led by king Bal came to attend his discourse King Bal was overwhelmed by a feeling of detachment. He crowned prince Mahabal and got initiated as an ascetic. Studying all the eleven canons and doing spiritual practices for a number of years, he went to the Charu mountain. After fasting for a month and meditating all through he got liberated in the end

सूत्र ६. तए णं सा कमलसिरी अन्नया कयाइ सीहं सुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धा, जाव बलभद्दो कुमारो जाओ, जुवराया यावि होत्था।

सूत्र ६. कालान्तर में एक बार रानी कमलश्री ने स्वप्न में सिंह देखा, गर्भवती हुई और यथासमय पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम बलभद्र रखा। वह धीरे-धीरे विकास पा युवा हो गया।

6. Later, one day queen Kamalshri woke up from her sleep after seeing a great lion in her dream As a result of this auspicious dream she got pregnant and in due course gave birth to a son who was named Balbhadra With passage of time he turned to be a handsome young man

सूत्र ७. तस्स णं महब्बलस्स रन्नो इमे छप्पिय बालवयंसगा रायाणो होत्था, तं जहा-(१) अयले, (२) धरणे, (३) पूरणे, (४) वसू, (५) वेसमणे, (६) अभिचंदे, सहजाया सहवड्ढियया अण्णमण्णहियइच्छियकारया अण्णमण्णेसु रज्जेसु किच्चाइं करणिज्जाइं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

सूत्र ७. महाबल राजा के छह बाल मित्र थे-अचल, धरण, पूरण, वसु, वैश्रमण और अभिचन्द्र। वे एक समय पर ही जन्मे थे, साथ-साथ बडे हुए, परस्पर एक-दूसरे के हित की भावना रखते थे, और एक-दूसरे की इच्छा के अनुसार ही सब काम करते थे। उन्होने यह निश्चय भी कर लिया था कि इसी प्रकार आत्म-कल्याण का कार्य भी साथ-साथ ही करेगे।

7. King Mahabal had six childhood friends—Achal, Dharan, Puran, Vasu, Vaishraman, and Abhichandra They all were born at the same time and did everything with mutual consent They had also resolved that they would even do spiritual practices together

महाबल की दीक्षा

सूत्र ८. तेण कालेणं तेणं समएण धम्मघोसा थेरा जेणेव इंदकुभे उज्जाणे तेणेव समोसढा, परिसा निग्गया, महब्बलो वि राया निग्गओ। धम्मो कहिओ। महब्बलेण धम्म सोच्चा-"जं नवरं देवाणुप्पिया ! छप्पिय बालवयंसगे आपुच्छामि, बलभद्दं च कुमारं रज्जे ठावेमि, जाव छप्पिय बालवयंसए आपुच्छइ।"

तए णं ते छप्पिय बालवयंसए महब्बलं रायं एवं वयासी-"जइ ण देवाणुप्पिया ! तुब्भे पव्वयह, अम्हं के अन्ने आहारे वा ? जाव आलंबे वा ? अम्हे वि य णं पव्वयामो।"

तए णं से महब्बले राया छप्पिय बालवयसए एव वयासी-"जइ ण देवाणुप्पिया ! तुब्भे मए सद्धिं जाव पव्वयह, तओ णं तुब्भे गच्छह, जेट्ठपुत्त सएहिं सएहिं रज्जेहिं

चित्र परिचय

THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

साथ निभाने का संकल्प

चित्र २२

मेरुपर्वत के पश्चिम में वर्मी महाविदेह क्षेत्र में सलिलावती विजय थी। उसकी राजधानी थी वीतशोका नगरी।

वीतशोका नगरी के बल राजा का पुत्र महाबल। उसके बाल साथी छह अन्तरंग मित्र थे- १ अचल २ धरण ३ पूरण ४ वसु ५ वैश्रमण और ६ अभिचन्द्र। राजकुमार महाबल और उसके छहों मित्रों ने एक दिन एक दूसरे को वचन दिया हम बचपन के साथी हैं, सुख दुःख में सदा साथ निभाया है और जीवनभर हम एक दूसरे का साथ निभायेंगे। चाहे संसार में रहें या संसार त्यागें। कर्म और धर्म दोनों ही कार्यों में हम एक दूसरे को पूछकर परस्पर की सहमति से साथ देंगे।

आगे चलकर महाबल के साथ छहों मित्रों ने दीक्षा ली। तप आराधना किया। किन्तु तप आराधना में महाबल मुनि मित्रों से छुपकर अधिक तप करने लगे। मित्रों से माया (कपट) करने के कारण उन्होंने स्त्री गोत्र का बंधन कर लिया। फिर २० बोलों की उत्कृष्ट आराधना के फलस्वरूप महाबल मुनि तीर्थंकर गोत्र उपार्जित कर अगले भव में भगवान मल्लिनाथ बने।

(अध्ययन ८)

THE RESOLVE TO GIVE COMPANY

ILLUSTRATION 22

Veetshoka city was the capital of Salilavati Vijaya situated on the western side of the mountain Meru in the Mahavideh area. The name of the ruler of that city was Bal. He had a son named Mahabal. Mahabal had six childhood friends--Achal, Dharan, Puran, Vasu, Vaishraman, and Abhichandra. They all did everything with mutual consent. They also resolved that they would even do spiritual practices together. Later all the seven friends became ascetics and did vigorous penance. However, Mahabal secretly did more penances to be ahead of his friends. As a result of this deceit he earned the karma that would lead to a birth as a female in some future birth. With the help of the Bees Sthanak practice Mahabal also earned the Tirthankar Gotra and became Arhat Malli.

(CHAPTER-8)

ठावेह पुरिससहस्स-वाहिणीओ सीयाओ दुरुढा जाव पाउब्भवह। तए णं ते छप्पिय बालवयंसए जाव पाउब्भवंति।"

सूत्र ८. काल के उसी भाग में इन्द्रकुम्भ उद्यान में धर्मघोष स्थविर पधारे। परिषद निकली। धर्म सुनकर वैराग्य जागने पर महाबल राजा ने कहा-"हे देवानुप्रिय ! मैं अपने छह बाल मित्रों से परामर्श कर लेता हूँ और कुमार बलभद्र को सिंहासनारूढ़ कर देता हूँ फिर आकर आपसे दीक्षा ग्रहण करूँगा।"

फिर महाबल ने अपने छहों बाल मित्रों से पूछा। उन्होंने कहा-"देवानुप्रिय ! यदि तुम दीक्षा ले लेते हो तो हमारा कोई आधार नहीं रहेगा। ऐसे में हम भी दीक्षा लेंगे।"

महाबल ने उन्हें कहा-"देवानुप्रियो, यदि तुम भी मेरे साथ दीक्षा लेना चाहते हो तो पहले अपने-अपने ज्येष्ठ पुत्रों को राज्य सौंपो और तब पुरिससहस्रवाहिनी शिविका पर सवार होकर मेरे पास लोटो।"

INITIATION OF MAHABAL

8. During that period of time senior ascetic Dharmaghosh arrived and stayed in the Indrakumbh garden A delegation of citizens led by the king came to attend the discourse of the ascetic After listening to the preaching when king Mahabal felt like renouncing the world he said, "Beloved of gods! I will go and consult my six childhood friends as well as crown prince Balbhadra, and then come back to get initiated into the order by you "

Mahabal went and conveyed his decision to his friends and asked their opinion They said unanimously, "Beloved of gods! If you renounce the world we will be left with no support. As such, we would also like to get initiated "

Mahabal replied, "Beloved of gods! If you too want to get initiated with me, first of all hand over your kingdoms to your heirs-apparent and come back to me riding the Purisasahassa palanquins."

सूत्र ९. तए ण से महब्बले राया छप्पिय बालवयंसए पाउब्भूए पासइ, पासित्ता हट्ठतुट्ठे कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, जाव बलभद्दं कुमारं अभिसिंचेंति।

सूत्र ९ अपने मित्रो के वापस लौटने पर महाबल राजा प्रसन्न हुआ। फिर उसने अपने पुत्र बलभद्र कुमार का समारोह सहित राज्य अभिषेक कर दिया।

9. King Mahabal was pleased when his friends did as he had told and returned With grand ceremonies he crowned his son, prince Balbhadra

सूत्र १०. तए णं से महब्बले राया बलभद्दं कुमारं आपुच्छइ। तओ णं महब्बलपामोक्खा छप्पिय बालवयसए सद्धिं जाव पव्वयंति, एक्कारस अगाइ अहिज्जित्ता बहूहिं चउत्थछट्ठट्ठमेहि अप्पाणं भावेमाणा जाव विहरंति।

सूत्र १० महाबल ने तब राजा बलभद्र से आज्ञा ले अपने छहो बाल मित्रो सहित समारोहपूर्वक दीक्षा ग्रहण की, ग्यारह अग शास्त्रो का अध्ययन किया और विभिन्न प्रकार की तपस्याएँ करते हुए विचरने लगे।

10. Mahabal then sought permission from king Balbhadra and with prescribed procedure and ceremonies got initiated along with his six childhood friends These new ascetics now studied all the eleven canons and commenced their itinerant life doing penance and other spiritual practices

सूत्र ११ तए णं तेसिं महब्बलपामोक्खाण सत्तण्ह अणगाराण अन्नया कयाइ एगयओ सहियाणं इमेयारूवे मिहो कहासमुल्लावे समुप्पज्जित्था-"ज ण अम्ह देवाणुप्पिया ! एगे तवोकम्म उवसपज्जित्ता ण विहरइ, त ण अम्हेहि सव्वेहि सद्धिं तवोकम्म उवसपज्जित्ता णं विहरित्तए" त्ति कट्टु अण्णमण्णस्स एयमट्ठं पडिसुणेति, पडिसुणेत्ता बहूहि चउत्थ जाव विहरति।

सूत्र ११ एक दिन महाबल व उनके मित्र-सातो अनगार परस्पर विचार करने लगे- "हम लोगो मे से एक जिस तप का पालन करे वही तप सबको पालना चाहिये।" सबने यह बात स्वीकार कर ली और सभी एक साथ उपावस, बेला यावत मासखमण आदि तपस्याएँ करते हुए साधनामय जीवन बिताने लगे।

11. One day Mahabal and his friends had consultations, "Whatever penance or practice anyone of us starts all the others should follow the same " They all accepted this idea and started a series of penances one after another, including fasts for a day or more, stretching even to a month

महाबल का मायाचार

सूत्र १२. तए णं से महब्बले अणगारे इमेण कारणेण इत्थिणामगोय कम्म निव्वत्तिंसु-जइ णं ते महब्बलवज्जा छ अणगारा चउत्थ उवसपज्जित्ता ण विहरंति,

तओ से महब्बले अणगारे छट्ठं उवसंपज्जित्ता णं विहरइ। जइ णं ते महब्बलवज्जा अणगारा छट्ठं उवसंपज्जित्ता णं विहरंति, तओ से महब्बले अणगारे अट्ठमं उवसंपज्जित्ता णं विहरइ। एवं अट्ठमं तो दसमं, अह दसमं तो दुवालसमं।

सूत्र १२ महाबल ने इस श्रमण जीवन में अपने साथियो से छल करना आरम्भ कर दिया। जब अन्य छह श्रमण उपवास करते तो महाबल बेला करते, जब अन्य बेला करते तो महाबल तेला करते और इस प्रकार वे छल से अपने साथियों से अधिक तपस्या करते थे। इस छल व्यापार के फलस्वरूप उन्होंने स्त्री नामगोत्र कर्म का बन्धन कर लिया।

CHEATING BY MAHABAL

12. Mahabal, however, started cheating his friends When others observed a one day fast he would observe a two day fast. Thus he secretly did more vigorous penance on one pretext or the other Due to these guileful ways he acquired the Karma that would make him take the next birth as a female (The Stree-naam-gotra karma)

सूत्र १३. इमेहि पुण वीसाएहि य कारणेहि आसेवियबहुलीकएहिं तित्थयरनामगोयं कम्म निव्वत्तिसु, त जहा–

अरिहंत-सिद्ध-पवयण-गुरु-थेर-बहुस्सुए-तवस्सीसुं।
वच्छलया य तेसिं, अभिक्ख णाणोवओगे य॥१॥

दसण-विणए आवस्सए य सीलव्वए निरइयारं।
खणलव-तवच्चियाए, वेयावच्चे समाही य॥२॥

अपुव्वनाणगहणे, सुयभत्ती पवयणे पभावणया।
एएहि कारणेहि, तित्थयरत्त लहइ जीवो॥३॥

सूत्र १३ महाबल ने इनके अतिरिक्त बीस कारणों (बीस स्थानक) की एकानेक बार उपासना–आराधना की जिसके फलस्वरूप उन्होने तीर्थंकर नामगोत्र कर्म का बंधन भी कर लिया। वे बीस स्थानक हैं–

(१) अरिहत, (२) सिद्ध, (३) प्रवचन, (४) गुरु, (५) स्थविर, (६) बहुश्रुत, (७) तपस्वी की सेवा-भक्ति (८) सतत ज्ञानोपयोग, (९) दर्शनविशुद्धि, (१०) विनय, (११) षडावश्यक, (१२) निरतिचार ब्रत साधना, (१३) विरक्ति, (१४) तप, (१५) सुपात्र दान, (१६) वैयावृत्य, (१७) सघ को समाधि प्रदान करना, (१८) अपूर्व ज्ञान ग्रहण, (१९) श्रुत भक्ति, (२०) प्रवचन प्रभावना।

13. Besides these penances, Mahabal also repeatedly indulged in the twenty auspicious practices that are the basis of acquiring the Tirthankar-naam-gotra-karma, or the karma that leads one to the lofty status of a Tirthankar in the birth after the next one These practices are termed as Bees Sthanak and are—

1 Arihant (worship of the Tirthankar), 2 Siddha (worship of the liberated soul), 3 Pravachan (faith in the discourse), 4 Guru (worship of the teacher), 5 Sthavir (worship of the senior ascetic), 6 Bahushrut (worship of the scholar) , 7. Tapasvi (worship of those who indulge in penance), 8 Satat Jnanopayog (continued application of knowledge for maximum possible time), 9 Darshan Vishuddhi (purity of perception), 10 Vinay (to praise the virtues of others and be happy at the progress of others), 11 Shadavashyak (to practice the six essentials in the prescribed way at the prescribed time), 12 Niratichar Vrat Sadhana (to observe all the vows and codes of conduct with ever increasing indulgence), 13 Virakti (to develop and practice apathy for attachment, fondness, conceit, and greed), 14 Tapa (to practice penance with all intensity), 15 Supatra Daan (to give charity to the deserving), 16 Vaiyavritya (to look after and take care of the detached), 17 Samadhi (to give due importance and respect to the four pronged religious organization), 18 Apurva-Jnana-Grahan (to enhance knowledge regularly), 19 Shrut Bhakti (to have faith on the sermons of the detached or the canons), and 20 Pravachan Prabhavana (propagation of the sermon of the Tirthankar and the discipline of the order)

महाबल आदि की तपस्या

सूत्र १४. तए ण ते महब्बलपामोक्खा सत्त अणगारा मासिअ भिक्खुपडिम उपसपज्जित्ता ण विहरंति, जाव एगराइअ भिक्खुपडिम उपसपज्जित्ता ण विहरंति।

सूत्र १४ इसके बाद वे सातो अनगार एक माह की पहली भिक्षु प्रतिमा का पालन करने लगे। फिर उन्होने क्रमश बारहवी भिक्षु प्रतिमा तक का पालन किया।

PENANCES OF MAHABAL AND FRIENDS

14. After this all these seven ascetics observed a specific penance known as the first Bhikshu Pratima for one month They continued

this practice in ascending order up to the twelfth Bhikshu Pratima (as detailed in the first chapter).

सूत्र १५. तए णं ते महब्बलपामोक्खा सत्त अणगारा खुड्डागं सीहनिक्कीलियं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ता णं विहरंति, तं जहा–

चउत्थं करेंति, करित्ता सव्वकामगुणियं पारेंति, पारित्ता छट्ठं करेंति, करित्ता चउत्थं करेंति, करित्ता अट्ठम करेंति, करित्ता छट्ठं करेंति, करित्ता दसमं करेंति, करित्ता अट्ठमं करेंति, करित्ता दुवालसमं करेंति, करित्ता दसमं करेंति, करित्ता चाउद्दसमं करेंति, करित्ता दुवालसम करेंति, करित्ता सोलसम करेंति, करित्ता चोद्दसमं करेंति, करित्ता अट्ठारसम करेंति, करित्ता सोलसम करेंति, करित्ता वीसइमं करेंति, करित्ता अट्ठारसमं करेति, करित्ता वीसइम करेंति, करित्ता सोलसमं करेंति, करित्ता अट्ठारसमं, करेंति, करित्ता चोद्दसम करेंति, करित्ता सोलसमं करेंति, करित्ता दुवालसमं करेंति, करित्ता चाउद्दसमं करेंति, करित्ता दसम करेंति, करित्ता दुवालसमं करेंति, करित्ता अट्ठमं करेति, करित्ता दसमं करेति, करित्ता छट्ठं करेंति, करित्ता अट्ठमं करेंति, करित्ता चउत्थं करेंति, करित्ता छट्ठ करेंति, करित्ता चउत्थं करेंति। सव्वत्थ सव्वकामगुणिएणं पारेंति।

सूत्र १५ उपर्युक्त तपस्याओ के बाद सातो अनगारों ने एक और कठिन तप जिसे क्षुल्लक सिह-निष्क्रीडित तप कहते है, किया। उसकी आराधना विधि इस प्रकार है–

प्रथम एक उपवास करके विगय सहित पारणा किया जाता है। उसके बाद दो उपवास और पारणा, फिर एक उपवास और पारणा, तब तीन उपवास और पारणा, दो उपवास और पारणा, चार उपवास और पारणा, यह क्रम ९ उपवास तक बढ़ता रहता है और उसी क्रम से घटकर एक उपवास पर आता है। पूरा क्रम इस प्रकार है–१ उ पा, २ उ. पा, १ उ पा, ३ उ पा, २ उ पा, ४ उ पा., ३ उ पा, ५ उ पा., ४ उ. पा., ६ उ पा, ५ उ पा, ७ उ पा, ६ उ पा, ८ उ पा., ७ उ पा, ९ उ पा, ८ उ. पा., ९ उ पा, ७ उ पा, ८ उ पा, ६ उ पा, ७ उ पा, ५ उ पा, ६ उ. पा., ४ उ. पा, ५ उ पा, ३ उ पा, ४ उ पा, २ उ पा., ३ उ पा, १ उ. पा., २ उ. पा, १ उ पा। उ = उपवास, पा = पारणा।

15. After these practices all the seven ascetics observed a much harsher penance known as minor Simha-Nishkreedit. The details of this penance are as follows—

It is started with a fast for one day and eating unrestricted but pure food the next day After this a two day fast is observed and it

is broken like the earlier one Again a one day fast followed by a day with food, then a three day fast and after a day with food a two day fast. This sequence is followed in ascending order till it reaches a period of nine day fast and then the whole sequence is reversed, in descending order, till it reaches one day fast. The complete sequence being—

Fast for 1 day, eat one day, fast for 2 days, eat one day, fast for 1 day, eat one day, fast for 3 days, eat one day, fast for 2 days, eat one day, fast for 4 days, eat one day, fast for 3 days, eat one day, fast for 5 days, eat one day, fast for 4 days, eat one day, fast for 6 days, eat one day, fast for 5 days, eat one day, fast for 7 days, eat one day, fast for 6 days, eat one day, fast for 8 days, eat one day, fast for 7 days, eat one day, fast for 9 days, eat one day, fast for 8 days, eat one day, fast for 9 days, eat one day, fast for 7 days, eat one day, fast for 8 days, eat one day, fast for 6 days, eat one day, fast for 7 days, eat one day, fast for 5 days, eat one day, fast for 6 days, eat one day, fast for 4 days, eat one day, fast for 5 days, eat one day, fast for 3 days, eat one day, fast for 4 days, eat one day, fast for 2 days, eat one day, fast for 3 days, eat one day, fast for 1 day, eat one day, fast for 2 days, eat one day, fast for 1 day, eat one day

सूत्र १६. एव खलु एसा खुड्डागसीहनिक्कीलियस्स तवोकम्मस्स पढमा परिवाडी छहि मासेहि सत्तहि य अहोरत्तेहिय अहासुत्ता जाव आराहिया भवइ।

तयाणंतरं दोच्चाए परिवाडीए चउत्थ करेति, नवरं विगइवज्ज पारेंति। एव तच्चा वि परिवाडी, नवर पारणए अलेवाडं पारेंति। एवं चउत्था वि परिवाडी, नवर पारणए आयंबिलेणं पारेंति।

सूत्र १६ इस तप का प्रथम चरण छह महीने सात दिन का होता है और इसमे १५४ उपवास और तेतीस पारणे किये जाते है।

दूसरे चरण मे उपवास और पारणे का क्रम वही रहता है किन्तु पारणा निर्विगय (विगय रहित) किया जाता है। तीसरे चरण मे पारणा निर्लेप (रूखा) आहार का होता है और चौथे चरण मे आयबिल से पारणा करते हैं।

16. This first section of the penance lasts for six months and seven days It has 154 days of fasting and 33 days with food

The second section is done with the same sequence of fasting and eating, but this time the food is restricted or no prohibited things are included In the third section the food is without any thing oily and in the fourth section the fast is broken with Ayambil (to eat food prepared with one type of grain only without adding even oil or water).

सूत्र १७ तए णं ते महब्बलपामोक्खा सत्त अणगारा खुड्डाग सीहनिक्कीलियं तवोकम्म दोहि संवच्छरेहिं अट्ठावीसाए अहोरत्तेहिं अहासुत्त जाव आणाए आराहेत्ता जेणेव थेरे भगवते तेणेव उवागच्छति उवागच्छित्ता थेरे भगवंते वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमसित्ता एव वयासी–

इच्छामो ण भंते ! महालय सीहनिक्कीलियं तवोकम्म तहेव जहा खुड्डागं, नवरं चोत्तीसइमाओ नियत्तए, एगाए चेव परिवाडीए कालो एगेणं संवच्छरेणं छहिं मासेहिं अट्ठारसेहि य अहोरत्तेहिं समप्पेइ। सव्व पि सीहनिक्कीलियं छहि वासेहिं, दोहि य मासेहिं, बारसेहि य अहोरत्तेहिं समप्पेइ।

सूत्र १७ महाबल और सातो अनगार जब इस लघु सिहनिष्क्रीडित तप के चारो चरण दो वर्ष और अट्ठाईस दिन मे तीर्थकर की आज्ञा और सूत्र के निर्देशानुसार पूर्ण कर चुके तब वे स्थविर भगवत के पास आए और बोले–

"भन्ते ! अब हम महा सिहनिष्क्रीडित तप करना चाहते है।" गुरु की आज्ञा मिलने पर उन्होने यह तप किया। इस तप मे उपवासो और पारणो का विकास क्रम वही रहता है पर ९ उपवास के स्थान पर यह सोलह उपवास तक चलता है। इस एक चरण में एक वर्ष छह महीने और अठारह दिन लगते है। चारो चरण पूर्ण करने में छह वर्ष दो महीने और बारह दिन लगते है।

17. When the seven ascetics including Mahabal completed the four sections of this great penance in two years and twenty eight days, strictly following the rules laid down in the scriptures by the Tirthankar, they approached the senior ascetic and said—

"Bhante! We now want to observe the major Simhanishkreedit penance " On getting the permission they started this penance. This penance is observed exactly as the earlier one but the duration of the maximum days of fasting is increased up to sixteen days instead of nine days One section of this penance lasts for one year six months and eighteen days It takes six years two months and twelve days to complete all the four sections of this penance

सूत्र १८. तए णं ते महब्बलपामोक्खा सत्त अणगारा महालयं सीहनिक्कीलियं अहासुत्तं जाव आराहेत्ता जेणेव थेरे भगवंते तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता थेरे भगवंते वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसित्ता बहूणि चउत्थ जाव विहरंति।

सूत्र १८ स्थविर भगवन्त की आज्ञा प्राप्त कर महाबल आदि सातों अनगारों ने सूत्रानुसार विधि से तप सम्पन्न किया। तत्पश्चात् वे स्थविर भगवन्त के पास लौटे, उन्हें यथाविधि वन्दना कर सामान्य व्रत-उपवास करते जीवन बिताने लगे।

18. With the permission of the senior ascetic and according to the procedure prescribed in the scriptures the seven ascetics completed the penance. They came to the senior ascetic and after offering him salutations they resumed their normal ascetic life observing the simple penances.

समाधिमरण

सूत्र १९. तए णं ते महब्बलपामोक्खा सत्त अणगारा तेण उरालेण तवोकम्मेणं सुक्का भुक्खा जहा खंदओ, नवरं थेरे आपुच्छित्ता चारुपव्वयं दुरूहंति। दुरूहित्ता जाव दोमासियाए संलेहणाए सवीसं भत्तसयं अणसणं, चउरासीइं वाससयसहस्साइं सामण्णपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता चुलसीइं पुव्वसयसहस्साइं सव्वाउय पालइत्ता जयते विमाणे देवत्ताए उववन्ना।

तत्थ णं अत्थेगइयाणं देवाणं बत्तीसं सागरोवमाइं ठिई पन्नत्ता। तत्थ णं महब्बल-वज्जाण छण्हं देवाणं देसूणाइं बत्तीसं सागरोवमाइं ठिई, महब्बलस्स देवस्स पडिपुण्णाइ बत्तीसं सागरोवमाइं ठिई पन्नत्ता।

सूत्र १९. ये सातों अनगार इस कठोर तप के कारण स्कन्दक मुनि (भगवतीसूत्र) के समान दुबले और तेजहीन हो गये। उन्होने स्थविर भगवंत से आज्ञा ली और चारु पर्वत पर चले गये। वहाँ उन्होंने दो महीने की संलेखना कर शरीर त्याग दिया। वे सातो अनगार चौरासी लाख वर्षो तक श्रमण जीवन बिता, चौरासी लाख पूर्व की पूर्ण आयु मे देवलोक गये। जयत नाम के तीसरे अनुत्तर विमान में देवरूप मे उनका जन्म हुआ।

जयत विमान मे उत्कृष्ट स्थिति बत्तीस सागरोपम की बताई है। महाबल की देव आयुष्य पूरे बत्तीस सागरोपम की हुई और अन्यों की उससे कुछ वर्ष कम।

HEDITATION UNTO DEATH

19. As a result of this extreme penance all the seven ascetics became dull and weak like Skandak Muni (as detailed in Bhagavati

Sutra). They sought permission from the senior ascetic and went to the Charu mountain. There they took a two month duration ultimate vow and breathed their last. All these ascetics spent eight million four hundred thousand years as ascetics out of their total age of eight million four hundred thousand Purvas (a superlative measure of time), before going to the dimension of gods. They were born as gods in the third Anuttar Viman named Jayant (a dimension of gods).

The maximum life-span of a god in the Jayant Viman is said to be thirty two Sagaropam (a superlative measure of time) Mahabal had this maximum life-span whereas the others had a few years shorter

सूत्र २०. तए णं ते महब्बलवज्जा छप्पिय देवा जयंताओ देवलोगाओ आउक्खएणं ठिइक्खएणं भवक्खएणं अणंतरं चय चइत्ता इहेव जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे विसुद्धपिइमाइवंसेसु रायकुलेसु पत्तेयं पत्तेयं कुमारत्ताए पच्चायाया। तं जहा–

पडिबुद्धी इक्खागराया १,

चंदच्छाए अंगराया २,

संखे कासिराया ३,

रुप्पी कुणालाहिवई ४,

अदीणसत्तू कुरुराया ५,

जियसत्तू पचालाहिवई ६।

सूत्र २०. महाबल के छहो साथी देवलोक की आयु, स्थिति और भव समाप्त होने पर तत्काल शरीर त्याग कर जम्बूद्वीप मे भरतवर्ष में माता-पिता के विशुद्ध वशों व राजकुलों मे अलग-अलग कुमार रूप मे जन्मे। वे इस प्रकार हैं–

(१) प्रतिबुद्धि इक्ष्वाकु देश का राजा बना (अयोध्या)।

(२) चद्रच्छाय अग देश का राजा बना (चम्पा)।

(३) शख काशी देश का राजा बना (वाराणसी)।

(४) रुक्मि कुणाल देश का राजा बना (श्रावस्ती)।

(५) अदीनशत्रु कुरु देश का राजा बना (हस्तिनापुर)।

(६) जितशत्रु पांचाल देश का राजा बना (कांपिल्यपुर)।

20. Completing the life-span, state, and life in the dimension of gods, all the six friends of Mahabal immediately left there divine

bodies and were born as princes in pure clans and ruling families in Bharatvarsha in the Jambu continent They grew to be rulers of the following states—

1 Pratibuddhi the king of Ikshvaku country (capital-Ayodhya)
2 Chandracchaya the king of Anga country (capital-Champa)
3 Shankh the king of Kashi country (capital-Varanasi)
4. Rukmi the king of Kunal country (capital-Shravasti)
5 Adinshatru the king of Kuru country (capital-Hastinapur)
6 Jitshatru the king of Panchal country (capital-Kampilyapur)

तीर्थंकर अवतरण

सूत्र २१ तए णं से महब्बले देवे तिहिं णाणेहि समग्गे उच्चट्ठाणट्ठिएसु गहेसु, सोमासु दिसासु वितिमिरासु विसुद्धासु, जइएसु सउणेसु, पयाहिणाणुकूलंसि भूमिसप्पिसि मारुतंसि पवायंसि, निप्फन्नसस्समेइणीयंसि कालंसि, पमुइयपक्कीलिएसु जणवएसु, अद्धरत्तकालसमयंसि अस्सिणीनक्खत्तेण जोगमुवागएण, जे से हेमताण चउत्थे मासे, अट्ठमे पक्खे फग्गुणसुद्धे, तस्स ण फग्गुणसुद्धस्स चउत्थिपक्खेण जयंताओ विमाणाओ बत्तीससागरोवमट्ठिइयाओ अणतरं चय चइत्ता इहेव जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे मिहिलाए रायहाणीए कुंभगस्स रन्नो पभावईए देवीए कुच्छिंसि आहारवक्कंतीए सरीरवक्कंतीए भववक्कंतीए गब्भत्ताए वक्कंते।

सूत्र २१ सभी ग्रह उच्च स्थान पर थे, सभी दिशाएँ सौम्य, अधकार रहित और विशुद्ध थी, सभी शकुन विजय कारक थे, दक्षिण दिशा से चलता पवन अनुकूल हो वह रहा था, फले-फूले धान से खेत हरे-भरे थे और लोग हर्ष से क्रीडा कर रहे थे। हेमन्त ऋतु के चौथे महीने का आठवाँ पक्ष चल रहा था। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष का चौथा दिन था। मध्य-रात्रि के समय अश्विनी नक्षत्र का योग आने पर महाबल देव ने तीन ज्ञान से युक्त हो बत्तीस सागरोपम की आयु, भव और स्थिति पूर्ण कर जयन्त नामक विमान से प्रयाण किया और भरत क्षेत्र की मिथिला नगरी के कुभ राजा की भार्या प्रभावती देवी की कोख मे दैवीय आहार, भव और शरीर को मानवीय आहार, भव और शरीर मे बदलते हुए अवतरित हुआ।

THE DESCENT OF THE TIRTHANKAR

21. All the planets were in their ascendant positions All the cardinal directions were serene bright and pure There was an

abundance of auspicious signs. The southern wind was favourable The fields were lush green and rich with crops Masses were exultant with joy It was the fourth month and the eighth fortnight of the winter season It was the fourth day of the bright half of the month of Phalgun

At midnight when the moon entered the first (Ashwin) lunar mansion the soul of Mahabal, completed its thirty two Sagaropam age, state, and life as god, and left the Jayant dimension of gods. Equipped with three types of knowledge and transforming the state, constitution, and factors of sustenance from the divine realm to the human realm, it descended into the womb of queen Prabhavati Devi, wife of King Kumbh of Mithila city in Bharat area

सूत्र २२. तं रयणि च णं पभावई देवी तंसि तारिसगसि वासभवणंसि सयणिज्जंसि जाव अद्धरत्तकालसमयंसि सुत्तजागरा ओहीरमाणी ओहीरमाणी इमेयारूवे उराले कल्लाणे सिवे धण्णे मगल्ले सस्सिरीए चउद्दसमहासुमिणे पासित्ता ण पडिबुद्धा। त जहा–

गय-वसह-सीह-अभिसेय-दाम-ससि-दिणयर-झय-कुंभे।
पउमसर-सागर-विमाण-रयणुच्चय-सिहिं च॥

तए ण सा पभावई देवी जेणेव कुंभए राया तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता जाव भत्तार-कहण, सुमिणपाढगपुच्छा जाव विहरइ।

सूत्र २२ उस रात स्वच्छ शयनागार में सोई हुई प्रभावती देवी चौदह महास्वप्न देखकर जागी–(१) हाथी, (२) वृषभ, (३) सिह, (४) देवी लक्ष्मी का अभिषेक, (५) पुष्प माला, (६) चन्द्रमा, (७) सूर्य, (८) ध्वजा, (९) कुम्भ, (१०) पद्म-सरोवर, (११) सागर, (१२) देव विमान (भवन), (१३) रत्न राशि, और (१४) निर्धूम अग्नि।

इन स्वप्नो की बात उसने कुभ राजा से बताई। राजा ने स्वप्न पाठकों से उनका फल पूछा और वे प्रसन्न हो समय बिताने लगे।

22. That night Prabhavati Devi awoke when she saw the fourteen great dreams They are—1 an elephant, 2. a bull, 3 a lion, 4 annointing of goddess Laxmi, 5 a garland of flowers, 6. the moon, 7 the sun, 8 a flag, 9 an urn, 10 a lotus flower pond, 11. a sea, 12 a vehicle of gods, 13 a heap of gems, and 14. smokeless flames of fire

She narrated these dreams to king Kumbh He called the dream diviners and asked the interpretation. They were pleased to hear about the auspicious and bountiful future the dreams forebode

पुष्प-दोहद

सूत्र २३. तए णं तीसे पभावईए देवीए तिण्हं मासाणं बहुपडिपुण्णाणं इमेयारूवे डोहले पाउब्भूए-"धन्नाओ ण ताओ अम्मयाओ जाओ णं जल-थलयभासुरप्पभूएणं दसद्धवण्णेण मल्लेणं अत्थुय-पच्चत्थुयंसि सयणिज्जंसि सन्निसन्नाओ सण्णिवन्नाओ य विहरंति। एगं च णं महं सिरीदामगंडं पाडल-मल्लिय-चंपय-असोग-पुन्नाग-मरुयग-दमणग-अणोज्ज-कोज्जय-कोरंट-पत्तवरपउर परमसुह-फासदरिसणिज्ज महया गधद्धुणि मुयत अग्घायमाणीओ डोहलं विणेंति।

सूत्र २३. तीन महीने बीत जाने पर प्रभावती देवी के मन मे एक दोहद उत्पन्न हुआ-"वे माताएँ धन्य हैं जो जल-थल मे उत्पन्न, खिले हुए तरह-तरह के पचरगे फूलो की कई तहों से भरी-पूरी शय्या पर आनन्द से बैठती और सोती है। गुलाब, मालती, चम्पा, अशोक, पुन्नाग, नाग, मरुवा, दमनक, कोरट तथा सुन्दर कुब्जक के फूलो-पत्तो से बने कोमल, सुन्दर और सुरभित गजरों को सूँघती हैं और इस प्रकार फूलो से घिरी अपना दोहद पूरा करती है।"

DOHAD OF FLOWERS

23. During the third month of her pregnancy Queen Prabhavati had a Dohad—"Blessed are the mothers who enjoy sitting and sleeping on a bed filled with layers of a variety of multicoloured flowers which grow on land as well as in water Who smell soft, beautiful and sweetly fragrant intwined garlands made of flowers like rose, Malati, Champa, Ashok, Punnaag, Naag, Maruva, Damanak, Korant, and Kubjak and leaves from the same plants Thus surrounded with flowers they fulfill their Dohad"

सूत्र २४. तए णं तीसे पभावईए देवीए इमेयारूव डोहल पाउब्भूय पासित्ता अहासन्निहिया वाणमंतरा देवा खिप्पामेव जलथलय-भासुरप्पभूयं दसद्धवन्नमल्लं कुंभग्गसो य भारग्गसो य कुंभगस्स रण्णो भवणंसि साहरंति। एग च णं महं सिरिदामगंडं जाव गंधद्धुणिं मुयंत उवणेंति।

सूत्र २४. आसपास रहे वाण-व्यन्तर देवों को जैसे ही प्रभावती देवी के इस दोहद का आभास हुआ, उन्होंने जल्दी से जल-थल के उपर्युक्त फूलों के ढेर राजा कुम्भ के महल में पहुँचा दिये और साथ में एक सुन्दर, कोमल, सुरभित गजरा भी रख दिया।

24. As soon as the Van-Vyantar gods (a specific category of lower gods) became aware of this Dohad of Queen Prabhavati they delivered heaps of flowers, mentioned above, in King Kumbh's palace. They also put a beautiful, delicate and fragrant intwined garland with these flowers

सूत्र २५. तए णं सा पभावई देवी जलथलयभासुरप्पभूएणं मल्लेणं डोहलं विणेइ। तए णं सा पभावई देवी पसत्थडोहला जाव विहरइ।

तए ण सा पभावई देवी नवण्हं मासाणं अद्धट्ठमाण य रत्तिंदियाणं जे से हेमंताणं पढमे मासे दोच्चे पक्खे मग्गसिरसुद्धे, तस्स णं मग्गसिरसुद्धस्स एक्कारसीए पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि अस्सिणीनक्खत्तेणं जोगमुवागएणं उच्चट्ठाणगएसु गहेसु जाव पमुइयक्कीलिएसु जणवएसु आरोयारोय एगूणवीसइमं तित्थयरं पयाया।

सूत्र २५ प्रभावती देवी ने इन फूलों और मालाओं से अपना दोहद पूर्ण किया और आनन्द से रहने लगी। इसी प्रकार नौ महीने और साढ़े सात दिन बीत गये। हेमन्त ऋतु के पहले महीने और दूसरे पक्ष मे मंगसर सुदी एकादशी के दिन मध्य-रात्रि के साथ अश्विनी नक्षत्र का योग आने पर प्रभावती देवी ने सुखपूर्वक पूर्ण आरोग्य युक्त उन्नीसवें तीर्थंकर को जन्म दिया।

25. Queen Prabhavati fulfilled her Dohad with these flowers and garlands and lived happily. Nine months and seven and a half days passed During the first month and the second fortnight of the winter season Queen Prabhavati normally gave birth to the nineteenth Tirthankar on the eleventh day of the bright half of the month of Mangsar when the moon entered the first (Ashwini) lunar mansion at midnight

जन्म व नामकरण उत्सव

सूत्र २६. तेण कालेण तेण समएण अहोलोगवत्थव्वाओ अट्ठ दिसाकुमारीओ महयरीयाओ जहा जुबुद्दीवपन्नत्तीए जम्मणं सव्वं भाणियव्वं। नवरं मिहिलाए नयरीए कुभरायस्स भवणसि पभावईए देवीए अभिलावो संजोएव्वो जाव नंदीसरवरे दीवे महिमा।

सूत्र २६ काल के उस भाग में अधोलोक में रहने वाली प्रधान आठ दिशा कुमारिकाएँ आईं और फिर देवता आये। सबने मिलकर परम्परागत रीति से तीर्थंकर का जन्माभिषेक किया और तब नन्दीश्वर द्वीप में जाकर महोत्सव किया। (विस्तृत वर्ण जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के अनुसार)

BIRTH AND NAMING CEREMONIES

26. During that period of time the eight goddesses of direction came from the lower worlds followed by other gods They together performed the traditional post-birth annointing ritual Then they proceeded to the Nandishvar island and celebrated the birth festival of the Tirthankar (details available in Jambudveep Prajnapti)

सूत्र २७. तया णं कुंभए राया बहूहिं भवणवइ-वाणविंतर-जोइसिय-वेमाणिएहिं देवेहिं तित्थयरजम्मणाभिसेय जायकम्मं जाव नामकरण, जम्हा ण अम्हे इमीए दारियाए माउगब्भसि वक्कममाणंसि मल्लसयणिज्जंसि डोहले विणीए, त होउ ण णामेणं मल्ली, नामं ठवेइ, जहा महाबले नाम जाव परिवड्ढिया।

सा वड्ढई भगवई, दियालोयचुया अणोपमसिरीया।
दासीदासपरिवुडा, परिकिन्ना पीढमद्देहि ॥१॥
असियसिरया सुनयणा, बिंबोट्ठी धवलदंतपतीया।
वरकमलगब्भगोरी फुल्लुप्पलगंधनीसासा ॥२॥

सूत्र २७ फिर राजा कुम्भ ने भवन पति आदि चारो जाति के अनेक देवो के सान्निध्य मे तीर्थंकर का जातकर्म व अन्य सस्कार सम्पन्न कर नामकरण घोषित किया–"जब हमारी यह पुत्री माता के गर्भ मे थी तब माता को माला (फूल) की शय्या पर सोने का दोहद हुआ था अत इसका नाम मल्ली हो।" यह सब वर्णन भगवतीसूत्र मे वर्णित महाबल के नामकरण के समान है।

27. King Kumbh performed the traditional post birth ceremonies in presence of gods from all the four classes including Bhavanpati The last was the naming ceremony when the king announced, "When this daughter of ours was still in the womb her mother had a Dohad of sleeping on a bed filled with flowers and garlands So let her be known as Malli (flower garland)" The detailed description of these celebrations is same as that mentioned in Bhagavati Sutra with reference to Mahabal

सूत्र २८ तए णं सा मल्ली विदेहवररायकन्ना उम्मुक्कबालभावा जाव रूवेण य जोव्वणेण य लावण्णेण य अईव अईव उक्किट्ठा उक्किट्ठसरीरा जाया यावि होत्था।

सूत्र २८ विदेहराज की वह दिव्य पुत्री समय के साथ बढ़ने लगी और बाल्यावस्था पार कर रूप, यौवन और लावण्य से परिपूर्ण उत्कृष्ट देहवाली हो गई।

28. With passage of time this divine daughter of the king of Videh crossed her childhood and grew to be a beautiful, charming, and perfectly proportioned young woman

सूत्र २९. तए णं सा मल्ली विदेहवररायकन्ना देसूणवाससयजाया ते छप्पिय रायाणो विपुलेण ओहिणा आभोएमाणी आभोएमाणी विहरइ, तं जहा–पडिबुद्धिं जाव जियसत्त पचालाहिवइ।

सूत्र २९ मल्लीकुमारी जब सौ वर्ष से कुछ कम आयु की हुई तब अपने पूर्व भव के मित्रो के विषय मे अपने अवधिज्ञान से जानने लगी जो यहा पर प्रतिबुद्धि, जितशत्रु आदि बने है।

29. When Princess Malli was a little less then one hundred years old she became aware of the present state of her friends from the earlier birth through her Avadhi Jnana (extra-sensory perception of the physical dimension)

मोहनगृह का निर्माण

सूत्र ३० तए ण सा मल्ली विदेहवररायकन्ना कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ सद्दावित्ता एव वयासी–"गच्छह ण देवाणुप्पिया ! असोगवणियाए एग महं मोहणघरं करेह अणेयखभसयसन्निविट्ठं। तत्थ ण मोहणघरस्स बहुमज्झदेसभाए छ गब्भघरए करेह। तेसिं ण गब्भघराण बहुमज्झदेसभाए जालघरय करेह। तस्स णं जालघरयस्स बहुमज्झदेसभाए मणिपेढिय करेह।" ते वि तहेव जाव पच्चप्पिणति।

सूत्र ३० एक दिन मल्लीकुमारी ने सेवको को बुलाकर कहा–"देवानुप्रियो ! जाओ और अशोक वाटिका मे एक विशाल मोहनघर (मायामहल) बनाओ जिसमें अनेक स्तम्भ हो। उस सभागृह के बीचोबीच छह कमरो से घिरा एक जालीदार कमरा बनाओ। इस जालीदार कमरे के बीचोबीच एक मणियो से जड़ी चौकी बनाओ।" सेवकों ने यह सब काम पूरा कर वापस आ उन्हे सूचना दी।

CONSTRUCTION OF THE HOUSE OF ILLUSION

30. One day Princess Malli called her staff and said, "Beloved of gods! Go to the Ashok garden and arrange to construct a large house of

illusion having numerous pillars At the exact centre of this building construct a room with grills surrounded by six other connected rooms At the centre of this room erect a pedestal inlaid with gems" The attendants carried out the order and reported back

सूत्र ३१. तए णं मल्ली मणिपेढियाए उवरिं अप्पणो सरिसियं सरिसत्तयं सरिसव्वयं सरिस-लावन्न-जोव्वण-गुणोववेयं कणगमइं मत्थयच्छिड्डं पउमुप्पलप्पिहाणं पडिमं करेइ, करित्ता जं विपुलं असणं पाणं खाइम साइमं आहारेइ, तओ मणुन्नाओ असण-पाण-खाइम-साइमाओ कल्लाकल्लिं एगमेगं पिंडं गहाय तीसे कणगमईए मत्थयच्छिड्डाए जाव पडिमाए मत्थयंसि पक्खिवमाणी विहरइ।

सूत्र ३१ मल्लीकुमारी ने तब अपनी अनुकृति की, समान त्वचा, समवय, समान लावण्य, यौवन, और गुणयुक्त सोने की एक समाकार मूर्ति बनवाकर उस चौकी पर रखवाई। इस खोखली मूर्ति के मस्तक पर एक छेद था और उस पर कमल का ढक्कन। मल्लीकुमारी प्रतिदिन जो स्वादिष्ट भोजन करती उसमे से एक ग्रास नित्य मस्तक के छेद से उस मूर्ति में डालने लगी।

31. Now Princess Malli arranged for a life-size statue, an exact replica of her own self in gold, and got it installed on the pedestal This idol resembled her in all parameters including skin-tone, age, charm, youth, and other attributes It was a hollow idol with a hole at the top and it was covered with a lotus Princess Malli started dropping one handful of the rich food she ate into the hollow idol through this hole every day

सूत्र ३२. तए णं तीसे कणगमईए जाव मत्थयछिड्डाए पडिमाए एगमेगसि पिडे पक्खिप्पमाणे पक्खिप्पमाणे पउमुप्पलपिहाणं पिहेइ। तओ गंधे पाउब्भवइ, से जहानामए अहिमडेइ वा जाव चेव अमणामतराए।

सूत्र ३२ मूर्ति के भीतर नित्य भोजन डालकर वह छेद कमल के ढक्कन से बन्द कर देती। इससे उसमे से ऐसी अप्रिय और भीषण दुर्गन्ध निकलने लगी जिसकी तुलना मे सर्प आदि मृत जीवो के सडे शरीर से निकलती गंध भी कुछ नही थी।

32. She would close the hole with the lotus-lid after dropping the food After a few days it started emitting a stench that was much more foul and obnoxious even as compared with that emitted by putrefied dead bodies

राजा प्रतिबुद्धि

सूत्र ३३. तेणं कालेणं तेणं समएणं कोसले नाम जणवए होत्था। तत्थ णं सागेए नाम नयरे होत्था। तस्स णं उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए एत्थ ण महं एगे णागघरए होत्था दिव्वे सच्चे सच्चोवाए संनिहियपाडिहेरे।

तत्थ णं नयरे पडिबुद्धी नाम इक्खागराया परिवसइ, तस्स पउमावई देवी, सुबुद्धी अमच्चे साम-दंड भेद-उपप्पयाण-नीतिसुपउत्त-णयविहण्णू जाव रज्जधुराचिंतए होत्था।

सूत्र ३३. काल के उसी भाग में कौशल देश के साकेत नगर से उत्तर-पूर्व दिशा में एक नाग मंदिर था। उस चमत्कारी मन्दिर में की गई सेवा सफल होती थी। उसके अधिष्ठाता नागदेव का कथन सत्य होता था।

साकेत नगर में इक्ष्वाकुवश का राजा प्रतिबुद्धि राज्य करता था। उसकी पटरानी का नाम पद्मावती था और अमात्य का नाम सुबुद्धि था। सुबुद्धि बड़ा नीतिवान था और योग्यता से राज्य का सचालन करता था।

KING PRATIBUDDHI

33. During that period of time, on the north eastern side of the city of Saket in the Kaushal country there was a temple of a serpent-god Any worship done in that temple was said to be fruitful. Whatever the deity conveyed always came true.

The king of Saket city was Pratibuddhi; he belonged to the Ikshvaku clan The name of his principal queen was Padmavati, and that of his minister was Subuddhi Minister Subuddhi was an able and just administrator, he managed the affairs of the state well

सूत्र ३४. तए णं पउमावईए अन्नया कयाइं नागजन्नए यावि होत्था। तए णं सा पउमावई नागजन्नमुवट्ठियं जाणित्ता जेणेव पडिबुद्धी राया तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता करयल. जाव बद्धावेत्ता एवं वयासी-"एवं खलु सामी ! मम कल्लं नागजन्नए यावि भविस्सइ, तं इच्छामि णं सामी ! तुब्भेहिं अब्भणुन्नाया समाणी नागजन्नय गमित्तए, तुब्भे वि णं सामी ! मम नागजन्नंसि समोसरह।"

सूत्र ३४. एक बार नागपूजा के उत्सव पर पद्मावती देवी राजा प्रतिबुद्धि के पास गई और बोली-"स्वामी ! कल मुझे नागपूजा करनी है। आपकी अनुमति लेकर मैं पूजा के लिये जाना चाहती हूँ। मेरी इच्छा है कि आप भी उस पूजा में सम्मिलित हों।"

34. Once on the occasion of the annual snake-worship festival, Queen Padmavati approached King Pratibuddhi and said, "Sire! Tomorrow I have to worship the serpent-god I wish to seek your permission and go I also wish that you too join me in the worship rituals "

सूत्र ३५ तए ण पडिबुद्धी पउमावईए देवीए एयमट्ठं पडिसुणेइ। तए णं पउमावई पडिबुद्धिणा रण्णा अब्भणुन्नाया हट्ठतुट्ठा कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी- "एव खलु देवाणुप्पिया ! मम कल्ल नागजन्नए भविस्सइ, तं तुब्भे मालागारे सद्दावेह, सद्दावित्ता एवं वयह-

"एव खलु पउमावईए देवीए कल्ल नागजन्नए भविस्सइ, त तुब्भे ण देवाणुप्पिया ! जलथलय-भासुरप्पभूय दसद्धवन्नं मल्ल नागघरयंसि साहरह, एग च ण महं सिरिदामगड उवणेह। तए ण जलथलयभासुरप्पभूएणं दसद्धवन्नेणं मल्लेण णाणाविहभत्तिसुविरइयं करेह। तसि भत्तिसि हंस-मिय-मऊर-कोच-सारस-चक्कवाय-मयणसाल-कोइलकुलोववेय ईहामिय जाव भत्तिचित्त महग्घ महरिहं विपुल पुप्फमडव विरएह। तस्स ण बहुमज्झदेसभाए एग महं सिरिदामगड जाव गधद्धुणि मुयत उल्लोयसि ओलबेह। ओलबित्ता पउमावइं देवि पडिवालेमाणा पडिवालेमाणा चिट्ठह।" तए ण ते कोडुबिया जाव चिट्ठति।

सूत्र ३५ प्रतिबुद्धि ने रानी से अपनी सहमति प्रकट की। रानी ने प्रसन्न हो सेवको को बुलाया और कहा-"देवानुप्रियो, कल मेरे यहाँ नागपूजा होगी। अत तुम माला बनाने वालो को बुलाओ और कहो-

'कल महारानी नागपूजा करेगी अत तुम लोग जल-थल के पचरगे ताजा फूलो का एक गजरा बनाकर नाग-मन्दिर मे लाओ। साथ ही उन फूलो की सुन्दर रचनाओं से उस मन्दिर को सजाओ। उस रचना मे हस, मृग, मोर, क्रौच, सारस, चकवा, मैना, कोयल, ईहामृग, वृषभ, घोडा आदि के चित्रो से भरा, प्रतिष्ठित लोगो के बैठने योग्य एक विशाल मडप बनाओ। उस मडप के बीच मे सुरभित पुष्पो के गजरे छत पर लटकाओ।' यह सब कार्य पूर्ण कर वही रुको और महारानी की प्रतीक्षा करो।" यह कार्य पूर्ण कर सेवक महारानी की प्रतीक्षा करते मदिर मे रुक जाते है।

35. King Pratibuddhi accepted the queen's proposal The joyous queen called her staff and said, "Beloved of gods! Tomorrow I shall worship the serpent-god As such, you call the garland makers and tell them—

'Tomorrow the queen will be going for the worship of the serpent-god so you should make an intwined garland of multicoloured fresh flowers from land as well as water, and bring it to the temple of the serpent-god You should also decorate the temple with beautiful art-work made of such flowers. This flower decoration should also have a large pavilion suitable to accommodate the cream of the society. It should have figures of swan, deer, peacock, heron, crane, ruddy-goose, starling, cuckoo, Ihamrig, bull, horse, etc made up of flowers. Suspend large garlands of fragrant flowers at various points at the ceiling.' When they complete this work you stay their and wait for the queen." The attendants carried out the order and stayed back in the temple waiting for the queen

सूत्र ३६. तए णं सा पउमावई देवी कल्लं कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! सागेयं नगरं सब्भिंतरबाहिरियं आसित्त-सम्मज्जियोवलित्त जाव पच्चप्पिणंति।"

सूत्र ३६ दूसरे दिन सुबह पद्मावती देवी ने सेवकों को बुलाकर कहा-"हे देवानुप्रियो ! साकेत नगर को भीतर बाहर पानी से धुलवाकर साफ कराओ, लिपाई कराओ और सुगन्ध से भरकर मनोरम बना दो।" सेवकों ने कार्य सम्पन्न किया।

36. Next morning Queen Padmavati called her servants and said, "Beloved of gods! Get the interior and exterior parts of the city of Saket cleaned, white-washed and perfumed. Make the city attractive." The attendants carried out the order

सूत्र ३७ तए ण सा पउमावई देवी दोच्चं पि कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ सद्दावित्ता एवं वयासी-"खिप्पामेव देवाणुप्पिया ! लहुकरणजुत्तं जाव जुत्तामेव उवट्ठवेह।" तए णं ते वि तहेव उवट्ठवेंति।

तए ण सा पउमावई अतो अतेउरंसि ण्हाया जाव धम्मियं जाणं दुरूढा।

सूत्र ३७ पद्मावती देवी ने तब सेवकों से कहा-"शीघ्र ही तेज चाल वाले घोड़ों को जोतकर रथ ले आओ।" सेवक रथ ले आए। पद्मावती देवी अपने अन्तःपुर से स्नानादि सभी कार्य निपटा वस्त्रालकार पहन बाहर आईं और रथ पर सवार हो गईं।

37. After this Queen Padmavati ordered her attendants, "Bring a chariot drawn by fast horses" The attendants brought the chariot.

Getting ready after bath and putting on her dress and ornaments the queen came out of her palace and climbed into the chariot

सूत्र ३८. तए णं सा पउमावई नियगपरिवालसंपरिवुडा सागेयं नगरं मज्झंमज्झेणं णिज्जइ, णिज्जित्ता जेणेव पुक्खरिणी तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता पुक्खरिणिं ओगाहेइ। ओगाहित्ता जलमज्जण जाव परम-सुइभूया उल्लपडसाडया जाइं तत्थ उप्पलाइं जावं गेण्हइ। गेण्हित्ता जेणेव नागघरए तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

सूत्र ३८ अपने स्वजनों को साथ ले साकेत नगर के बीच होती हुई पद्मावती पुष्करिणी-बावडी नदी के तट पर आईं। वहाँ बावडी मे उतर स्नानादि कर स्वच्छ हो, कमल आदि फूल लेकर नाग-मंदिर जाने को रवाना हुईं।

38. Taking her friends and relatives along and passing through the town, Queen Padmavati arrived at the river bank She entered the river and after taking her bath and collecting lotus flowers she left for the temple of the serpent-god

सूत्र ३९ तए ण पउमावई दासचेडीओ बहूओ पुप्फपडलगहत्थगयाओ धूवकडुच्छुगहत्थगयाओ पिट्ठओ समणुगच्छंति।

तए णं पउमावई सव्विड्ढीए जेणव णागघरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता नागघरय अणुपविसइ, अणुपविसित्ता लोमहत्थगं जाव धूव डहइ, डहित्ता पडिबुद्धि राय पडिवालेमाणी पडिवालेमाणी चिट्ठइ।

सूत्र ३९ पद्मावती देवी की अनेक दासियाँ हाथो मे फूलो की टोकरियाँ और धूपदानियाँ लेकर उनके पीछे-पीछे चलने लगी। वे अपने सारे साज-सामान के साथ नाग-मन्दिर पहुँची। मन्दिर के गर्भगृह मे जा पीछी से प्रतिमा को साफ किया और धूप खेई। फिर वे राजा प्रतिबुद्धि की प्रतीक्षा करने लगी।

39. Numerous maid servants carrying baskets filled with flowers and pots filled with incense walked behind Queen Padmavati She reached the temple with all the accompanying grandeur She entered the sanctum sectorum of the temple and cleaned the idol with pea-cock feather brush She performed the ritual of burning incense After all these rituals she waited for the arrival of King Pratibuddhi

पुष्प-मण्डप

सूत्र ४०. तए णं पडिबुद्धी राया ण्हाए हत्थिखंधवरगए सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धरिज्ज-माणेणं सेयवरचामराहिं वीइज्जमाणे हय-गय-रह-जोह-महयाभडचडगरपहकरेहिं

साकेयं नगरं मज्झं-मज्झेणं णिग्गच्छइ, णिग्गच्छित्ता जेणेव णागघरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता हत्थिखंधाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता आलोए पणामं करेइ, करित्ता पुप्फमंडवं अणुपविसइ, अणुपविसित्ता पासइ तं एगं महं सिरिदामगंडं।

सूत्र ४० राजा प्रतिबुद्धि स्नानादि से निवृत्त हो उत्तम हाथी पर सवार हुआ। छत्र-चामर से सुशोभित हो आगे चतुरंगिनी सेना, सुभट आदि समस्त वैभव ले वह नगर के बीच से होता हुआ नाग-मंदिर पहुँचा। हाथी से उतरते ही प्रतिमा पर दृष्टि गई तो उसने प्रणाम किया और पुष्प-मण्डप मे प्रवेश किया। वहाँ उसने एक विशाल गजरा देखा।

THE FLORAL PAVILION

40. After getting ready King Pratibuddhi rode his best elephant Accompanied by attendants carrying the royal umbrella and whisks, the brigade of guards, and all his grandeur, King Pratibuddhi passed through the city and arrived at the temple When he got down from the elephant he chanced to look at the idol and bowed before it He entered the floral pavilion and at once saw a large intwined garland of flowers

सूत्र ४१ तए ण पडिबुद्धी त सिरिदामगडं सुदूर कालं निरिक्खइ, निरिक्खित्ता तसि सिरिदामगडसि जायविम्हए सुबुद्धिं अमच्चं एवं वयासी–

"तुम ण देवाणुप्पिया ! मम दोच्चेणं बहूणि गामागर. जाव संनिवेसाइं आहिंडसि, बहूणि राईसर जाव गिहाइं अणुपविससि, त अत्थि णं तुमे कहिंचि एरिसए सिरिदामगडे दिट्ठपुव्वे, जारिसए णं इमे पउमावईए देवीए सिरिदामगंडे ?"

सुत्र ४१ उस सुन्दर गजरे को देख राजा प्रतिबुद्धि चकित रह गया और अमात्य सुबुद्धि से पूछा–"हे देवानुप्रिय ! तुम मेरे दूत के रूप में अनेक ग्राम-नगरादि स्थानों पर और राजाओ-जागीरदारो आदि व्यक्तियो के घरो में आते-जाते रहे हो। क्या तुमने पद्मावती देवी के इस गजरे जैसा सुन्दर गजरा पहले भी कहीं देखा है?"

41. The king was dumbstruck looking at the enchanting beauty of the garland He asked minister Subuddhi, "Beloved of gods! As my emissary you frequent numerous cities, villages and other such places and visit the houses of kings, landlords, and other such people Tell me, have you ever seen an entwined garland as beautiful as this one belonging to Queen Padmavati?"

सूत्र ४२. तए णं सुबुद्धी पडिबुद्धिं रायं एवं वयासी-"एवं खलु सामी ! अहं अन्नया कयाइं तुब्भं दोच्चेणं मिहिलं रायहाणिं गए, तत्थ णं मए कुंभगस्स रण्णो धूयाए पभावईए देवीए अत्तयाए मल्लीए विदेहवररायकन्नाए संवच्छरपडिलेहणगंसि दिव्वे सिरिदामगंडे दिट्ठपुव्वे। तस्स णं सिरिदामगंडस्स इमे पउमावईए सिरिदामगंडे सयसहस्सइमं पि कलं न अग्घइ।"

सूत्र ४२ अमात्य सुबुद्धि ने उत्तर दिया-"स्वामी ! मैं एक बार आपके दूत के रूप में किसी काम से मिथिला नगरी गया था। वहाँ मैंने राजा कुंभ और रानी प्रभावती की पुत्री, विदेह राजकन्या, राजकुमारी मल्ली के जन्म दिवस के महोत्सव के समय एक दिव्य गजरा देखा था। उसके सामने महारानी पद्मावती का यह गजरा उसके एक बाल के अंश के बराबर भी नहीं ठहरता।"

42. Minister Subuddhi replied, "Sire! Once I went on some mission as your emissary to Mithila city. There, on the occasion of the birthday celebrations of Princess Malli, the daughter of King Kumbh and Queen Prabhavati, I saw a divine entwined garland Queen Padmavati's garland stands nowhere as compared to that, even a thin fiber from that garland was much more attractive than this whole garland."

मल्लीकुमारी की प्रशंसा

सूत्र ४३. तए णं पडिबुद्धी राया सुबुद्धिं अमच्चं एवं वयासी-"केरिसिया णं देवाणुप्पिया ! मल्ली विदेहवररायकन्ना जस्स ण सवच्छरपडिलेहणयसि सिरिदामगडस्स पउमावईए देवीए सिरिदामगंडे सयसहस्सइमं पि कल न अग्घइ ?"

तए ण सुबुद्धी अमच्चे पडिबुद्धिं इक्खागुरायं एवं वयासी-"एव खलु सामी ! मल्ली विदेह-वररायकन्नगा सुपइट्ठियकुम्मुन्नयचारुचरणा, वन्नओ।"

सूत्र ४३. राजा प्रतिबुद्धि ने अमात्य से कहा-"वह मल्लीकुमारी कैसी है जिसके जन्म-दिवस के उत्सव के गजरे की तुलना में यह गजरा तुच्छ सा है ?"

सुबुद्धि ने उत्तर दिया-"स्वामी ! विदेह राजकन्या मल्ली सुप्रतिष्ठित और अपूर्व सुन्दरी है। (उसके चरण कछुए के समान उन्नत हैं आदि विस्तृत वर्णन जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के समान)"

PRAISE OF PRINCESS MALLI

43. King Pratibuddhi asked further, "What about Princess Malli, whose birthday-celebration-garland you are so praising?"

Subuddhi replied, "Sire! the princess of Videh is a famous and divinely beautiful lady (Her feet are smoothly curved like a tortoise etc as mentioned in Jambudveep Prajnapti)"

सूत्र ४४. तए णं पडिबुद्धी राया सुबुद्धिस्स अमच्चस्स अतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म सिरिदामगडजणियहासे दूयं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी-"गच्छाहि ण तुमं देवाणुप्पिया ! मिहिलं रायहाणिं, तत्थ ण कुम्भगस्स रण्णो धूयं पउमावईए देवीए अत्तयं मल्लिं विदेहवररायकण्णगं मम भारियत्ताए वरेहि, जइ वि ण सा सयं रज्जसुंका।

सूत्र ४४ अमात्य की यह बात सुन-समझकर राजा प्रतिबुद्धि के मन मे मल्लीकुमारी और उसके गजरे के अपूर्व सौन्दर्य के प्रति अनुराग की भावना उठी। उन्होने अपने दूत को बुलाकर कहा-"देवानुप्रिय ! तुम मिथिला राजधानी जाओ और राजा कुम्भ तथा रानी प्रभावती की कन्या मल्लीकुमारी का हाथ मेरे लिए माँगो। इसके लिये चाहे अपना सारा राज्य ही क्यो न प्रतिदान मे देना पडे।"

44. This description by the minister evoked a feeling of fondness to the extant of infatuation for Princess Malli and her garland in the mind of King Pratibuddhi He called one of his emissaries and said, "Beloved of gods! Proceed to Mithila city and ask for the hand of Princess Malli for me from her parents, King Kumbh and Queen Prabhavati It does not matter if I have to give away my whole kingdom as dowry"

सूत्र ४५ तए ण से दूए पडिबुद्धिणा रण्णा एव वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठे पडिसुणेइ, पडिसुणेत्ता जेणेव सए गिहे, जेणेव चाउग्घटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता चाउग्घट आसरह पडिकप्पावेइ, पडिकप्पावित्ता दुरूढे जाव हय-गय-महयाभडचडगरेण साएयाओ निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव विदेहजणवए जेणेव मिहिला रायहाणी तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

सूत्र ४५ दूत ने राजा की आज्ञा सहर्ष स्वीकार की और अपने घर लौटा। वहाँ उसने अपने चार घटो वाले रथ मे घोडे जोतकर उसे यात्रा के लिए तैयार किया। उस रथ पर सवार हो बहुत से घोडे, हाथी और पैदल सैनिको को साथ ले उसने साकेत नगर से निकल विदेह जनपद की राह पर मिथिला के लिये प्रस्थान किया।

45. The emissary felt honoured and returned home He prepared a chariot drawn by four horses for his journey. Taking along a large contingent of horses, elephants, and soldiers he left Saket and commenced his journey to Mithila city in Videh country.

राजा चन्द्रच्छाय

सूत्र ४६. तेणं कालेणं तेणं समएणं अंगे नाम जणवए होत्था। तत्थ णं चंपानामं णयरी होत्था। तत्थ ण चपाए नयरीए चंदच्छाए अंगराया होत्था।

सूत्र ४६. काल के उसी भाग में अग जनपद की चम्पानगरी मे अंगराज चन्द्रच्छाय राज्य करते थे।

KING CHANDRACCHAYA

46. During that period of time King Chandracchaya reigned over Champa city in the Anga country

सूत्र ४७. तत्थ णं चंपाए नयरीए अरहन्नकपामोक्खा बहवे संजत्ता णावावाणियगा परिवसंति, अड्ढा जाव अपरिभूया। तए ण से अरहन्नगे समणोवासए यावि होत्था, अहिगयजीवाजीवे, वन्नओ।

सूत्र ४७. चम्पानगरी मे अर्हन्नक आदि अनेक समृद्धिशाली और प्रतिष्ठित सायात्रिक (विदेश जाकर व्यापार करने वाले) और नौवणिक् (नौकाओ से व्यापार करने वाले) रहते थे। अर्हन्नक एक श्रमणोपासक था और जीव-अजीवादि तत्त्वो का ज्ञाता था (विस्तृत वर्णन पूर्व सम)।

47. In the city of Champa lived Arhannak and other wealthy and reputed Sanyantriks (merchants who went to other countries for trade) and Nauvaniks (merchants who carried their merchandise in boats) Arhannak was a Shramanopasak (a worshiper of Shramans or a Jain) and conversant with fundamentals like being and matter (details as before).

सूत्र ४८. तए णं तेसिं अरहन्नगपामोक्खाणं सजत्ताणावावाणियगाण अन्नया कयाइ एगयओ सहियाणं इमे एयारूवे मिहो कहासलावे समुप्पज्जित्था–

"सेयं खलु अम्हं गणिमं च धरिम च मेज्जं च परिच्छेज्जं च भडग गहाय लवणसमुद्दं पोय-वहणेण ओगाहित्तए त्ति कट्टु अन्नमन्नं एयमट्ठं पडिसुणेंति, पडिसुणित्ता गणिमं च धरिमं च मेज्जं च पारिच्छेज्ज च भडगं गेण्हइ, गेण्हित्ता सगडिसागडियं च सज्जेंति, सज्जित्ता गणिमस्स च धरिमस्स च मेज्जस्स च पारिच्छेज्जस्स च भंडगस्स सगडसागडियं भरेंति, भरित्ता सोहणसि तिहि-करण-नक्खत्त-मुहुत्तंसि विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं उवक्खडावेंति, मित्त-णाइ-नियग-सयण-संबंधि-परियण भोयणवेलाए भुंजावेंति जाव आपुच्छंति, आपुच्छित्ता सगडिसागडियं

जोयंति, चंपाए नयरीए मज्झंमज्झेणं णिग्गच्छंति, णिग्गच्छित्ता जेणेव गंभीरए पोयपट्टणे तेणेव उवागच्छंति।

सूत्र ४८ एक दिन ये सभी व्यापारी एक स्थान पर एकत्र हुए तो उनमें आपस में मत्रणा हुई–"हमे गणिम (सख्या मे बेची जाने वाली), धरिम (तोल से बेची जाने वाली), मेय (नाप से बेची जाने वाली) और परिच्छेद (टुकडों मे बेची जाने वाली), ये चार प्रकार की वस्तुएँ लेकर समुद्र-यात्रा पर निकलना चाहिये।" सभी इस प्रस्ताव से सहमत हुए और तदनुसार विक्रय योग्य सभी सामग्री एकत्र की। गाड़ी-गाड़े साफ कर तैयार किये और उनमे वह सब सामग्री भर दी। फिर शुभ मुहूर्त देख अशन-पान आदि भोज सामग्री का प्रबन्ध कर अपने स्वजनो को भोज दिया और यात्रा के लिए उनकी अनुमति ली। फिर वे गाडी-गाडे जोत चम्पानगरी के बीच से होते हुए गभीर बन्दरगाह पर आए।

48. One day when all these merchants met together they discussed, "We should stock the four categories of goods and go on a sea-voyage. The four categories being—Ganim or the goods that are sold in numbers, Dharim or the goods that are sold by weight, Meya or the goods that are sold by measurement, and Paricched or the goods that are sold in pieces " Everyone agreed to this proposal and accordingly started collecting salable goods They got their carts and trucks cleaned and loaded them with the collected goods. They then looked for an auspicious moment, invited their friends and relatives on a feast and sought their permission for the proposed voyage. Once they got the permission they drove their transports through the town and arrived at Gambhir port

समुद्र–यात्रा

सूत्र ४९ उवागच्छित्ता सगडिसागडियं मोयंति, मोइत्ता पोयवहणं सज्जेंति, सज्जित्ता गणिमस्स य धरिमस्स य मेज्जस्स य परिच्छेज्जस्स य चउव्विहस्स भंडगस्स भरेंति, भरित्ता तंडुलाण य समियस्स य तेल्लस्स य गुलस्स य घयस्स य गोरसस्स य उदयस्स य उदयभायणाण य ओसहाण य भेसज्जाण य तणस्स य कट्ठस्स य पावरणाण य पहरणाण य अन्नेसिं च बहूणं पोयवहणपाउग्गाणं दव्वाणं पोयवहणं भरेंति। भरित्ता सोहणंसि तिहि-करण-नक्खत्त-मुहुत्तंसि विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं उवक्खडावेंति, उवक्खडावित्ता मित्त-णाइ-नियग-सयण-संबंधि-परियणं आपुच्छंति, आपुच्छित्ता जेणेव पोयट्ठाणे तेणेव उवागच्छंति।

सूत्र ४९ बन्दरगाह पर पहुचकर गाडी-गाडे खडे कर उन्होंने जहाज तैयार किये और फिर वह सारी सामग्री जहाज मे भर दी। साथ ही उसमे चावल, आटा, तेल, घी, दही, पानी, पानी के बरतन, औषधियाँ, भेषज, घास, लकडी, वस्त्र, शस्त्र तथा अन्य सभी आवश्यक वस्तुएँ भी जहाज मे भर ली। अच्छा मुहूर्त्त देख स्वजनों को पुन भोज दिया और उनसे विदा ली और तट पर जहाजो के पास आये।

THE SEA-VOYAGE

49. At the port they parked their carts and made their ships sea-worthy They filled the holds of the ships with their merchandise Also loaded were other essential things including rice, flour, oil, Ghee, curd, potable water, water tanks and other utensils, drugs and medicines, hay, wood, dresses, and weapons At an auspicious moment they again invited their friends and bidding them good-bye they arrived at the pier near the ships

सूत्र ५० तए ण तेसि अरहन्नगपामोक्खाण जाव वाणियगाण परियणा जाव ताहि वग्गूहि अभिनदता य अभिसथुणमाणा य एव वयासी-"अज्ज ! ताय ! भाय ! माउल ! भाइणेज्ज ! भगवया समुद्देण अभिरक्खिज्जमाणा अभिरक्खिज्जमाणा चिर जीवह, भद्द च भे, पुणरवि लद्धट्ठे कयकज्जे अणहसमग्गे नियग घर हव्वमागए पासामो" त्ति कट्टु ताहि सोमाहि निद्धाहि दीहाहि सप्पिवासाहि पप्पुयाहि दिट्ठीहि निरिक्खमाणा मुहुत्तमेत्त सचिट्ठति।

सूत्र ५० अर्हन्नक आदि वणिको के स्वजनो ने मधुर वाणी मे उनकी प्रशसा और अभिनन्दन करते हुए कहा-"हे आर्य ! हे तात ! हे भाई ! हे मामा ! आप इन वरुण देव के सरक्षण मे चिरजीवी हो। आपका मगल हो। हम शीघ्र ही आपको निर्विघ्न यात्रा से धन-लाभ और कार्य सपन्न कर लौटा हुआ यथावत् देखे।" और व लोग इन यात्रियो को मधुर, स्नेहमय, अपलक, प्यासी और भीगी आँखो स दखते हुए कुछ देर वही खडे रहे।

50. The friends and relatives of Arhannak and other merchants offered the voyagers greetings and praises in sweet voice, "Gentlemen! (or father, brother, uncle, etc) May you live long under the protection of Varun, the god of water May all go well with you May we see you back soon successful and prosperous after a trouble free voyage " They stood there for some time looking at the voyagers with loving, fond, unblinking, expectant, and tearful eyes

सूत्र ५१. तओ समाणिएसु पुप्फबलिकम्मेसु, दिन्नेसु सरस-रत्तचंदण-दद्दर-पंचगुलितलेसु, अणुक्खित्तंसि धूवंसि, पूइएसु समुद्दवाएसु संसारियासु वलयबाहासु, ऊसिएसु सिएसु झयग्गेसु, पडुप्पवाइएसु तूरेसु, जइएसु सव्वसउणेसु, गहिएसु रायवरसासणेसु, महया उक्किट्ठसीहनाय जाव रवेणं पक्खुभिय-महासमुद्द-रवभूयं पिव मेइणिं करेमाणा एगदिसिं जाव वाणियगा णावं दुरूढा।

सूत्र ५१. फिर नाव की पूजा की गई। चंदन के लेप को हथेली में लगाकर छापे लगाए गए और धूप खेई गई। समुद्री पवन की पूजा की गई। वाद्यों की मधुर स्वर-लहरी आरंभ की गई। यह सब कार्य होने पर और यात्रा के लिए राजा का आदेश पत्र प्राप्त हो जाने पर शुभ शकुन देख सभी यात्री ऊँचे स्वर में सिंहनाद कर महासमुद्र जैसी गर्जन से धरती गुँजाते हुए एक दिशा से नाव पर चढ़े।

51. After this the ritual worship of the ship was performed. Palm imprints with sandal wood paste were applied on the ship and incense was burned In the end, ritual worship of the sea wind was performed. Instrumental music was played By the time all this was concluded they also received the official permission from the king to travel. At an auspicious moment all the voyagers boarded the ship from one side, hailing the start of journey The chorus of this hail was as loud and booming as the thunderclap of giant waves of the ocean

सूत्र ५२. तओ पुस्समाणवो वक्कमुदाहु-"हं भो ! सव्वेसिमवि अत्थसिद्धी, उवट्ठियाइं कल्ला-णाइ, पडिहयाइ सव्वपावाइ, जुत्तो पूसो, विजओ मुहुत्तो अयं देसकालो।"

तओ पुस्समाणवेण वक्कमुदाहिए हट्ठतुट्ठा कुच्छिधार-कन्नधार-गब्भिज्ज-सजत्ताणावावाणियगा वावारिंसु, तं नावं पुन्नुच्छंगं पुण्णमुहि बंधणेहिंतो मुंचंति।

सूत्र ५२ तब चारणो ने कहा-"हे श्रेष्ठियो ! आप सभी को अर्थ लाभ हो। आपका कल्याण हो और आपके सभी विघ्न-बाधाएँ नष्ट हों। अभी पुष्य नक्षत्र का योग है और विजय नाम का मुहूर्त्त है, इस कारण यह देश-काल यात्रा के लिए श्रेष्ठ है।" यह सुनकर प्रसन्न हो चप्पू चलाने वाले नाविक, कर्णधार, गर्भज (नाव के मध्य में नियुक्त) कार्यकर्त्ता तथा वे व्यवसायी और अन्य यात्री अपने-अपने कार्यों में जुट गये और फिर माल से भरी उस मंगल-मुखी नाव की तट से बँधी रस्सियों को खोल दिया गया।

52. Bards said in farewell, "O Merchants! May you be prosperous May all be well with you and all your troubles and impediments vanish It is the auspicious conjunction of the Pushya constellation

and the victorious moment according to astrology, as such, it is a good moment to commence an overseas voyage" The helmsmen, peddlers, and other sailors along with the merchants and other passengers took charge of their respective duties and stations. At last the mooring lines of this auspicious ship, loaded with merchandise, were cast off

सूत्र ५३. तए णं सा णावा विमुक्कबंधणा पवणबलसमाहया उस्सियसिया विततपक्खा इव गरुडजुवई गंगासलिल-तिक्खसोयवेगेहिं संखुब्भमाणी सखुब्भमाणी उम्मी-तरंग-मालासहस्साइं समतिच्छमाणी समतिच्छमाणी कइवएहिं अहोरत्तेहिं लवणसमुद्दं अणेगाइं जोयणसयाइं ओगाढा।

सूत्र ५३ पवन के धक्के से वह नाव चल पडी। सफेद पाल चढ़ी वह नाव ऐसी लगती थी जैसे पंख फैलाए कोई युवा गरुडी उड रही हो। गंगा नदी के तीव्र प्रवाह से वेग प्राप्त कर सहस्रों छोटी-बडी लहरों को पार करती वह नाव कुछ ही दिनो मे लवण समुद्र मे कई सौ योजन दूर चली गई।

53. The force of wind pushed the ship With white sails it appeared as if an eagle was gliding with its wings spread The rapid flow of the Ganges added to its speed and crossing thousands of large and small waves, it went hundreds of Yojans ahead on the Lavana sea within a few days

भयावह आकृति

सूत्र ५४. तए णं तेसिं अरहन्नगपामोक्खाण संजत्तानावावाणियगाण लवणसमुद्द अणेगाइं जोयणसयाइं ओगाढाणं समाणाणं बहूइं उप्पाइयसयाइ पाउब्भूयाइं। तं जहा–

सूत्र ५४. इतनी दूर समुद्र में आ जाने पर अर्हन्नक तथा उसके सहयात्रियो को अनेक उत्पातों का सामना करना पड़ा।

HORRIFIC APPARITION

54. When they reached so far on the sea Arhannak and his companions came across numerous troubles and problems.

सूत्र ५५. अकाले गज्जिए, अकाले विज्जुए, अकाले थणियसद्दे, अभिक्खणं आगासे देवताओ णच्चंति, एगं च णं महं पिसायरूवं पासंति।

सूत्र ५५ अकाल गर्जना होने लगी, अकाल ही बिजली चमकने लगी। अकाल ही आकाश मे मेघ घिर आये और घन गर्जना होने लगी और इन सबके अतिरिक्त एक महापिशाच की आकृति दिखाई दी।

55. There were unexpected thunder and lightning. Suddenly the horizon was full of dense and thundering dark clouds. Besides these a giant demonic shape appeared

सूत्र ५६. तालजंघ दिवं गयाहिं बाहाहिं मसिमूसगमहिसकालगं, भरिय-मेहवन्नं, लबोट्ठ, निग्गयग्गदतं, निल्लालियजमलजुयलजीहं, आऊसिय-वयणगंडदेसं, चीणचिपिट-नासिय, विगयभुग्गभुग्गभुमयं, खज्जोयग-दित्तचक्खुरागं, उत्तासणगं, विसालवच्छं, विसालकुच्छिं, पलबकुच्छिं, पहसियपयलियपयडियगत्त, पणच्चमाणं, अप्फोडंतं, अभिवयंत, अभिगज्जंतं, बहुसो बहुसो अट्टट्टहासे विणिम्मुयंतं नीलुप्पलगवल-गुलिय-अयसिकुसुमप्पगासं खुरधारं असि गहाय अभिमुहमावयमाणं पासंति।

सूत्र ५७ तए ण ते अरहण्णगवज्जा संजत्ताणावावाणियगा एगं च णं महं तालपिसाय पासति–तालजंघं, दिव गयाहिं बाहाहिं, फुट्टसिरं भमर-णिगर-वरमासरासिमहिसकालगं, भरियमेहवण्णं, सुप्पणहं, फालसरिसजीहं, लंबोट्ठं धवल-वट्ट-असिलिट्ठ-तिक्ख-थिर-पीण-कुडिल-दाढोवगूढवयणं, विकोसिय-धारासिजुयल-समसरिस-तणुयचचल-गलंतरसलोल-चवल-फुरुफुरंत-निल्लालियग्गजीहं अवयत्थिय-महल्ल-विगय-वीभच्छ-लालपगलत-रत्ततालुय हिंगुलुय-सगब्भकंदर-बिलं व अंजणगिरिस्स, अग्गिजालुग्गिलतवयण आऊसिय-अक्खचम्म-उइट्ठगंडदेसं चीण-चिविड-वंक-भग्गणासं, रोसागय-धम-धमेन्त-मारुय-निट्ठुर-खर-फरुसझुसिरं, ओभुग्गणासियपुडं घाडुब्भड-रइय-भीसणमुह, उद्धमुहकन्न-सक्कुलिय-महंत-विगय-लोम-संखालग-लंबंत-चलियकन्नं, पिंगल-दिप्पतलोयण, भिउडितडियनिडाल नरसिरमाल-परिणद्धचिंधं, विचित्तगोणस-सुबद्धपरिकरं अवहोलंत-पुप्फुयायंत-सप्पविच्छुय-गोधुंदर-नउ-लसरड-विरइय-विचित्त-वेयच्छमालियाग, भोगकूर-कण्हसप्पधमधमेंतलंबंतकन्नपूरं, मज्जार-सियाल-लइयखंधं, दित्तघुघुयतघूयकयकुंतलसिरं, घंटारवेण भीमं, भयंकरं, कायरजणहिययफोडणं, दित्तमट्टट्टहास विणिम्मुयंतं, वसा-रुहिर-पूय-मंस-मलमलिणपोच्चडतणुं, उत्तासणयं, विसालवच्छ, पेच्छंता, भिन्नणह-मुह-नयण-कन्नं वरवग्घ-चित्तकत्तीणिवसणं, सरस-रुहिर-गयचम्म-वितत-ऊसविय-बाहुजुयलं, ताहि य खर-फरुस-असिणिद्ध-अणिट्ठ-दित्त-असुभ-अप्पिय-अकंतवग्गूहि य तज्जयंतं पासंति।

सूत्र ५६-५७. (समन्वित अर्थ) पिशाच की जाँघें ताड़ के पेड जैसी लम्बी थीं और बाहें आकाश छूती थीं। उसके बिखरे हुए बालों से मस्तक ऐसा लग रहा था जैसे फूटा हुआ हो। वह काजल, काले चूहे, भँवरों के झुण्ड, उड़द के ढेर, काले भैंसे और जल भरे मेघ जैसे काले रंग का था। उसके नाखून छाजले जैसे थे। उसकी जीभ हल के फल जैसी थी और होंठ लम्बे थे। उसकी छीदी-छीदी दाढ़ें सफेद, गोल, तीखी, मजबूत, मोटी और टेडी-मेढ़ी थीं। उसकी जीभ चिरी हुई थी और दोनों अग्र भाग बिना म्यान की धारदार दो तलवारो जैसे पतले व चंचल थे और उनसे निरन्तर लार टपक रही थी। वे दोनो रस लोलुप जीह्वा मुँह से बाहर निकले हुए थे और तेजी से लपलपा रहे थे। उसका लार टपकाता, झाँकते लाल-लाल तालू वाला खुला मुख बड़ा ही विकृत और वीभत्स दिखाई देता था। उसके मुँह से अग्नि ज्वालाएँ निकल रही थीं जिससे वह ऐसा लगता था जैसे किसी काले पहाड की सिंदूर से भरी गुफा हो। उसके गाल पिचके हुए और चमडी सिकुड़ी हुई थी। उसकी नाक छोटी, चपटी, टेढ़ी और टूटी हुई थी। क्रोध के कारण उसके नथुनों से निष्ठुर और कर्कश फूत्कार निकल रही थी।

उसका चेहरा विकृत और भीषण था। उसके दोनों कान लम्बे और हिलते हुए थे, उनके आँख की कोर को छूते किनारे ऊँचे उठे हुए थे और उन पर लम्बे-बिखरे बाल थे। उसके नयन पीले और जुगनू की तरह चमकते हुए थे। उसकी भृकुटि तनी हुई थी और ललाट पर तड़ित जैसी दिख रही थी। उसके गले मे नर-मुंडों की माला लिपटी थी। उसने गोनस साँपो को परिधान की तरह लपेटा हुआ था और रेगते-फुसकारते साँप, बिच्छू, गोह, चूहा, नेवला और गिरगिट जैसे जन्तुओ की विचित्र माला पहनी हुई थी। भयावह फन वाले फुसकारते दो काले साँपों को उसने लम्बे लटकते कुडलों की तरह कान मे धारण कर रखा था। अपने दोनो कंधो पर उसने बिलाव और सियार बैठा रखे थे। छू-छू करते चमकते उल्लू को उसने मुकुट के समान सिर पर धारण कर रखा था। वह घटे के कर्णभेदी नाद के समान भयकर और कायरों के दिल को दहलाने वाला क्रूर अट्टहास कर रहा था। उसके सारे शरीर पर चर्बी, रक्त, मवाद, माँस और मल लिपटे थे। वह सभी प्राणियों के लिये त्रासदायक था। उसकी छाती चौडी थी। उसने नाक, मुख, नेत्र और कान युक्त अद्‌भुत व्याघ्र-चर्म पहन रखा था। उसने अपने दोनो हाथो में रस और रुधिर से गीला हाथी का चमडा ऊपर की ओर उठा रखा था। वह नाचता, आकाश को फोडता, गर्जन और अट्टहास करता सामने से आता दिखाई दे रहा था। वह अपने कठोर, क्रूर, अनिष्ट, उत्तापजनक, अशुभ, अप्रिय और कर्कश स्वर से नाव पर बैठे लोगो को डरा रहा था।

56-57. (assimilated meaning) Its thighs were as long as a palm tree and hands touched the sky. Due to its disheveled hair its head

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

दृढ़धर्मी अर्हन्नक

चित्र २३

चम्पा नगरी का धनाढ्य व्यापारी अर्हन्नक वीतराग अरिहन्त का उपासक था। धर्म की दृढ़ श्रद्धा उसकी रग रग में रमी थी। एक बार वह बहुत से व्यापारियों को साथ लेकर लवणसमुद्र की यात्रा पर गया। यात्रा करते हुए अचानक समुद्र में भारी तूफान उठा। प्रचण्ड पवन वेग से नाव के मस्तूल टूट गये। और नाव समुद्र में हिचकोले खाने लगी। सभी यात्री घबरा उठे। तभी अचानक आकाश में एक भयंकर दैत्य विकराल रूप लिए दिखाई दिया। अर्हन्नक को सम्बोधित करके उसने ललकारा "हे अर्हन्नक! आज तेरा और तेरे सभी साथियों का मरण आया। देखता है मैं अभी तेरी नाव को उलटकर समुद्र में डुबा दूँगा और तुम सब लवण समुद्र में [illegible]कर मगर-मच्छों के भक्ष्य बन जाओगे। हाँ, यदि तू मेरी बात मानकर निर्ग्रन्थ प्रवचन का त्याग करके अपने लिए हुए व्रतों को छोड़ दे तो मैं तुम्हें जीवित छोड़ दूँगा।

राक्षस की ललकार से सभी यात्री घबरा गए हैं। परन्तु अर्हन्नक निर्भय [illegible] अरिहन्त प्रभु का स्मरण कर रहा है। राक्षस के बार-बार [illegible] शान्त बैठा रहा। अन्त में उसकी दृढ़धर्मिता की विजय [illegible] प्रसन्न होकर दो दिव्य कुण्डल अर्हन्नक को भेंट कर क्षमा माँग कर चला गया। (अध्ययन ८)

DEVOUT ARHANNAK

ILLUSTRATION 23

Merchant Arhannak of Champa, with some other wealthy merchants went sea-faring on the Lavana sea. Suddenly, on the high seas, there arose a terrible storm. The tremendous force of wind shattered the masts and sails and the ship started rocking. Suddenly the horizon was full of dense and thundering, dark clouds. Besides these a giant and fearsome demonic shape appeared. This apparition asked Arhannak "Lo! Arhannak, you and your friends today face your death. I will sink your ship in the sea. You will drown in the Lavana sea and become food of sea creatures. However if you do as I say and go against the word of the Shramans by abandoning the vows you have taken, I shall leave you alone."

All the other passengers are afraid. Fearless Arhannak remains absorbed in his spiritual meditation with courage, serenity, stability, and silence. In the end his resolve wins. The demon appears in its true divine form, presents two pairs of divine earrings to Arhannak, seeks pardon and departs. **(CHAPTER-8)**

appeared to be parted It was as black as soot, black rat, flock of bumble-bees, heap of Udad (a type of pulse), black buffalo, and rain-clouds Its nails were like spades Its tongue was like a harrow and lips large Its molars were white, round sharp, strong, large, irregular shaped and spread apart Its tongue was split in the middle and both the edges were thin and flexible like two naked fencing swords Saliva was dropping continuously from this double edged tongue hanging out and lolling rapidly as if ready to consume anything

Its saliva dripping mouth, with deep red palate clearly visible, looked ugly and ominous This wide open and flame emitting mouth looked like a vermilion filled cave on a black mountain Its cheeks were hollow and skin stretched Its nose was small, flat, broken and distorted Its anger was evident in the harsh and piercing hissing sound coming out of its nostrils Its face was distorted and awe-inspiring It had large and fluttering ears They were raised high and touched the edges of its eyes, they had long and bushy hair on the edges Its eyes were pale and shining like glow-worms The permanent frown on its face made a lightning shaped line on its forehead

A garland of skulls hung around its neck It had wrapped Gonus snakes on its body like an apparel As an embellishment it had a garland of hissing and slithering creatures including snakes, scorpions, lizards, rats, mongoose, and chameleon As earrings it had two hissing black cobras with fearful hoods suspended on its ears Jackals and tomcats were perched on its shoulders As a crown it had placed a whistling owl on its head Its laughter was accompanied by an ear shattering and terrifying sound like that of a giant gong Its body was plastered with obnoxious things like animal fat, blood, pus, flash, and excreta It terrorized all beings It had a wide chest It was wearing a strange tiger-skin that still had nose, mouth, eyes and ears on it In its raised hands it was holding an elephant skin still drenched in blood and other body fluids It appeared to be dancing, splitting the sky, thundering and laughing and approaching near It terrorized the passengers of the ship with its harsh, cruel, ominous, agitating, evil, hateful, and screeching voice

सूत्र ५८. तं तालपिसायरूवं एज्जमाणं पासंति, पासित्ता भीया संजायभया अन्नमन्नस्स कायं समतुरंगेमाणा बहूणं इंदाण य खंदाण य रुद्द-सिव-वेसमण-णागाण भूयाण य जक्खाण य अज्जकोट्ट-किरियाण य बहूणि उवाइयसयाणि ओवाइयमाणा ओवाइयमाणा चिट्ठंति।

सूत्र ५८ अर्हन्नक के अतिरिक्त अन्य सभी वणिक् इस तालपिशाच की आकृति को नाव की तरफ आता देखकर डर से एक-दूसरे से लिपट गये और अपने-अपने इष्ट देवो– इन्द्र, स्कन्द, रुद्र, शिव, वैश्रमण, नाग, भूत, यक्ष, दुर्गा, चण्डी आदि को बारबार पुकारकर मनौती मनाने लगे।

58. Seeing this Pine-demon approach the ship, all the merchants except Arhannak huddled together with fear and remembered and repeated the names of their individual deities like Indra, Skanda, Rudra, Shiva, Vaishraman, Naag, Bhoot, Yaksha, Durga, Chandi, etc for help.

सूत्र ५९. तए णं से अरहन्नए समणोवासए तं दिव्वं पिसायरूवं एज्जमाणं पासइ, पासित्ता अभीए अतत्थे अचलिए असंभंते अणाउले अणुव्विग्गे अभिण्णमुहराग-णयणवण्णे अदीणविमणमाणसे पोयवहणस्स एगदेसंमि वत्थंतेणं भूमिं पमज्जइ, पमज्जित्ता ठाणं ठाइ, ठाइत्ता करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी–

"नमोऽत्थु णं अरहंताणं भगवंताणं जाव ठाणं संपत्ताणं, जइ णं अहं एत्तो उवसग्गाओ मुंचामि तो मे कप्पइ पारित्तए, अह णं एत्तो उवसग्गाओ ण मुंचामि तो मे तहा पच्चक्खाएयव्वे" त्ति कट्टु सागारं भत्तं पच्चक्खाइ।

सूत्र ५९ श्रमणोपासक अर्हन्नक ने उस दिव्य पिशाच आकृति को अपनी ओर आते देखा। उसे देख अर्हन्नक तनिक भी भयभीत नहीं हुआ। उसके मन में त्रास, चंचलता, भ्रान्ति, व्याकुलता और उद्विग्नता उत्पन्न नहीं हुए। न तो उसके चेहरे का भाव बदला और न आँखों का रंग। हीनता और खिन्नता उससे दूर रही। वह नाव के एक भाग में जा कपड़े के छोर से बैठने के स्थान को साफ करके बैठ गया और दोनों हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगा–"नमोत्थुणं अरहंताणं ... अरिहंत भगवान को मेरा नमस्कार है" (शक्र स्तव का पाठ)। यदि मैं इस उपसर्ग से मुक्त हो जाऊँ तो मैं अपने इस कायोत्सर्ग को भंग करूँगा और यदि इस उपसर्ग से मुक्त न हो सकूँ तो इस कायोत्सर्ग को भंग नहीं करूँगा।" ऐसा कहकर उसने सागारी अनशन का संकल्प ले लिया।

59. Arhannak, the Shramanopasak, also saw the demon approaching but there was no fear in him. It did not evoke any panic, disturbance, illusion, anxiety, or agitation within his mind. There was no change in his facial expression or the colour of his eyes. The feelings of inferiority or sorrow never bothered him. He went to a solitary spot in the ship, cleaned that spot with the end of a cloth and sat down. He joined both his palms and started praying, "I bow to the Arihants. . . . . (the Shakra-panegyric). If I come out of this predicament I will break this meditation of mine otherwise not." Uttering thus he took the house-holders vow to fast and meditate.

सूत्र ६०. तए णं से पिसायरूवे जेणेव अरहन्नए समणोवासए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अरहन्नग एव वयासी–

"ह भो अरहन्नगा ! अपत्थियपत्थिया ! जाव परिवज्जिया ! णो खलु कप्पइ तव सील-व्वय-गुण-वेरमण-पच्चक्खाण-पोसहोववासाइं चालित्तए वा एवं खोभेत्तए वा, खडित्तए वा, भंजित्तए वा, उज्झित्तए वा, परिच्चइत्तए वा।

त जइ ण तुमं सीलव्वयं जाव ण परिच्चयसि तो ते अहं एय पोयवहणं दोहिं अगुलियाहि गेण्हामि, गेण्हित्ता सत्तट्ठतलप्पमाणमेत्ताइं उड्ढं वेहासे उव्विहामि, उव्विहित्ता अतो जलसि णिच्छोलेमि, जेण तुम अट्ट-दुहट्ट-वसट्टे असमाहिपत्ते अकाले चेव जीवियाओ ववरोविज्जसि।"

सूत्र ६० तभी वह पिशाचाकृति अर्हन्नक के निकट आया और कहने लगा–"अरे अर्हन्नक ! हे अयाचित की याचना करने वाले। तुम्हे शीलादि व्रत, विरमण, प्रत्याख्यान, पौषधोपवास आदि सकल्पो से डिगना, क्षोभ करना, खडित करना, भग करना, त्याग या परित्याग करना नही कल्पता है। किन्तु यदि तूने इनका परित्याग नहीं किया तो मैं तेरी इस नाव को अपनी दो अगुलियो से उठा लूँगा और सात-आठ तल की ऊँचाई तक आकाश मे उछाल दूँगा और फिर जल में डुबा दूँगा। जिससे तू आर्त्तध्यान मे डूब जायेगा, तेरी समाधि भग हो जाएगी और तू अकाल ही जीवनरहित हो जाएगा।"

60. The demonic apparition came near Arhannak and said, "Lo! Arhannak, the follower of the undesired path! It is against your norms to relax, avoid, alter, break, or abandon your vows of etiquette, discipline, review, fasting etc But if you do not do so I will lift this ship of yours with my two fingers and toss it high When it drops down I

shall sink it in the sea You will be possessed by the feeling of misery, your meditation will be interrupted and you will die a premature death."

सूत्र ६१. तए णं से अरहन्नए समणोवासए तं देव मणसा चेव एवं वयासी-"अहं णं देवाणुप्पिया ! अरहन्नए णामं समणोवासए अहिगयजीवाजीवे, नो खलु अहं सक्का केणइ देवेण वा जाव निग्गंथाओ पावयणाओ चालित्तए वा खोभेत्तए वा विपरिणामेत्तए वा, तुम ण जा सद्धा तं करेहि त्ति कट्टु अभीए जाव अभिन्नमुहराग-णयणवन्ने अदीणविमणमाणसे निच्चले निप्फंदे तुसिणीए धम्मज्झाणोवगए विहरइ।

सूत्र ६१ अर्हन्नक ने उस देव को मन ही मन उत्तर दिया-"देवानुप्रिय ! मै अर्हन्नक नाम का श्रमणोपासक हूँ और जड तथा चेतन के स्वरूप को जानता हूँ। मुझे विश्वास है कि कोई भी देव, दानव, आदि मुझे निर्ग्रन्थ के उपदेश से विमुख या क्षुब्ध नहीं कर सकता और न उनके विरोध मे ले जा सकता। अत जो तुम्हारे मन मे आये वह करो।" यह विचार कर अर्हन्नक पहले के समान ही निर्भय हो बिना किसी परिवर्तन के निश्चल, निस्पन्द और मौन हो धर्मध्यान में लीन रहा।

61. Arhannak replied silently, "Beloved of gods! I am Arhannak, the Shramanopasak, who has the knowledge of the fundamentals like matter and soul I am confident that no divine or demonic power can disturb my faith in the word of the Nirgranth and turn me against it As such, you may do what you like " With these thoughts Arhannak remained absorbed in his spiritual meditation with courage, serenity, stability, and silence

सूत्र ६२. तए णं से दिव्वे पिसायरूवे अरहन्नग समणोवासय दोच्च पि तच्च पि एव वयासी-"ह भो अरहन्नगा !" धम्मज्झाणोवगए विहरइ।

सूत्र ६२ उस दिव्य पिशाच आकृति ने दुबारा-तिबारा अर्हन्नक को पूर्ववत् धमकी दी और अर्हन्नक मन ही मन पूर्ववत् उत्तर देकर धर्म ध्यानमग्न रहा।

62. The demonic apparition again and again threatened but Arhannak still gave the same reply and continued his meditation

सूत्र ६३ तए णं से दिव्वे पिसायरूवे अरहन्नग धम्मज्झाणोवगय पासइ, पासित्ता बलियतरागं आसुरुत्ते तं पोयवहणं दोहिं अगुलियाहिं गिण्हइ, गिण्हित्ता सत्तट्ठतलाइं जाव अरहन्नग एव वयासी-"हं भो अरहन्नगा ! अपत्थियपत्थिया ! णो खलु कप्पइ तव सीलव्वय-गुण-वेरमण-पच्चक्खाण-पोसहोववासाइ तहेव जाव धम्मज्झाणोवगए विहरइ।

सूत्र ६३ इस पर उस पिशाच ने धर्मध्यान में लीन अर्हन्नक पर क्रुद्ध हो उस नाव को दो अगुलियों मे उठाया और सात-आठ ताड की ऊँचाई पर ले जाकर वही धमकी दोहराई। किन्तु अर्हन्नक तब भी अपने धर्म-ध्यान से विचलित नहीं हुआ।

63. Annoyed with Arhannak the demon now picked up the ship in his fingers, lifted it to a great height, and repeated the threat Arhannak still remained undisturbed in his meditation

क्षमायाचना एवं कुण्डलों की भेंट

सूत्र ६४. तए णं से पिसायरूवे अरहन्नगं जाहे नो संचाएइ निग्गंथाओ पावयणाओ चालित्तए वा खोभित्तए वा विपरिणामित्तए वा ताहे उवसंते जाव निव्विण्णे तं पोयवहणं सणियं सणियं उवरिं जलस्स ठवेइ, ठवित्ता त दिव्वं पिसायरूवं पडिसाहरइ, पडिसाहरित्ता दिव्वं देवरूपं विउव्वइ, विउव्वित्ता अंतलिक्खपडिवन्ने सखिंखिणियाइं जाव परिहिए अरहन्नग समणोवासय एवं वयासी–

सूत्र ६४ जब वह पिशाच अर्हन्नक को निर्ग्रन्थ वचन से विमुख करने में सफल नहीं हुआ तो वह शान्त हो गया। उसके मन मे खेद हुआ और उसने नाव को धीरे-धीरे समुद्र की सतह पर रख दिया। फिर उसने अपना पिशाच रूप त्यागकर दिव्य देवरूप धारण किया और पचरगे तथा छमछम करते दिव्य वस्त्राभूषण पहनकर आकाश में स्थिर हो अर्हन्नक से कहा–

GIFT OF EARRINGS

64. On failing to turn Arhannak against the preaching of the Nirgranth, the demon calmed down It was repentant and put back the ship slowly on the surface of the sea It then transformed its demonic appearance into a divine one with multicoloured dress and glittering divine ornaments It stationed itself in the sky and said to Arhannak—

सूत्र ६५ "हं भो अरहन्नगा ! धन्नोऽसि णं तुम देवाणुप्पिया ! जाव जीवियफले, जस्स ण तव निग्गथे पावयणे इमेयारूवा पडिवत्ती लद्धा पत्ता अभिसमन्नागया, एवं खलु देवाणुप्पिया ! सक्के देविंदे देवराया सोहम्मे कप्पे सोहम्मवडिसए विमाणे सभाए सुहम्माए बहूण देवाण मज्झगए महया सद्देण आइक्खइ–"एवं खलु जबुद्दीवे दीवे भारहे वासे चंपाए नयरीए अरहन्नए समणोवासए अहिगयजीवाजीवे, नो खलु सक्का केणए देवेण वा दाणवेण वा निग्गंथाओ पावयणाओ चालित्तए वा जाव विपरिणामित्तए वा।

तए णं अहं देवाणुप्पिया ! सक्कस्स देविंदस्स एयमट्ठं णो सद्दहामि, नो रोययामि। तए णं मम इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव परिच्चयइ ? णो परिच्चयइ ? त्ति कट्टु एवं संपेहेमि, संपेहित्ता ओहिं पउंजामि, पउंजित्ता देवाणुप्पिया ! ओहिणा आभोएमि, आभोइत्ता उत्तरपुरच्छिम दिसीभागं उत्तरवेउव्वियं समुग्घामि, ताए उक्किट्ठाए जाव जेणेव लवणसमुद्दे जेणेव देवाणुप्पिए तेणेव उवागच्छामि। उवागच्छित्ता देवाणुप्पियाण उवसग्गं करेमि।

नो चेव ण देवाणुप्पिया भीया वा तत्था वा, तं ज ण सक्के देविदे देवराया वदइ, सच्चे ण एसमट्ठे। त दिट्ठे ण देवाणुप्पियाण इड्ढी जुई जसो बल जाव परक्कमे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए। त खामेमि णं देवाणुप्पिया ! खमंतुमरिहतु णं देवाणुप्पिया ! णाइ भुज्जो भुज्जो एवं करणयाए।'' त्ति कट्टु पजलिउडे पायवडिए एयमट्ठ भुज्जो खामेइ, खामित्ता अरहन्नयस्स दुवे कुडलजुयले दलयइ, दलइत्ता जामेव दिसि पाउब्भूए तामेव दिसि पडिगए।

सूत्र ६५ ''हे अर्हन्नक ! तुम धन्य हो। तुम्हारा जीवन सफल है कि तुमको निर्ग्रन्थ वचन के प्रति ऐसी श्रद्धा उपलब्ध हुई है और वह सम्यक् रूप से तुम्हारे आचरण मे प्रकट हुई है। हे देवानुप्रिय ! देवराज शक्रेन्द्र ने सौधर्मकल्प मे सौधर्मावतसक नाम के विमान की सुधर्मा सभा मे अनेक देवों के बीच शुभ वचनो मे कहा था–'जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र की चम्पानगरी मे अर्हन्नक नाम का एक श्रमणोपासक जीव-अजीव आदि तत्त्वो का ज्ञाता है। उसे कोई भी देव-दानव निर्ग्रन्थ वचन से विमुख करने मे समर्थ नही है।'

''हे देवानुप्रिय ! उस समय शक्रेन्द्र के इस कथन पर मुझे विश्वास नही हुआ था और न उनकी बात अच्छी लगी थी। उस समय मेरे मन मे यह विचार उत्पन्न हुआ–'मै जाकर अर्हन्नक के सामने प्रकट होऊँ और पहले यह जानूँ कि उसे धर्म प्रिय है या नही ? वह धर्म मे दृढ है या नही ? वह शीलादि व्रतो से विमुख होता है या नही ?' इस विचार के आने पर मैने अवधिज्ञान से तुम्हारी स्थिति जानी और ईशानकोण मे जाकर वैक्रिय समुद्घात से उत्तर वैक्रियशरीर धारण किया। फिर तीव्र गति से समुद्र मे जहाँ तुम थे वहाँ आया और तुम्हे आतकित करने के लिए उपसर्ग किये। पर तुम विचलित नही हुए। अत. शक्रेन्द्र के वचन सच्चे निकले। मैने देखा कि तुम्हे ऋद्धि, द्युति, यश, बल और पराक्रम प्राप्त हुआ है और तुमने उनका भलीभाँति उपयोग किया है। हे देवानुप्रिय ! मै आपको खमाता हूँ। आप क्षमा प्रदान करने योग्य है। हे देवानुप्रिय ! भविष्य मे मै ऐसा कुछ नहीं करूँगा।'' और वह देव दोनो हाथ जोड अर्हन्नक के चरणो मे गिरकर बारम्बार अपने उपद्रव के लिए विनयपूर्वक क्षमायाचना करे लगा। फिर उसने अर्हन्नक को दो कुडल युगल (दो जोडी) भेट किए और जिस दिशा से आया था उसी दिशा मे लौट गया।

65. "Arhannak! Praise be to you. You are a highly accomplished individual as you have developed so deep a faith in the preaching of the Nirgranth, all the more so because it is evident in your conduct Beloved of gods! Shakrendra, the king of gods had one day mentioned in the assembly of gods in the Saudharmavatansak dimension, 'In Champa city in the Bharat area of the Jambu continent lives Arhannak, a Shramanopasak, who has the knowledge of matter and soul It is not possible for any god or demon to turn him against the preaching of the Nirgranth '

"Beloved of gods! At that time I neither believed nor liked this statement of the king of gods I just thought, 'Let me first go and appear before Arhannak and test him if he loves his religion? If he is resolute in his discipline? and can he be turned against his vows?'

"Thinking thus I located you with the help of my Avadhi Jnana I proceeded in the north-east direction and with the process of Vaikriya Samudghat transformed myself into a demonic body I rushed to the area your ship was on the high seas and created various horrors to overwhelm you But you did not move an inch and maintained your poise Thus the king of gods was proved right

"I have observed that you have been blessed with wealth, aura, fame, strength, and prowess and you have utilized them well Beloved of gods! I beg your pardon You have the capacity to forgive and forget. Beloved of gods! I promise not to repeat this in future " And that god fell at the feet of Arhannak with joined palms and begged pardon again and again for his misdeed He then gifted two pairs of earrings to Arhannak and left for his abode

सूत्र ६६ तए ण अरहन्नए निरुवसग्गमित्ति कट्टु पडिमं पारेइ। तए णं ते अरहन्नगपामोक्खा जाव वाणियगा दक्खिणाणुकूलेण वाएण जेणेव गंभीरए पोयपट्टणे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता पोयं लबति, लबित्ता सगडिसागड सज्जेति, सज्जित्ता त गणिमं धरिम मेज्ज परिच्छेज्जं सगडिसागडं संकामेंति, संकामित्ता सगडिसागडं जोएंति, जोइत्ता जेणेव मिहिला नगरी तेणेव उवागच्छंति उवागच्छित्ता मिहिलाए रायहाणीए बहिया अग्गुज्जाणसि सगडिसागडं मोएन्ति, मोइत्ता मिहिलाए रायहाणीए त महत्थं महग्घ महरिहं विउल रायरिहं पाहुड कुंडलजुयल च गेण्हंति, गेण्हित्ता मिहिलाए रायहाणीए

अणुपविसंति, अणुपविसित्ता जेणेव कुंभए राया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता करयल जाव कट्टु तं महत्थं दिव्व कुंडलजुयलं उवणेंति जाव पुरओ ठवेंति।

सूत्र ६६. उपसर्ग के समाप्त हो जाने पर अर्हन्नक ने अपना कायोत्सर्ग सम्पन्न किया। पवन के दक्षिणमुखी होने के कारण उनकी नाव गम्भीर नाम के बन्दरगाह पर पहुँची। नाव के रुकने पर अर्हन्नक तथा अन्य व्यापारियो ने गाडियाँ तैयार कर उनमें माल भरा और घोडे जोतकर रवाना हो गये। वहाँ से वे मिथिला नगरी पहुँचे और नगर के बाहर श्रेष्ठ उद्यान मे अपनी गाडियाँ खडी कर दीं। फिर वे राजा के लिये बहुमूल्य तथा महान् व्यक्तियो को भेट करने योग्य सामग्री तथा कुडलों की वह दिव्य जोडी साथ मे लेकर मिथिला नगरी के भीतर आये। कुम्भ राजा के दरबार मे पहुँच दोनों हाथ जोड अभिनन्दन किया और भेट सामग्री तथा कुडल राजा के सामने रख दिये।

66. Arhannak concluded his meditation as soon as the affliction was over When the wind started blowing from the south their ship reached the Gambhir port After the ship docked, Arhannak and the other merchants prepared their carts and loaded their merchandise Harnessing the horses they left the port They came to Mithila city and parked their carts in the beautiful garden outside the city They selected valuable and suitable gifts as well as a pair of the divine earrings and entered the town Arriving at the court of King Kumbh they greeted him and placed the gifts and the earrings before him

सूत्र ६७ तए ण कुंभए राया तेसि संजत्तगाण नावावाणियगाणं जाव पडिच्छइ, पडिच्छित्ता मल्लिं विदेहवररायकन्नं सद्दावेइ, सद्दावित्ता तं दिव्व कुडलजुयल मल्लीए विदेहवररायकन्नगाए पिणद्धइ, पिणद्धित्ता पडिविसज्जेइ।

तए ण से कुभए राया ते अरहन्नगपामोक्खे जाव वाणियगे विपुलेण असण-पाण-खाइम-साइमेण वत्थ-गध-मल्लालंकारेण जाव उस्सुक्कं वियरेइ, वियरित्ता रायमग्गमोगाढे य आवासे वियरइ, वियरित्ता पडिविसज्जेइ।

सूत्र ६७ कुभ राजा ने उन नौका वणिको द्वारा दी बहुमूल्य भेट सामग्री स्वीकार की और मल्लीकुमारी को बुलवाया। वे दिव्य कुडल उन्होंने कुमारी को पहनाए और वापस भेज दिया।

फिर कुम्भ राजा ने अर्हन्नक आदि यात्रियो का प्रचुर आहार सामग्री तथा वस्त्रालकार प्रदान कर सत्कार किया। राजा ने उनका शुल्क भी माफ कर दिया और राजमार्ग पर ठहरने का स्थान प्रदान कर विदा किया।

चित्र परिचय
THE ILLUSTRATIONS EXPLAINED

दिव्य कुण्डल युगल की भेंट

चित्र २४

देव के उपहार रूप में प्राप्त कुण्डल युगल लेकर अर्हन्नक आदि समुद्र व्यापारी मिथिला के तट पर पहुँचे। वहाँ के राजा कुम्भ को भेंट देने के लिए स्वर्ण थाल में वे दिव्य कुण्डल सजाकर लाये। ऐसे दिव्य कुण्डल देखकर राजा कुम्भ बहुत प्रसन्न हुए। व्यापारियों का सम्मानित किया।

महाराज कुम्भ की पुत्री थी मल्लीकुमारी। संसार की अद्भुत रूप लावण्यवती और अनन्त पुण्यशालिनी। मल्लीकुमारी का वर्ण पन्ना रत्न जैसी हरी छवि युक्त था। महाराज कुम्भ ने वे दिव्य कुण्डल युगल राजकुमारी मल्ली को पहनाये तो जैसे कुण्डलों से राजकुमारी का और राजकुमारी की दिव्य छवि से कुण्डलों का सौन्दर्य सौ गुना निखर गया। महाराज कुम्भ के पास ही राजसिंहासन पर विराजित है मल्लीकुमारी।

(अध्ययन ८)

PRESENTING THE DIVINE EARRINGS

ILLUSTRATION 24

Taking the divine earrings Arhannak and his friends came to Mithila city They took a gold plate, placed the divine earrings in it, and came to the court of King Kumbh They greeted him and presented the earrings to him King Kumbh was pleased He felicitated the merchants Princess Malli, the daughter of King Kumbh, was a divine beauty and a pious person She had an emerald green complexion The king gave the divine earrings to his daughter When she put on these earrings her beauty was enhanced hundred fold, and the same happened to the divine beauty of the earrings Princess Malli is occupying the throne adjacent to King Kumbh

(CHAPTER-8)

67. King Kumbh accepted the costly gifts and called Princess Malli. He gave the divine earrings to her and let her wear them before going back

King Kumbh honoured Arhannak and other merchants by gifting ample food, cloths and ornaments He also exempted them from any levies and provided for a place to stay near the highway

सूत्र ६८. तए णं अरहन्नगसंजत्तगा जेणेव रायमग्गमोगाढे आवासे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता भडववहरणं करेंति, करित्ता पडिभंडं गेण्हंति, गेण्हित्ता सगडिसागड भरेंति, जेणेव गभीरए पोयपट्टणे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता पोयवहणं सज्जेति, सज्जित्ता भंड संकामेंति, दक्खिणाणुकूलेणं वाएणं जेणेव चंपाए पोयट्ठाणे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता पोय लबेंति, लंबित्ता सगडिसागडं सज्जेंति, सज्जित्ता तं गणिम धरिम मेज्ज पारिच्छेज्ज सगडीसागडं संकामेंति, संकामेत्ता जाव महत्थं पाहुडं दिव्व च कुडलजुयल गेण्हति, गेण्हित्ता जेणेव चदच्छाए अगराया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता त महत्थ जाव उवणेति।

सूत्र ६८ राजा द्वारा बताये आवास पर आकर उन्होने अपना माल बेचना आरंभ कर दिया। सारा माल बेचकर उन्होने वहाँ से नया माल खरीदकर अपनी गाड़ियाँ भरीं और गम्भीर बन्दरगाह पर आकर नाव तैयार कर उसमे वह माल भर लिया। वहाँ से जलमार्ग द्वारा व चम्पानगरी के बन्दरगाह पर आये और अपना माल गाडियो में भर दिया। फिर वे बहुमूल्य भेट सामग्री तथा कुडलो की बची हुई दूसरी जोड़ी लेकर अगराज चन्द्रच्छाय के दरबार मे गये और भेट राजा के समक्ष रख दी।

68. After settling at the house allotted by the king they started trading their goods Selling all their stock and purchasing local goods they reloaded their carts and came to the port. Loading their ship they started on their journey back to the port of Champa They filled their carts with the merchandise and went to the court of King Chandracchaya of Anga with valuable gifts and the remaining pair of divine earrings The gifts were now placed before the king.

सूत्र ६९ तए ण चदच्छाए अगराया तं दिव्वं महत्थं च कुंडलजुयलं पडिच्छइ, पडिच्छित्ता ते अरहन्नगपामोक्खे एवं वयासी-"तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! बहूणि गामागर० जाव सन्निवेसाइ आहिंडह, लवणसमुद्दं च अभिक्खण अभिक्खणं पोयवहणेहिं ओगाहेह, तं अत्थियाइ भे केइ कहिंचि अच्छेरए दिट्ठपुव्वे ?"

सूत्र ६९ राजा ने उनकी दिव्य कुण्डल जोडी की भेंट स्वीकार की और कहा–"हे देवानुप्रियो ! आप अनेक ग्रामादि में भ्रमण करते है तथा बार-बार समुद्र यात्रा पर जाते हैं। हमें बताओ कि कहीं आपने कोई आश्चर्य भी देखा है क्या ?"

69. The king accepted the gifts and said, "Beloved of gods! You have done many sea voyages and visited numerous villages, cities etc , tell me if you have come across some wonder somewhere?"

सूत्र ७०. तए णं ते अरहन्नगपामोक्खा चंदच्छायं अंगराय एवं वयासी–"एवं खलु सामी ! अम्हे इहेव चंपाए नयरीए अरहन्नगपामोक्खा बहवे संजत्तगा णावावाणियगा परिवसामो, तए णं अम्हे अन्नया कयाइं गणिमं च धरिम च सेज्जं च परिच्छेज च तहेव अहीणमतिरित्तं जाव कुंभगस्स रण्णो उवणेमो।

तए ण से कुभए मल्लीए विदेहरायवरकन्नाए त दिव्व कुडलजुयलं पिणद्धेइ, पिणद्धित्ता, पडिविसज्जेइ। त एस ण सामी ! अम्हेहि कुंभरायभवणसि मल्ली विदेहरायवरकन्ना अच्छेरए दिट्ठे त नो खलु अन्ना का वि तारिसिया देवकन्ना वा जाव जारिसिया णं मल्ली विदेहरायवरकन्ना।

सूत्र ७० वणिको ने अंगराज चद्रच्छाय को उत्तर दिया–"हे स्वामी ! हम सब नौकावणिक् इसी चम्पानगरी के रहने वाले हैं। एक बार हम अपना माल भरकर यात्रा करते हुए मिथिला के राजा कुम्भ के पास गये। उन्हे भेंट समर्पित करके बैठे तो उन्होने उसमे से दिव्य कुण्डल निकालकर अपनी कन्या मल्लीकुमारी को पहना कर उसे वापस भेजा। हे स्वामी ! हमे राजा कुम्भ के भवन मे उनकी पुत्री मल्लीकुमारी एक आश्चर्य के रूप मे दिखाई दी। उसके जैसी सुन्दरी समस्त त्रिभुवन की कन्याओ मे नही है।"

70. The merchants replied to the king of Anga, "Sire! We seafarers are inhabitants of this Champa city Traveling once with our merchandise we arrived in Mithila city and visited King Kumbh When we took our seats after presenting the gifts to the king, he picked up the divine earrings and gave them to his daughter Princess Malli to wear Sire! In that palace of King Kumbh Princess Malli was a wonder She has no parallel in beauty in the whole universe "

सूत्र ७१. तए णं चंदच्छाए ते अरहन्नगपामोक्खे सक्कारेइ, सम्माणेइ, सक्कारित्ता, सम्माणित्ता पडिविसज्जेइ। तए णं चदच्छाए वाणियगजणियहासे दूतं सद्दावेइ, जाव जइ वि य णं सा सयं रज्जसुका। तए णं से दूते हट्ठे जाव पहारेत्थ गमणाए।

सूत्र ७१. राजा चन्द्रच्छाय ने अर्हन्नक आदि वणिकों का आदर-सत्कार किया और उन्हें विदा किया। वणिकों की बात सुन उनके मन में हर्ष और प्रेम की भावना जागी। उन्होंने अपने दूत को बुलाया और मल्लीकुमारी से विवाह करने का प्रस्ताव राजा कुंभ के पास ले जाने को कहा। दूत प्रसन्नचित्त रवाना हो गया।

71. King Chandracchaya bestowed honour on the traders and bid them good-bye He was pleased to hear the story narrated by the merchants and at the same time was filled with a desire He called his emissary and instructed him to go to King Kumbh with a marriage proposal for Princess Malli The emissary happily commenced his journey

राजा रुक्मि

सूत्र ७२. तेण कालेण तेण समएणं कुणाला नाम जणवए होत्था। तत्थ णं सावत्थी नामं नयरी होत्था। तत्थ णं रुप्पी कुणालाहिवई नामं राया होत्था। तस्स णं रुप्पिस्स धूया धारिणीए देवीए अत्तया सुबाहुनामं दारिया होत्था, सुकुमाल पाणि पाया रूवेण य जोव्वणेण लावण्णेण य उक्किट्ठा उक्किट्ठसरीरा जाया यावि होत्था।

तीसे ण सुबाहूए दारियाए अन्नया चाउम्मासियमज्जणए जाए यावि होत्था।

सूत्र ७२ काल के उस भाग मे कुणाल नाम का एक जनपद था। वहाँ की राजधानी श्रावस्ती नगरी थी जहॉ रुक्मि नाम के राजा राज्य करते थे। उनकी रानी का नाम धारिणी था जिसकी कोख से जन्मी कन्या का नाम सुबाहु था। वह कन्या सुकोमल थी और शरीर, वय, रूप, यौवन तथा लावण्य मे उत्कृष्ट थी।

एक बार उस राजपुत्री के चातुर्मासिक स्नान के उत्सव का समय आया।

KING RUKMI

72. During that period of time there was a country named Kunal. The capital of Kunal was Shravasti city and King Rukmi ruled there The name of his queen was Dharini He also had a daughter named Subahu The princess was delicate as well as exemplary in beauty, youth and charm One day her annual bathing ritual was celebrated

सूत्र ७३. तए णं से रुप्पी कुणालाहिवई सुबाहूए दारियाए चाउम्मासियमज्जणयं उवट्ठिय जाणइ, जाणित्ता कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-"एवं खलु

देवाणुप्पिया ! सुबाहूए दारियाए कल्लं चाउम्मासियमज्जणए भविस्सइ, तं कल्लं तुब्भे णं रायमग्गमोगाढंसि चउक्कंसि जलथलयदसद्धवण्णमल्लं साहरेह, जाव ओलइंति।

सूत्र ७३ राजा रुक्मि ने उस अवसर पर अपने सेवको को बुलाकर कहा–"हे देवानुप्रियो ! कल कुमारी सुबाहु के चातुर्मासिक स्नान का उत्सव है। अत तुम जल-थल के पचरगे फूल लाओ और राजमार्ग के बीच चौक में उन फूलो की मालाओं का सुगधित गजरा लटकाओ।" सेवको ने राजाज्ञा के अनुसार कार्य सम्पन्न किया।

73. On that occasion King Rukmi called his staff and said, "Beloved of gods! Tomorrow is the annual bathing ceremony of princess Subahu As such, bring multi-coloured flowers from land and water and decorate the central square on the highway with intwined garlands of these flowers " The attendants carried out the order

सूत्र ७४. तए ण रुप्पी कुणालाहिवई सुवन्नगारसेणि सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी–"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! रायमग्गमोगाढंसि पुप्फमंडवंसि णाणाविह पच-वण्णेहि तंदुलेहिं णगरं आलिहह। तस्स बहुमज्झदेसभाए पट्टय रएह।" रएत्ता जाव पच्चप्पिणंति।

सूत्र ७४ इसके पश्चात् राजा रुक्मि ने स्वर्णकारो–सुनारो के सघ को बुलाकर कहा–"हे देवनुप्रियो ! जल्दी ही राजमार्ग के बीच बनाये पुष्प-मडप मे तरह-तरह के पंचरगे चावलो से नगर का चित्र बनाओ और उसके बीच मे एक पाट रखो।" सुनार सघ ने आज्ञा के अनुसार कार्य सम्पन्न कर दिया।

74. King Rukmi now called the guild of goldsmiths and said, "Beloved of gods! Go and prepare a model of the city with multi-coloured rice in the flower-pavilion raised at the centre of the highway At the centre of the model erect a platform " The guild of goldsmiths carried out the order

सूत्र ७५. तए णं से रुप्पी कुणालाहिवई हत्थिखधवरगए चाउरगिणीए सेणाए महया भड-चडकर-रह-पहकरविंद-परिक्खित्ते अंतेउरपरियालसपरिवुडे सुबाहु दारिय पुरओ कट्टु जेणेव रायमग्गे, जेणेव पुप्फमडवे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता हत्थिखधाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता पुप्फमडव अणुपविसइ, अणुपविसित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे सन्निसन्ने।

सूत्र ७५. राजा रुक्मि तब श्रेष्ठ हाथी पर सवार हो अपनी चतुरगिनी सेना, स्वजनों तथा वैभव सहित कुमारी सुबाहु को आगे कर राजमार्ग के मध्य बने पुष्प-मडप के पास

आया। हाथी पर से उतरकर पुष्प-मडप में प्रवेश किया और पूर्व दिशा की ओर मुख कर श्रेष्ठ सिंहासन पर बैठ गया।

75. King Rukmı rode the best of hıs elephants and accompanied by the regiment of guards, his relatives, and all his regalia with princess Subahu in front, came to the flower-pavilion raised at the centre of the highway He got down from the elephant, entered the pavilion and sat on the royal throne facing east

सूत्र ७६. तओ णं ताओ अंतेउरियाओ सुबाहुं दारियं पट्टयंसि दुरूहेंति। दुरूहित्ता सेयपीयएहि कलसेहिं ण्हाणेंति, ण्हाणित्ता सव्वालंकारविभूसियं करेंति, करित्ता पिउणो पाय वंदिउ उवणेंति।

तए ण सुबाहू दारिया जेणेव रुप्पी राया तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता पायग्गहणं करेइ। तए ण से रुप्पी राया सुबाहु दारियं अंके निवेसेइ, निवेसित्ता सुबाहुए दारियाए रूवेण य जोव्वणेण य लावण्णेण य जायविम्हए वरिसधरं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-"तुम ण देवाणुप्पिया ! मम दोच्चेणं बहूणि गामागरनगर जाव सण्णिवेसाइं आहडिसि, बहूण य राईसर जाव सत्थवाहपभिईण गिहाणि अणुपविससि, त अत्थियाइं से कस्सइ रण्णो वा ईसरस्स वा कहिंचि एयारिसए मज्जणए दिट्ठपुव्वे, जारिसए णं इमीसे सुबाहुदारियाए मज्जणए?"

सूत्र ७६ अत पुर की महिलाओ ने सुबाहुकुमारी को उस पाट पर आसीन किया और चॉदी व सोने के कलशो मे भरे पानी से उसे स्नान कराया। वस्त्रालकारो से सज्जित कर वे उसे अपने पिता के चरणो मे प्रणाम करने के लिए लाईं।

सुबाहुकुमारी ने पिता के निकट पहुँच उनके चरणों का स्पर्श किया। रुक्मि राजा ने अपनी पुत्री को गोद मे बिठा लिया और उसके रूप, यौवन और लावण्य को देख विस्मित हुए। उन्होने अन्त पुर के वरिष्ठ रक्षक को बुलाकर पूछा-"हे देवानुप्रिय ! तुम मेरे दूत के रूप मे अनेक ग्रामादि मे जाते हो। क्या तुमने किसी राजा या जागीरदार के यहाँ ऐसा स्नानोत्सव इससे पहले भी कही देखा है ?"

76. The ladies from the palace seated the princess on the platform and helped her bathe with water filled in pitchers made of gold and silver They also helped her dress and then took her to her father to touch his feet When the princess reached near her father she bowed down and touched his feet King Rukmı made her sit in his lap and was astonished to see her beauty, youth and charm He called the

commander of the brigade of palace guards and asked, "Beloved of gods! You have been to many villages (etc) as my emissary, tell me if you have ever seen such a bathing celebration at palaces of any of the kings or landlords "

सूत्र ७७. तए ण से वरिसधरे रुप्पिं करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एव वदासी-"एवं खलु सामी ! अह अन्नया तुब्भे णं दोच्चेण मिहिलं गए, तत्थ ण मए कुभगस्स रण्णो धूयाए, पभावईए देवीए अत्तयाए मल्लीए विदेहरायवरकन्नयाए मज्जणए दिट्ठे, तस्स ण मज्जणगस्स इमे सुबाहूए दारियाए मज्जणए सयसहस्सइमं पि कल न अग्घेइ।

सूत्र ७७ रक्षक ने हाथ जोडकर कहा-"हे स्वामी ! एक बार मै आपके दूत के रूप मे मिथिला गया था। वहॉ मैने राजा कुभ और रानी प्रभावती की पुत्री मल्ली का स्नानोत्सव देखा था। सुबाहुकुमारी का यह स्नानोत्सव उसके लाखवे अश के बराबर भी नही है।"

77. The commander replied with joined palms, "Sire! Once I had gone to Mithila as your emissary There I chanced to witness the bathing ceremony of Princess Malli, the daughter of King Kumbh and Queen Prabhavati The bathing ceremony of princess Subahu is not even a millionth fraction as good as that of Princess Malli "

सूत्र ७८. तए ण से रुप्पी राया वरिसधरस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म सेस तहेव मज्जणग-जणियहासे दूत सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एव वयासी-"जेणेव मिहिला नयरी तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

सूत्र ७८ यह सुन-समझकर उस स्नानोत्सव के वर्णन से प्रभावित तथा आकर्षित राजा रुक्मि ने अपने दूत को बुलाया और मल्लीकुमारी से विवाह के प्रस्ताव सहित उसे मिथिला के लिए रवाना कर दिया।

78. Impressed by this, King Rukmi called his emissary and sent him to Mithila with a marriage proposal for Princess Malli

काशीराज शंख

सूत्र ७९ तेण कालेण तेणं समएण कासी नाम जणवए होत्था। तत्थ ण वाणारसी नाम नयरी होत्था। तत्थ णं सखे नामं राया कासीराया होत्था।

सूत्र ७९ काल के उस भाग में काशी नाम का एक जनपद था जिसकी वाराणसी नाम की नगरी में काशीराज शंख राज्य करते थे।

KING SHANKH OF KASHI

79. During that period of time there was a country named Kashi and its capital was Varanasi city King Shankh ruled there

सूत्र ८०. तए णं तीसे मल्लीए विदेहरायवरकन्नगाए अन्नया कयाइं तस्स दिव्वस्स कुंडल-जुयलस्स संधी विसंघडिए यावि होत्था।

तए ण कुंभए राया सुवन्नगारसेणिं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-"तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! इमस्स दिव्वस्स कुंडलजुयलस्स संधिं संघाडेह।"

सूत्र ८० एक बार मल्लीकुमारी के उन दिव्य कुण्डलों का एक जोड खुल गया। राजा कुभ ने सुनारो के सघ को बुलाकर कहा-"देवानुप्रियो ! इस कुडल के जोड को झाल लगाकर ठीक कर दो।"

80. Once, a joint in one of Princess Malli's divine earrings broke King Kumbh summoned the guild of goldsmiths and said, "Beloved of gods! Braze the broken joint and set this earring right."

सूत्र ८१ तए णं सा सुवण्णगारसेणी एयमट्ठं तह त्ति पडिसुणेइ, पडिसुणित्ता तं दिव्वं कुडलजुयल गेण्हइ, गेण्हित्ता जेणेव सुवण्णगारभिसियाओ तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सुवण्णगारभिसियासु णिवेसेइ, णिवेसित्ता बहूहिं आएहिं य जाव परिणामेमाणा इच्छंति तस्स दिव्वस्स कुंडलजुयलस्स सधिं घडित्तए, नो चेव णं संचाएंति संघडित्तए।

तए ण सा सुवन्नगारसेणी जेणेव कुंभए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता करयल० जाव वद्धावेत्ता एव वयासी-"एव खलु सामी ! अज्ज तुब्भे अम्हे सद्दावेह। सद्दावेत्ता जाव संधिं सघाडेत्ता एयमाणत्तिय पच्चप्पिणह। तए णं अम्हे तं दिव्वं कुंडलजुयलं गेण्हामो। जेणेव सुवन्नगारभिसियाओ जाव नो संचाएमो संघाडित्तए। तए णं अम्हे सामी ! एयस्स दिव्वस्स कुडलस्स अन्न सरिसयं कुंडलजुयल घडेमो।"

सूत्र ८१ सुनारो ने 'जो आज्ञा' कहकर वे कुण्डल ले लिये और अपने कारखाने चले गये। वहाँ आकर उन्होने अनेक प्रकार से उन्हे झालने की पूरी चेष्टा की पर वैसा नहीं कर सके।

निराश हो वे राजा के पास लौटे, हाथ जोड़कर अभिनन्दन किया और बोले-"हे स्वामी ! आज आपने हमे बुलाकर कुण्डलों को ठीक कर लाने की आज्ञा दी थी। हमने इन कुण्डलो को कारखाने ले जाकर झाल लगाने की बहुत चेष्टा की, किन्तु सफल न हो सके। अत यदि महाराज की आज्ञा हो तो हम ऐसी ही नई जोडी बनाकर ला देवें।"

81. The goldsmiths said, "As you say, Sire " and took the earrings to their smithy They tried their best, using all the skill at their command, to braze the joint but failed

Getting disappointed they came to the king, greeted him with joined palms and said, "Sire ! You called us today and instructed us to repair the earrings We took these earrings to our smithy and tried our best to braze the joint but failed. If your excellency permits we may make a new pair like this."

सुनारों का देश निकाला

सूत्र ८२. तए णं से कुभए राया तीसे सुवण्णगारसेणीए अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म आसुरुत्ते तिवलियं भिउडिं निडाले साहट्टु एव वयासी–

"केस णं तुब्भे कलायणं भवह ? जे णं तुब्भे इमस्स कुडलजुयलस्स नो सचाएह संधिं सघाडेत्तए?" ते सुवण्णगारे निव्विसए आणवेइ।

सूत्र ८२. सुनारों की बात सुनकर राजा कुभ कुपित हो गये। उनके ललाट पर तीन सलवट पड गये। उन्होंने सुनारो से कहा–"तुम कैसे सुनार हो जो इस कुण्डलो की जोडी मे झाल भी नहीं लगा सकते?" और राजा ने उन्हे देश निकाले की आज्ञा दे दी।

EXILE OF GOLDSMITHS

82. Hearing about the failure of the goldsmiths King Kumbh got angry He frowned deeply and addressed the goldsmiths, "What sort of goldsmiths are you, who could not do a simple thing like brazing a joint of these earrings?" And he issued orders for their deportation

सूत्र ८३. तए णं ते सुवण्णगारा कुंभेणं रण्णा निव्विसया आणत्ता समाणा जेणेव साइं साइं गिहाइं तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता सभंडमत्तोवगरणमायाए मिहिलाए रायहाणीए मज्झंमज्झेणं निक्खमंति। निक्खमित्ता विदेहस्स जणवयस्स मज्झमज्झेण जेणेव कासी जणवए, जेणेव वाणारसी नयरी तेणेव उवागच्छंति। उवागच्छित्ता अग्गुज्जाणसि सगडीसागडं मोएंति, मोइत्ता महत्थं जाव पाहुड गेण्हति, गेण्हित्ता वाणारसीए नयरीए मज्झंमज्झेणं जेणेव संखे कासीराया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता करयल. जाव वद्धावेंति, वद्धावित्ता पाहुड पुरओ ठावेंति, ठावित्ता संखरायं एव वयासी–

सूत्र ८३ देश से निकल जाने का दंड पाकर वे सुनार अपने-अपने घर लौटे और अपने कपडे-लत्ते, बर्तन-भॉड़े व औजार-पाती लेकर मिथिला नगरी के बीच होते हुए बाहर निकल गये। विदेह जनपद से निकलकर वे काशी जनपद मे वाराणसी नगरी पहुँचे। नगर के बाहर उद्यान में अपनी गाडियाँ खड़ी कर वे वाराणसी नगरी के बीच होते राजा शंख के दरबार में पहुँचे। हाथ जोड़कर राजा का अभिनन्दन किया और भेंट सामग्री राजा के सम्मुख रख दी। फिर वे राजा से बोले–

83. Getting this punishing order the goldsmiths returned to their respective homes, collected their cloths, utensils, instruments, and other necessary things, and left the town Leaving the Videh country they entered the Kashi country and arrived in Varanasi city. They parked their vehicles in a garden outside the city and arrived at the court of King Shankh They greeted the king with joined palms, placed gifts before him and submitted—

सूत्र ८४ "अम्हे ण सामी ! मिहिलाओ नयरीओ कुंभएणं रण्णा निव्विसया आणत्ता समाणा इहं हव्वमागया, तं इच्छामो णं सामी ! तुब्भ बाहुच्छायापरिग्गहिया निब्भया निरुव्विग्गा सुह सुहेण परिवसिउं।"

तए ण सखे कासीराया ते सुवण्णगारे एव वयासी–"कि णं तुब्भे देवाणुप्पिया ! कुभएण रण्णा निव्विसया आणत्ता?"

तए ण ते सुवण्णगारा सख एव वयासी–"एव खलु सामी ! कुभगस्स रण्णो धूयाए पभावईए देवीए अत्तयाए मल्लीए कुडलजुयलस्स संधी विसघडिए। तए ण से कुंभए सुवण्णगारसेणि सद्दावेइ, सद्दावित्ता जाव निव्विसया आणत्ता।"

सूत्र ८४ "हे स्वामी ! राजा कुम्भ के द्वारा मिथिला नगरी से निर्वासित होकर हम सीधे यहाँ आये है। हम आपकी भुजाओं की छाया मे निर्भय और निरुद्वेग होकर सुख-शान्ति से रहना चाहते है।"

काशीराज ने प्रश्न किया–"देवानुप्रियो ! राजा कुभ ने तुम्हे देश निकाला क्यो दिया?"

सुनारो ने उत्तर दिया–"स्वामी ! राजा कुम्भ की पुत्री मल्लीकुमारी के कुण्डल का जोड खुल गया था। राजा ने हमे बुलाकर उसे ठीक करने को कहा और वैसा न कर पाने पर उन्होने हमे निर्वासित कर दिया।"

84. "Sire ! After being exiled by King Kumbh from Mithila we have come here straight-away We want to settle down here, in peace and without any fear or disturbance, under your protection "

The kıng of Kashı asked, "Beloved of gods! Why Kıng Kumbh exıled you?"

The goldsmıths replıed, "Sıre ! A joınt ın the earrıngs of Princess Mallı, the daughter of the kıng, had broken The kıng called us and ordered us to repaır ıt When we faıled to do so he exiled us "

सूत्र ८५. तए णं से संखे सुवन्नगारे एवं वयासी–"केरिसिया णं देवाणुप्पिया ! कुंभगस्स धूया पभावईए देवीए अत्तया मल्ली विदेहरायवरकन्ना?"

तए णं ते सुवण्णगारा संखरायं एवं वयासी–"णो खलु सामी ! अन्ना काई तारिसिया देवकन्ना वा जाव जारिसिया णं मल्ली विदेहरायवरकन्ना।"

तए णं कुंडलजुअलजणियहासे दूतं सद्दावेइ, जाव तहेव पहारेत्थ गमणाए।

सूत्र ८५. राजा शंख ने प्रश्न किया–"देवानुप्रियो ! राजा कुम्भ की पुत्री मल्लीकुमारी कैसी है?"

सुनारों ने कहा–"स्वामी ! मल्लीकुमारी जैसी सुन्दरी सारे त्रिभुवन में कहीं भी नहीं है।"

यह सुनकर कुंडलादि सहित मल्लीकुमारी के वर्णन से प्रभावित राजा शंख ने विवाह प्रस्ताव सहित अपने दूत को मिथिला के लिए भेज दिया।

85. Kıng Shankh asked, "Beloved of gods ! Tell me about Prıncess Mallı, the daughter of Kıng Kumbh "

Goldsmıths, "Sıre ! There ıs no dame as beautıful as Prıncess Mallı ın the whole unıverse."

The descrıptıon of the prıncess and her dıvıne earrıngs ımpressed kıng Shankh so much that he sent hıs emıssary to Mıthıla wıth a marrıage proposal

राजा अदीनशत्रु

सूत्र ८६. तेणं कालेणं तेणं समएणं कुरुजणवए होत्था, हत्थिणाउरे नयरे, अदीणसत्तू नामं राया होत्था, जाव विहरइ।

सूत्र ८६ काल के उस भाग में कुरु नामक जनपद के हस्तिनापुर नगर पर राजा अदीनशत्रु का शासन था।

KING ADINSHATRU

86. During that period of time King Adinshatru ruled over Hastinapur, the capital city of Kuru country

सूत्र ८७. तत्थ णं मिहिलाऐ कुंभगस्स पुत्ते पभावईए अत्तए मल्लीए आणुजायए मल्लदिन्नए नाम कुमारे जाव जुवराया यावि होत्था।

तए ण मल्लदिन्ने कुमारे अन्नया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी–"गच्छह ण तुब्भे मम पमदवणंसि एगं महं चित्तसभं करेह अणेगखंभसयसण्णिविट्ठं, एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह, ते वि तहेव पच्चप्पिणंति।

सूत्र ८७. मिथिला नगरी के राजा कुम्भ का पुत्र और मल्लीकुमारी का छोटा भाई कुमार मल्लदिन्न वहाँ का युवराज था। एक दिन कुमार मल्लदिन्न ने अपने सेवकों को बुलाकर कहा–"मेरे महल के उद्यान (प्रमदवन) मे एक विशाल चित्रसभा का निर्माण कराओ।" सेवको ने कुमार की आज्ञा का पालन कर उन्हे सूचना दी।

87. Prince Malladinna, the son of King Kumbh and younger brother of Princess Malli, was the heir to the throne of Mithila One day Malladinna called his staff and said, "Construct a large art gallery in my palace garden " The attendants carried out the order and reported back to him

सूत्र ८८ तए ण मल्लदिन्ने कुमारे चित्तगरसेणि सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी–"तुब्भे ण देवाणुप्पिया ! चित्तसभ हाव-भाव-विलास-विब्बोय-कलिएहिं रूवेहिं चित्तेह। चित्तित्ता जाव पच्चप्पिणह।

तए ण सा चित्तगरसेणी तह त्ति पडिसुणेइ, पडिसुणित्ता जेणेव सयाइं गिहाइं, तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता तूलियाओ वन्नए य गेण्हति, गेण्हित्ता जेणेव चित्तसभा तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता अणुपविसति, अणुपविसित्ता भूमिभागे विरचति, विरचित्ता भूमि सज्जति, सज्जित्ता चित्तसभं हावभाव० जाव चित्तेउं पयत्ता यावि होत्था।

सूत्र ८८ फिर मल्लदिन्न कुमार ने चित्रकारो के दल को बुलाकर कहा–"देवानुप्रियो ! तुम लोग मेरी चित्रसभा को विभिन्न मुद्रा, भाव, विलास और चेष्टाओ युक्त चित्रों से परिपूर्ण कर दो।" कुमार की आज्ञा शिरोधार्य कर चित्रकार अपने घरो को लौट गये। तूलिकाएँ और रग आदि सामग्री लेकर वे चित्रसभा मे गये। वहाँ उन्होने सारे क्षेत्र का विभाजन किया और अपने-अपने क्षेत्र को तैयार कर चित्र बनाने का कार्य आरभ कर दिया।

88. Malladınna now called a number of painters and saıd, "Beloved of gods ! Fıll my art gallery wıth paintıngs on varıous subjects, themes, postures, gestures, and moods " Followıng the order the painters returned and came back after collectıng paints, brushes and other equıpment from theır homes Wıth all thıs materıal they entered the gallery and allotted a specıfic work area to each Every artıst prepared hıs area and started work

मल्लीकुमारी का चित्र

सूत्र ८९. तए ण एगस्स चित्तगरस्स इमेयारूवे चित्तगरलद्धी लद्धा पत्ता अभिसमन्नागया–जस्स णं दुपयस्स वा चउपयस्स वा अपयस्स वा एगदेसमवि पासइ, तस्स ण देसाणुसारेण तयाणुरूव रूव निव्वत्तेइ।

तए ण से चित्तगरदारए मल्लीए जवणियतरियाए जालंतरेण पायगुट्ठं पासइ।

तए ण तस्स चित्तगरस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पजित्था सेय खलु मम मल्लीए वि पायगुट्ठाणुसारेण सरिसग जाव गुणोववेय रूवं निव्वत्तित्तए, एव सपेहेइ, सपेहित्ता भूमिभाग सज्जेइ, सज्जित्ता मल्लीए वि पायगुट्ठाणुसारेण जाव निव्वत्तेइ।

सूत्र ८९ उन चित्रकारो मे एक चित्रकार मे ऐसी असाधारण क्षमता (लब्धि प्राप्त) थी कि वह किसी दोपाये, चौपायें अथवा अन्य किसी वस्तु का एक अवयव मात्र दिखाई दे जाने पर उस वस्तु का सम्पूर्ण चित्र बना सकता था।

एक बार उस विशिष्ट चित्रकार ने पर्दे की ओट मे रही मल्लीकुमारी के पैर का अगूठा किसी जाली के छेद मे से देखा। तब उसके मन मे विचार उठा कि मल्लीकुमारी के अगूठे मे प्रेरित हो उनकी सम्पूर्ण चित्र अनुकृति बनानी चाहिये। उसने अपने विचार को क्रियान्वित करने के लिए दीवाल के एक भाग को तैयार किया और चित्र बनाकर पूरा किया।

THE PORTRAIT OF MALLI

89. Among those artısts there was one who had the astonıshıng abılıty to paint a subject, be ıt man, anımal or anythıng else, completely even ıf he had just a glımpse of a small part of ıts body

Thıs artıst once happened to see a toe of veıled Prıncess Mallı from a hole ın a grıll He ımmedıately thought that ınspıred by thıs glımpse of the toe of the prıncess he should make a lıfe sıze portraıt of the

princess He prepared a portion of the wall allotted to him and completed the portrait

सूत्र ९०. तए णं सा चित्तगरसेणी चित्तसभं हाव-भाव-विलास-विब्बोय-कलिएहिं, रूवेहि चित्तेइ, चित्तित्ता जेणेव मल्लदिन्ने कुमारे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता जाव एयमाणत्तियं पच्चप्पिणंति।

तए ण मल्लदिन्ने चित्तगरसेणि सक्कारेइ, सम्माणेइ, सक्कारित्ता सम्माणित्ता विपुल जीवियारिहं पीइदाण दलेइ, दलइत्ता पडिविसज्जेइ।

सूत्र ९० जब चित्रकारो के दल ने चित्रसभा को मल्लदिन्न की आज्ञानुसार चित्रित कर दिया तो वे कुमार के पास गए और कार्य सम्पन्न होने की सूचना दी। कुमार ने उनका यथोचित सत्कार किया और यथेष्ट प्रीतिदान देकर विदा किया।

90. When the group of artists completed the assignment given to them by Malladinna they approached the prince and reported accordingly The prince honoured them and dismissed them after rewarding generously

सूत्र ९१ तए ण मल्लदिन्ने कुमारे अन्नया ण्हाए अतेउरपरियालसपरिवुडे अम्मधाईए सद्धि जेणेव चित्तसभा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता चित्तसभ अणुपविसइ। अणुपविसित्ता हाव-भाव-विलास-बिब्बोय-कलियाइं रूवाइ पासमाणे पासमाणे जेणेव मल्लीए विदेहवररायकन्नाए तयाणुरूवे रूवे निव्वत्तिए तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

तए ण से मल्लदिन्ने कुमारे मल्लीए विदेहवररायकन्नाए तयाणुरूव रूव निव्वत्तिय पासइ, पासित्त इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-"एस ण मल्ली विदेहवररायकन्न' त्ति कट्टु लज्जिए वीडिए विअडे सणिय सणिय पच्चोसक्काइ।

सूत्र ९१ फिर एक दिन स्नानादि से निवृत्त हो अपने रनिवास आदि तथा धायमाता को साथ ले मल्लदिन्न कुमार उस चित्रसभा मे आया। विविध हाव-भावयुक्त उन चित्रो को देखता-देखता वह उस ओर बढ़ा जहाँ मल्लीकुमारी का चित्र बना हुआ था। वहाँ पहुँचकर उसने जैसे ही राजकुमारी का चित्र देखा, वह चौक पडा-"अरे यह तो मल्लीकुमारी है।" लाज-शर्म से सकुचाकर वह धीरे-धीरे वहाँ से पीछे हटने लगा।

91. One day getting ready after his bath etc Malladinna came to the gallery accompanied by his queens, staff and his governess Appreciating the paintings with various moods (etc) he drifted towards the portrait of Princess Malli The moment his gaze fell upon

this portrait he was taken aback, "My god ! this is Princess Malli?" Ashamed of himself he started retracing his steps

मल्ली नहीं ! चित्र

सूत्र ९२. तए णं मल्लदिन्नं अम्मधाई पच्चोसक्कंतं पासित्ता एवं वयासी-"किं णं तुम पुत्ता ! लज्जिए वीडिए विअडे सणियं सणियं पच्चोसक्कइ ?"

तए णं से मल्लदिन्ने अम्मधाइं एवं वयासी-"जुत्तं ण अम्मो ! मम जेट्ठाए भगिणीए गुरुदेव-भूयाए लज्जणिज्जाए मम चित्तगरणिव्वत्तियं सभं अणुपविसित्तए ?"

सूत्र ९२ कुमार को इस प्रकार हटते हुए देख उसकी धायमाता ने कहा-"हे पुत्र ! तुम लज्जा से धीरे-धीरे हट क्यों रहो हो ?" कुमार ने उत्तर दिया-"माता ! मेरी गुरु और देवता समान बडी बहन के सामने चित्रकारो द्वारा बनाई इस सभा मे प्रवेश करते क्या मुझे लज्जित नहीं होना चाहिये ?"

A PORTRAIT, NOT MALLI !

92. When his governess saw him moving away from there she asked, "Son ! what makes you move away from this spot as if you are ashamed of something?" The prince replied, "Mother ! Should I not be ashamed of entering this art gallery decorated with such candid paintings, in presence of my revered and respected elder sister?"

सूत्र ९३. तए णं अम्मधाई मल्लदिन्ने कुमारे एवं वयासी-"नो खलु पुत्ता ! एस मल्ली विदेह-वररायकन्ना चित्तगरएण तयाणुरूवे निव्वत्तिए।"

तए णं मल्लदिन्ने कुमारे अम्मधाईए एयमट्ठं सोच्चा णिसम्म आसुरुत्ते एव वयासी-"केस ण भो ! चित्तयरए अप्पत्थियपत्थिए जाव परिवज्जिए जेण ममं जेट्ठाए भगिणीए गुरुदेवभूयाए जाव निव्वत्तिए ?" त्ति कट्टु तं चित्तगरं वज्झं आणवेइ।

सूत्र ९३ धायमाता ने बताया-"हे पुत्र ! यह सदेह मल्लीकुमारी नही है अपितु चित्रकार ने उसकी जीवन्त अनुकृति चित्रित की है।

धायमाता की यह बात सुनकर मल्लदिन्न कुमार क्रुद्ध होकर बोला-"मृत्यु की इच्छा रखने वाला वह दुर्बुद्धि चित्रकार कौन है जिसने देव गुरु समान मेरी बडी बहन का यह चित्र बनाया है ?" और उसने उस चित्रकार का वध करने की आज्ञा दे दी।

93. The governess explained, "Son ! this is not Princess Malli but just a unique life like portrait of the princess "

Malladınna lost his temper at this statement of his governess and said, "Who is that ill fated and foolish artist who has made this portrait of my respected elder sister?" and he ordered the artist to be killed

सूत्र ९४. तए णं सा चित्तगरसेणी इमीसे कहाए लद्धट्ठा समाणा जेणेव मल्लदिन्ने कुमारे तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता करयलपरिग्गहियं जाव वद्धावेइ, वद्धावित्ता एवं वयासी–

"एवं खलु सामी ! तस्स चित्तगरस्स इमेयारूवा चित्तगरलद्धी लद्धा पत्ता अभिसमन्नागया, जस्स णं दुपयस्स वा जाव णिव्वत्तेति, तं मा णं सामी ! तुब्भे तं चित्तगरं वज्झं आणवेह। तं तुब्भे णं सामी ! तस्स चित्तगरस्स अन्नं तयाणुरूवं दंडं निव्वत्तेह।"

सूत्र ९४ इस घटना की जानकारी मिलते ही चित्रकारो की वह मण्डली कुमार के पास आई और हाथ जोड अभिनन्दन कर उनसे प्रार्थना की–"स्वामी ! उस चित्रकार को ऐसी विशिष्ट योग्यता प्राप्त है कि वह किसी भी वस्तु की पूर्ण अनुकृति उसका एक अवयव देखकर ही बना सकता है। अत हे स्वामी ! आप उसके वध की आज्ञा न देकर अन्य कोई उपयुक्त दण्ड देने की कृपा करे।"

94. When the group of artists became aware of this development they came to the prince, greeted him and appealed, "Sire ! That artist has the astonishing ability to paint a subject completely even if he just has a glimpse of a small part of its body As such, we appeal for your mercy to reduce his sentence "

निर्वासित चित्रकार

सूत्र ९५ तए ण से मल्लदिन्ने तस्स चित्तगरस्स सडासगं छिंदावेइ, निव्विसयं आणवेइ।

तए ण से चित्तगरए मल्लदिन्नेण निव्विसए आणत्ते समाणे सभंडमत्तोवगरणमायाए मिहिलाओ नयरीओ णिक्खमइ, णिक्खमित्ता विदेहं जणवयं मज्झंमज्झेणं जेणेव हत्थिणाउरे नयरे, जेणेव कुरुजणवए, जेणेव अदीणसत्तू राया, तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता भडनिक्खेव करेइ, करित्ता चित्तफलगं सज्जेइ, सज्जित्ता मल्लीए विदेहरायवरकन्नगाए पायंगुट्ठाणुसारेण रूवं णिव्वत्तेइ, णिव्वत्तित्ता कक्खंतरंसि छुब्भइ, छुब्भइत्ता महत्थ जाव पाहुड गेण्हइ, गेण्हित्ता हत्थिणापुरं नयरं मज्झंमज्झेणं जेणेव

अदीणसत्तू राया तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता त करयल० जाव वद्धावेइ, वद्धावित्ता पाहुड उवणेइ, उवणित्ता "एवं खलु अहं सामी ! मिहिलाओ रायहाणीओ कुभगस्स रण्णो पुत्तेण पभावईए देवीए अत्तएण मल्लदिन्नेणं कुमारेणं निव्विसए आणत्ते समाणे इह हव्वमागए, त इच्छामि ण सामी ! तुब्भ बाहुच्छाया-परिग्गहिए जाव परिवसित्तए।"

सूत्र ९५ यह सुनकर मल्लदिन्न ने उस चित्रकार के दाहिने हाथ का अंगूठा और तर्जनी कटवाकर देश से निकाल देने की आज्ञा दे दी।

सूत्र १३८. तेणं कालेणं तेणं समएणं सक्कस्स आसणं चलइ। तए णं सक्के देविंदे देवराया आसणं चलियं पासइ, पासित्ता ओहिं पउंजइ, पउंजित्ता मल्लिं अरहं ओहिणा आभोएइ, आभोइत्ता इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-"एवं खलु जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे मिहिलाए रायहाणीए कुंभगस्स रण्णो मल्ली अरहा निक्खमिस्सामि त्ति मणं पहारेइ।"

सूत्र १३८ अर्हत् मल्ली के सकल्प करने पर, उस समय शक्रेन्द्र का आसन डोलने लगा। इस पर उन्होने अपने अवधिज्ञान से जाना कि जम्बूद्वीप के भारतवर्ष की मिथिला नगरी के राजा कुम्भ की पुत्री अर्हत् मल्ली ने यह सकल्प किया है कि वे एक वर्ष पश्चात् दीक्षा लेगी।

138. During that period of time the throne of Shakrendra started shaking He used his Avadhi Jnana to know that in Mithila city in Bharatvarsh in the Jambu continent the daughter of King Kumbh, Arhat Malli, has resolved to renounce the world after one year

वर्षी-दान

सूत्र १३९. "तं जीयमेयं तीय-पच्चुप्पन्न-मणागयाणं सक्काण देविदाणं देवरायाण, अरहंताणं भगवंताणं णिक्खममाणाणं इमेयारूव अत्थसंपयाणं दलित्तए। त जहा-

तिण्णेव य कोडिसया, अट्ठासीइं च होंति कोडीओ।
असिइ च सयसहस्सा, इदा दलयंति अरहाण॥"

सूत्र १३९. शक्रेन्द्र ने विचार किया-"अतीत, वर्तमान और भविष्य के शक्र देवेन्द्रों का यह कर्त्तव्य है कि तीर्थंकर भगवान जब दीक्षा लेने वाले हों तब उन्हे दान हेतु प्रचुर सम्पदा उपलब्ध करानी चाहिए। उसका प्रमाण है-तीन अरब अट्ठासी करोड अस्सी लाख सुवर्ण-मुद्राये इन्द्र अर्हतों को देते है।"

THE GREAT CHARITY

139. Shakrendra thought, "It is the duty of the Shakrendras of the past, present and future that when a Tirthankar resolves to get initiated he should be provided with heaps of wealth for charity The traditionally prescribed amount of this wealth is three billion eight hundred eighty eight million gold coins "

सूत्र १४०. एवं संपेहेइ, संपेहित्ता वेसमणं देवं सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी- "एवं खलु देवाणुप्पिया ! जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे जाव असीइं च सयसहस्साइं दलइत्तए, तं गच्छह णं देवाणुप्पिया ! जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे कुंभगभवणंसि इमेयारूवं अत्थसंपयाणं साहराहि, साहरित्ता खिप्पामेव मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणाहि।"

सूत्र १४०. यह विचार आने पर शक्रेन्द्र ने वैश्रमण (कुबेर) देव को बुलवाया और कहा- "देवानुप्रिय ! जम्बूद्वीप में अर्हत मल्ली ने दीक्षा लेने का निश्चय किया है अतः परम्परानुसार उन्हें प्रचुर धन उपलब्ध कराना चाहिए। तुम जाओ और नियमानुसार द्रव्य राजा कुम्भ के महल में पहुँचाकर मुझे सूचना दो।"

140. Shakrendra now called Vaishraman (Kuber, the god of wealth) and said, "Beloved of gods ! In the Jambu continent Arhat Malli has resolved to get initiated So, according to the tradition she should be provided with heaps of wealth Please go and deliver the traditionally prescribed sum at the palace and report back."

सूत्र १४१. तए णं से वेसमणे देवे सक्केणं देविंदेणं देवरन्ना एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठे करयल जाव पडिसुणेइ, पडिसुणित्ता जंभए देवे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी- "गच्छह णं तुब्भे देवाणुप्पिया ! जंबुद्दीवं दीवं भारहं वासं मिहिलं रायहाणिं, कुंभगस्स रण्णो भवणंसि तिन्नेव य कोडिसया, अट्ठासीयं च कोडीओ असीइं च सयसहस्साइं अयमेयारूवं अत्थसंपयाणं साहरह, साहरित्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह।"

सूत्र १४१ वैश्रमण ने हर्षित हो, हाथ जोड़ शक्रेन्द्र की आज्ञा स्वीकार की और अपने आधीन जृंभक देवों को बुलाकर कहा-"देवानुप्रियो ! जम्बूद्वीप के भारतवर्ष की मिथिला नगरी में जाओ और वहाँ के राजा कुंभ के महल में तीन अरब अट्ठासी करोड़ अस्सी लाख सुवर्ण-मुद्रायें पहुँचाकर मुझे सूचित करो।"

141. Vaishraman was pleased to accept this order from Shakrendra, standing before him with joined palms. He called his subordinate Jrimbhak gods and instructed, "Beloved of gods ! Go to Mithila city in Bharatvarsh in the Jambu continent and deliver three billion eight hundred eighty eight million gold coins and report back to me."

सूत्र १४२. तए णं ते जंभगा देवा वेसमणेणं जाव पडिसुणेत्ता उत्तर-पुरच्छिमं दिसीभागं अवक्कमंति, अवक्कमित्ता जाव उत्तरवेउव्वियाइं रूवाइं विउव्वंति, विउव्वित्ता ताए उक्किट्ठाए जाव वीइवयमाणा जेणेव जंबुद्दीवे दीवे, भारहे वासे, जेणेव मिहिला

रायहाणी, जेणेव कुंभगस्स रण्णो भवणे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता कुभगस्स रण्णो भवणंसि तिन्नि कोडिसया जाव साहरंति। साहरित्ता जेणेव वेसमणे देवे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता करयल जाव पच्चप्पिणंति।

तए णं से वेसमणे देवे जेणेव सक्के देविंदे देवराया तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता करयल जाव पच्चप्पिणइ।

सूत्र १४२ जृभक देव यह आज्ञा सुनकर उत्तर-पूर्व दिशा में गये। वहाँ उन्होंने उत्तरवैक्रिय शरीर धारण किया और कुभ राजा के महल मे पहुँचे। वहाँ उन्होंने आज्ञानुसार द्रव्य रख दिया और वापस लौटकर वैश्रमण को कार्य सम्पन्न होने की सूचना दी। वैश्रमण ने जाकर यह सूचना शक्रेन्द्र को दी।

142. The Jrimbhak gods went in the north east direction after getting this order There they transformed themselves into Uttar Vaikriya bodies and reached King Kumbh's palace They placed the wealth as instructed, returned and reported to Vaishraman who in turn reported to Shakrendra

सूत्र १४३. तए णं मल्ली अरहा कल्लाकल्लिं जाव मागहओ पायरासो त्ति बहूण सणाहाण य अणाहाण य पंथियाण य पहियाण य करोडियाण य कप्पडियाण य एगमेग हिरण्णकोडिं अट्ठ य अणूणाइं सयसहस्साह इमेयारूवं अत्थसपदाण दलयइ।

सूत्र १४३. मल्ली अर्हत् ने इसके बाद प्रात काल से मध्यान्ह के भोजन पूर्व तक प्रतिदिन एक करोड आठ लाख स्वर्ण-मुद्राएँ दान मे देना आरंभ किया। दान प्राप्त करने वालो मे सनाथ, अनाथ, पाथिक, पथिक, करोटिक, कार्पटिक आदि सभी थे।

143. After this Arhat Malli started giving in charity ten million eight hundred thousand gold coins every day up to lunch time Those who received charity included beggars, mendicants, travelers, wayfarers, orphans as well as the well off

कुंभ की भोजनशालाएँ

सूत्र १४४ तए णं से कुभए राया मिहिलाए रायहाणीए तत्थ तत्थ तहिं तहिं देसे देसे बहूओ महाणससालाओ करेइ। तत्थ ण बहवे मणुया दिण्णभइ-भत्त-वेयणा विपुलं असणं पाण खाइमं साइम उवक्खडेति। उवक्खडित्ता जे जहा आगच्छंति तं जहा–पंथिया वा, पहिया वा, करोडिया वा, कप्पडिया वा, पासडत्था वा, गिहत्था वा तस्स य तहा

आसत्थस्स वीसत्थस्स सुहासणवरगयस्स तं विपुलं असणं पाणं खाइमं साइमं परिभाएमाणा परिवेसेमाणा विहरंति।

सूत्र १४४. उधर राजा कुंभ ने मिथिला नगरी में यत्र-तत्र-सर्वत्र अनेक भोजनशालाएँ बनवाईं। वहाँ पर अनेक वैतनिक कर्मचारी, जिन्हें भोजन भी दिया जाता था, प्रचुर भोजन सामग्री बनाने लगे। उन भोजनशालाओं मे जब भी, जो भी आता उसे स्वागत कर, विश्राम दे, सुखद आसन पर बैठाकर यथेष्ट भोजन कराया जाने लगा। इन भोजनशालाओं में पाथिक, पथिक, करोटिक, कार्पटिक, पाखण्डी, गृहस्थ आदि सभी आने लगे।

FOOD DISTRIBUTION BY KUMBH

144. At his end, King Kumbh opened many food distribution centres at various spots in Mithila. Many cooks were employed to prepare large quantities of eatables. Whenever and whoever went into these centres was greeted and provided ample food and comfort without any charges. These places were also frequented by all and sundry without any restrictions or discrimination

सूत्र १४५. तए णं मिहिलाए सिंघाडग जाव बहुजणो अण्णमण्णस्स एवमाइक्खइ– "एवं खलु देवाणुप्पिया ! कुभगस्स रण्णो भवणंसि सव्वकामगुणियं किमिच्छियं विपुलं असण पाणं खाइमं साइमं बहूणं समणाय य जाय परिवेसिज्जइ।"

वरवरिया घोसिज्जइ, किमिच्छियं दिज्जए बहुविहीयं।
सुर-असुर-देव-दाणव-नरिंदमहियाण निक्खमणे॥

सूत्र १४५ मिथिला नगरी में चौक, चौराहे आदि सभी स्थानों पर अनेक लोग परस्पर चर्चा करने लगे–"हे देवानुप्रियो ! राजा कुंभ के महल में सर्वगुण-रस वाला स्वादिष्ट भोजन इच्छानुसार यथेष्ट मात्रा मे परोसा जाता है।" कहा भी है–

"सुर, असुर, देव, दानव, नरेन्द्र, चक्रवर्ती आदि द्वारा पूजित तीर्थंकर की दीक्षा के अवसर पर इच्छित दान पाने की घोषणा की जाती है और याचकों को उनकी इच्छानुसार तरह-तरह से दान दिया जाता है।"

145. At various spots like squares, junctions, etc. people started gossiping, "Beloved of gods ! Nutritious and sumptuous food, as much as you desire and can eat, is being served to all in the palace of King Kumbh " As is said—

"On the occasion of the initiation of a Tirthankar, the one who is revered by god, demon, deity, devil, king, and emperor alike, it is announced as well as done that charity will be given to all and sundry as much as they desire "

सूत्र १४६. तए णं मल्ली अरहा संवच्छरेण तिन्नि कोडिसया अट्ठासीइं च होंति कोडीओ असिइ च सयसहस्साइ इमेयारूव अत्थसपयाण दलइत्ता निक्खमामि त्ति मणं पहारेइ।

सूत्र १४६ तीन अरब अट्ठासी करोड अस्सी लाख सुवर्ण-मुद्राओ का दान दे चुकने पर अर्हत् मल्ली ने निश्चय किया कि अब मै दीक्षा ग्रहण करूँ।

146. When the total amount provided by the gods was given in charity Arhat Malli decided that now she will get initiated

देवो का कर्त्तव्य-पालन

सूत्र १४७ तेण कालेण तेण समएण लोगतिया देवा बंभलोए कप्पे रिट्ठे विमाणपत्थडे सएहि सएहि विमाणेहि, सएहि सएहि पासायवडिसएहि, पत्तेयं पत्तेय चउहि सामाणियसाहस्सीहिं, तिहि परिसाहि, सत्तहि अणिएहि, सत्तहि अणियाहिवईहि, सोलसहि आयरक्खदेवसाहस्सीहि, अन्नेहि य बहूहि लोगतिएहि देवेहि सद्धि सपरिवुडा महयाहयनट्टगीयवाइय जाव रवेण भुजमाणा विहरंति। त जहा–

सारस्सयमाइच्चा, वण्ही वरुणा य गद्दतोया य।
तुसिया अव्वाबाहा, अग्गिच्चा चेव रिट्ठा य॥

सूत्र १४७ काल के उस भाग मे लोकान्तिक देवराज ब्रह्मलोक नामक पॉचवे देवलोक के अरिष्ट नामक विमान-क्षेत्र मे अपने-अपने विमान और उत्तम निवास मे उच्च स्वरो मे बजते वाद्य-यन्त्रो की ध्वनियो के बीच नृत्य और गायन का आनन्द ले रहे थे। उनमे से प्रत्येक चार-चार हजार सामानिक देवो, तीन-तीन परिषदो, सात-सात सेनापतियो सहित लश्करो, सोलह-सोलह हजार आत्मरक्षक देवो और अनेक लोकान्तिक देवो से घिरे हुए थे। उन (नव लोकान्तिक) देवराजो के नाम है–(१) सारस्वत, (२) आदित्य, (३) वह्नि, (४) वरुण, (५) गर्दतोय, (६) तुषित, (७) अव्याबाध, (८) आग्नेय, तथा (९) रिष्ट।[1]

१ इनमे से आठ कृष्ण राजि के मध्य आठ विमानो मे रहते हैं। रिष्ट, रिष्ट नामक विमान प्रतर मे रहते है।

GODS PERFORM THEIR DUTY

147. During that period of time the kings of gods at the edge of the universe in their gorgeous abodes in the space vehicles located in the Arishta area of the Brahmalok, the fifth dimension of gods were enjoying dance and vocal music accompanied by instrumental music Everyone of these kings was surrounded by four thousand gods owning space vehicles, three assemblies, seven armies with their commanders, sixteen thousand body guards and many other gods The names of these kings of gods are—1 Saraswat, 2 Aditya, 3 Vanhi, 4 Varun, 5 Gardatoya, 6 Tushit, 7 Avyabaadh, 8 Agneya, and 9 Risht *(of these first eight reside in eight different dimensions in the level of darkness or Krishna Raji and the ninth in the level known as Risht)*

सूत्र १४८. तए ण तेसि लोयतियाण देवाणं पत्तेयं पत्तेय आसणाइं चलंति, तहेव जाव "अरहताण निक्खममाणाण संबोहणं करेत्तए त्ति तं गच्छामो णं अम्हे वि मल्लिस्स अरहओ सबोहणं करेमो।" त्ति कट्टु एव संपेहेंति, संपेहित्ता उत्तरपुरच्छिम दिसीभायं वेउव्वियसमुग्घाएण समोहणंति, समोहणित्ता संखिज्जाइं जोयणाइं एव जहा जंभगा जाव जेणेव मिहिला रायहाणी जेणेव कुभगस्स रण्णो भवणे, जेणेव मल्ली अरहा, तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता अतलिक्खपडिवन्ना सखिखिणियाइं जाव वत्थाइं पवरपरिहिया करयल ताहि इट्ठाहि जाव एवं वयासी–

"बुज्झाहि भयव ! लोगनाहा ! पवत्तेहि धम्मतित्थं, जीवाणं हिय-सुह-निस्सेयसकरं भविस्सइ" त्ति कट्टु दोच्च पि तच्च पि एवं वयंति। वइत्ता मल्लिं अरहं वंदंति नमंसंति, वदित्ता नमसित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूया तामेव दिसिं पडिगया।

सूत्र १४८ इन सभी लोकान्तिक देवो के आसन डोलने लगे तो उन्होंने अर्हत् मल्ली की दीक्षा लेने की इच्छा जानकर विचार किया–"दीक्षा लेने की इच्छा करने वाले तीर्थंकरो को सम्बोधित करना हमारा परम्परागत कर्त्तव्य है अत हमे उसका पालन करना चाहिये।" फिर उन्होने यथाविधि उत्तर वैक्रिय शरीर धारण किया और जभृक देवो की तरह असख्यात योजन पार कर कुभ राजा के महल मे प्रवेश किया। नूपुरो की ध्वनि वाले पंचरगे परिधान धारण किये वे देव अर्हत् मल्ली के पास आकर हाथ जोड़कर मधुर स्वर में बोले–

"हे भगवान ! हे लोकनाथ ! बोध प्राप्त करो। जीवों के लिए हितकारी, सुखकारी और मोक्ष के मार्ग रूप धर्मतीर्थ का प्रवर्तन करो।" ये वचन तीन बार उच्चारित कर अर्हत् मल्ली को वन्दना-नमस्कार कर वे लौट गये।

148. The thrones of all these gods at the edge of the universe started trembling Getting aware of the desire of Arhat Malli to get initiated they thought, "To formally request for initiation to the Tirthankars with desire to renounce is our traditional duty, so we should perform it " They transformed into the Uttar Vaikriya bodies and like the Jrimbhak gods traveled infinite Yojans to arrive at the palace of King Kumbh Dressed in colourful apparel fitted with sweetly resonating rattles these gods appeared before Arhat Malli and joining their palms uttered in melodious voice—

"Bhagavan ! Lord of the universe ! Please pursue the path of enlightenment Please establish the ford of religion, propagated as the path of liberation, that is the source of beneficence and happiness for all beings " They uttered these words three times and returned after bowing before Arhat Malli

सूत्र १४९. तए णं मल्ली अरहा तेहि लोगंतिएहिं देवेहिं संबोहिए समाणे जेणेव अम्मापियरो तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता करयल-"इच्छामि ण अम्मयाओ ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे मुंडे भवित्ता जाव पव्वइत्तए।"

"अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबध करेह।"

सूत्र १४९ तब अर्हत् मल्ली अपने माता-पिता के पास गए और हाथ जोडकर कहा-"हे माता-पिता ! मेरी इच्छा है कि आपकी आज्ञा पाकर, गृह त्यागकर, मुंडित होकर अनगार-प्रव्रज्या ग्रहण करूँ।"

माता-पिता ने उत्तर दिया-"हे देवानुप्रिये ! तुम्हे जिसमे सुख प्राप्त हो वैसा निर्विलम्ब करो।"

149. Arhat Malli now went to her parents and joining her palms she said, "Father and mother ! With your permission I wish to abandon the home, shave and get initiated as a homeless ascetic."

The parents replied, "Beloved of gods ! Without any delay, do as it pleases you "

अभिषेक समारोह

सूत्र १५०. तए णं कुंभए राया कोडुबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी-"खिप्पामेव अट्ठसहस्सं सोवण्णियाण जाव अट्ठसहस्साण भोमेज्जाणं कलसाणं ति। अण्णं च महत्थ जाव तित्थयराभिसेयं उवट्ठवेह।" जाव उवट्ठवेंति।

सूत्र १५०. फिर राजा कुम्भ ने सेवकों को बुलाकर कहा–"स्वर्णादि आठ पदार्थों के प्रत्येक के एक हजार आठ-आठ कलश लाओ। साथ में तीर्थंकर के अभिषेक की समस्त श्रेष्ठ और बहुमूल्य सामग्री भी लाओ।" सेवकों ने राजाज्ञानुसार कार्य सम्पन्न कर दिया।

ANNOINTING CEREMONY

150. King Kumbh called his staff and said, "Bring one thousand eight urns each of eight different materials including gold. With these, also bring all the best and expensive things needed for the annointing of a Tirthankar" The attendants carried out the King's order

सूत्र १५१. तेणं कालेण तेणं समएणं चमरे असुरिंदे जाव अच्चुयपज्जवसाणा आगया।

तए णं सक्के देविंदे देवराया आभिओगिए देवे सद्दावेइ, सद्दावित्ता एवं वयासी–"खिप्पामेव अट्ठसहस्सं सोवण्णियाणं कलसाणं जाव अण्णं च तं विउलं उवट्ठवेह।" जाव उवट्ठवेंति। तेवि कलसा ते चेव कलसे अणुपविट्ठा।

सूत्र १५१ काल के उस भाग मे चमर नामक असुरेन्द्र से लेकर अच्युत स्वर्ग के देवेन्द्र तक सभी चौंसठ इन्द्र वहाँ आ गये।

शक्रेन्द्र ने तब अभियोगिक देवो को बुलाया और कहा–"शीघ्र ही मनुष्यों द्वारा एकत्र अभिषेक सामग्री के समान दैविक अभिषेक सामग्री ले आओ।" अभियोगिक देवगण सब सामग्री ले आये और वह कलशादि समस्त दिव्य सामग्री मानवीय सामग्री में सम्मिलित कर दी गई।

151. During that period of time all the sixty four Indras (kings of gods and demons) including the demon king Chamar and the king of the gods of the Achyut dimension arrived there Shakrendra called the gods responsible for ceremonies and said, "At once bring all the things needed for the divine annointing, as the humans have collected." The ceremonial gods brought all the needed things and these divine things fused with the human things already present

सूत्र १५२. तए णं से सक्के देविंदे देवराया कुंभराया य मल्लिं अरहं सीहासणंसि पुरत्थाभिमुह निवेसेइ, अट्ठसहस्सेण सोवण्णियाणं जाव अभिसिंचइ।

सूत्र १५२. इसके बाद शक्रेन्द्र और राजा कुभ ने अर्हत् मल्ली को पूर्वाभिमुख सिंहासन पर बैठाया और उक्त सामग्री से उनका अभिषेक किया।

152. Shakrendra and King Kumbh seated Arhat Mallı on a throne facing east and annointed him with the said things.

सूत्र १५३ तए णं मल्लिस्स भगवओ अभिसेए वट्टमाणे अप्पेगइया देवा मिहिलं च सब्भिंतरं बाहिरिय जाव सव्वओ समंता आधावंति परिधावंति।

सूत्र १५३ भगवान मल्ली के अभिषेक के समय कई देव मिथिला के भीतर-बाहर आ-जा रहे थे।

153. At the time of the annointing ceremony of Arhat Mallı numerous gods continued to arrive at and leave that place

पालकी

सूत्र १५४. तए ण कुंभए राया दोच्च पि उत्तरावक्कमण सीहासण रयावेइ जाव सव्वालकार-विभूसियं करेइ, करित्ता कोडुम्बियपुरिसे सद्दावेइ। सद्दावित्ता एव वयासी– "खिप्पामेव मणोरम सीयं उवट्ठवेह।" ते वि उवट्ठवेंति।

सूत्र १५४ फिर राजा कुभ ने सिहासन उत्तरमुखी करके रखवाया और भगवान मल्ली को सभी अलकारो से सजाकर बैठाया। उन्होने सेवकों को बुलाकर कहा–"जल्दी से मनोरमा नाम की पालकी लाओ।" सेवक वह पालकी ले आए।

THE PALANQUIN

154. King Kumbh got the throne placed facing north and seated Arhat Mallı after adorning her with all gorgeous ornaments He called his staff and said, "Go and get the palanquin named Manorama " The attendants immediately brought the palanquin

सूत्र १५५ तए ण सक्के देविंदे देवराया आभियोगिए सद्दावेइ, सद्दावित्ता एव वयासी–"खिप्पामेव अणेगखंभं जाव मनोरम सीय उवट्ठवेह।" जाव सावि सीया त चेव सीय अणुपविट्ठा।

सूत्र १५५ इस पर शक्रेन्द्र ने अभियोगिक देवो को बुलाकर कहा–"जल्दी मे अनेक स्तम्भो वाली मनोरमा नामकी शिविका उपस्थित करो।" देवगण वह शिविका ले आये और वह शिविका मनुष्यो की पालकी मे समा गई।

155. Shakrendra also called the ceremonial gods and said, "Bring forth the Manorama divine palanquin " The gods brought it and it vanished into the human palanquin

सूत्र १५६. तए णं मल्ली अरहा सीहासणाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठित्ता जेणेव मणोरमा सीया तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता मणोरमं सीय अणुपयाहिणी करेमाणा मणोरमं सीय दुरूहइ। दुरूहित्ता सीहासणवरगए पुरत्थाभिमुहे सन्निसन्ने।

सूत्र १५६ अर्हत् मल्ली सिहासन से उठे और पालकी के पास आकर उसकी प्रदक्षिणा कर उसमे चढकर पूर्व दिशा की ओर मुँह करके सिहासन पर बैठ गये।

156. Arhat Mallı got up from the throne, reached near the palanquın and went around ıt three tımes before ascendıng ıt and sıttıng facıng east.

सूत्र १५७ तए ण कुभए राया अट्ठारस सेणिप्पसेणीओ सद्दावेइ। सद्दावित्ता एवं वयासी–"तुब्भे ण देवाणुप्पिया ! ण्हाया जाव सव्वालकार-विभूसिया मल्लिस्स सीय परिवहह।" तेवि जाव परिवहति।

सूत्र १५७ फिर राजा कुभ ने अठारह जाति-उपजाति के लोगो को बुलवाकर कहा–"हे देवानुप्रियो ! तुम लोग स्नानादि कर्मो से निपटकर सब प्रकार के आभूषण पहनकर अर्हत् मल्ली की पालकी उठाओ।" उन्होने राजाज्ञा का पालन किया।

157. Kıng Kumbh called people from all the eıghteen castes and sub-castes and saıd, "Beloved of gods ! Take your bath and get ready donnıng suıtable dresses After thıs, come and lıft the palanquın of Arhat Mallı " They followed the kıng's order

महाभिनिष्क्रमण

सूत्र १५८ तए ण सक्के देविदे देवराया मणोरमाए दक्खिणिल्ल उवरिल्ल बाहं गेण्हइ, ईसाणे उत्तरिल्ल उवरिल्ल बाह गेण्हइ, चमरे दाहिणिल्ल हेट्ठिल्ल, बली उत्तरिल्लं हेट्ठिल्लं। अवसेसा देवा जहारिह मणोरम सीयं परिवहति।

सूत्र १५८ उस मनोरमा पालकी की दक्षिण दिशा की ऊपरी बॉह शक्रेन्द्र ने पकडी, उत्तर दिशा की ऊपरी बॉह ईशानेन्द्र ने, दक्षिण दिशा की निचली चमरेन्द्र ने और उत्तर दिशा की निचली बली ने पकडी। शेष देवो ने यथोचित स्थानो पर से उस पालकी को पकडा।

THE GREAT RENUNCIATION

158. The upper arm of the south facıng sıde of the palanquın was held by Shakrendra The upper arm of the north facıng sıde was held

by Ishanendra. The lower arm of the north facing side was held by Chamarendra. The lower arm of the south facing side was held by Bali The remaining gods held the palanquin at different suitable points.

सूत्र १५९. पुव्विं उक्खित्ता माणुस्सेहिं, तो हट्ठरोमकूवेहिं।
पच्छा वहंति सीयं, असुरिंदसुरिंदनागेंदा॥१॥
चलचवलकुंडलधरा, सच्छंदविउव्वियाभरणधारी।
देविंद-दाणविंदा, वहन्ति सीयं जिणिंदस्स ॥२॥

सूत्र १५९ सबसे पहले वह पालकी मनुष्यों ने उठाई और उनके रोम हर्ष से पुलक उठे। उसके बाद असुरेन्द्रों, सुरेन्द्रों और नागेन्द्रों ने उठाया। डोलते चपल कुण्डलों को धारण करने वाले और अपनी इच्छानुसार विक्रिया से बनाये आभरणों को धारण करने वाले देवेन्द्रों और दानवेन्द्रों ने जिनेन्द्र की पालकी उठायी।

159. As is said—"This palanquin was first of all lifted by human beings and every pore of their body was filled with joy After them, it was lifted by the Kings of demons, gods and serpents The kings of gods and demons, who wear dangling earrings and dresses created by divine process just by wishing for them, lifted the palanquin of the Jinendra, the conqueror of the senses."

सूत्र १६०. तए णं मल्लिस्स अरहओ मणोरमं सीय दुरूढस्स इमे अट्ठट्ठमंगलगा अहाणुपुव्वीए एवं निग्गमो जहा जमालिस्स।

सूत्र १६० अर्हत् मल्ली जब मनोरमा पालकी पर आरूढ़ हो गए उस समय उनके आगे अष्ट मंगल अनुक्रम से चले। अर्हत् मल्ली के महाभिनिष्क्रमण का विस्तृत वर्णन जमाली के निर्गमन (भगवती सूत्र), अथवा मेघकुमार (प्रथम अध्ययन) के समान ही है।

160. When Arhat Malli ascended the palanquin eight auspicious things were carried ahead of her in proper sequence The detailed description of the great renunciation of Arhat Malli is same as that of Jamali (Bhagavati Sutra) or Meghkumar (first chapter of this book).

सूत्र १६१. तए णं मल्लिस्स अरहओ निक्खममाणस्स अप्पेइगया देवा मिहिलं रायहाणिं अब्भिंतर-बाहिरं आसियसंमज्जिय-संमट्ठ-सुइ-रत्थंतरावणवीहियं करेंति जाव परिधावंति।

सूत्र १६१. अर्हत् मल्ली जब दीक्षा ग्रहण करने के लिए निकले तब कई देव मिथिला नगरी को स्वच्छ करने में व्यस्त हो गये (इसका वर्णन राजप्रश्नीयसूत्र में सूर्याभदेव के वर्णन में विस्तार से मिलता है)।

161. When Arhat Mallı set out for gettıng ınıtıated, many gods were busy cleanıng the town of Mıthıla. (Detailed descriptıon avaılable in the Raȷ-prashnıya Sutra).

दीक्षा

सूत्र १६२. तए णं मल्ली अरहा जेणेव सहस्संबवणे उज्जाणे, जेणेव असोगवरपायवे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सीयाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता आभरणालंकारं ओमुयइ। तए णं पभावती हंसलक्खणेणं पडसाडएणं आभरणालंकारं पडिच्छइ।

सूत्र १६२. अर्हत् मल्ली सहस्राम्रवन उद्यान में श्रेष्ठ अशोकवृक्ष के नीचे आकर पालकी से उतरे। उन्होंने समस्त वस्त्राभूषणों का त्याग किया और प्रभावती देवी ने सब ले लिये।

INITIATION

162. When the palanquın reached under a great Ashoka tree ın the Sahasramravan garden Arhat Mallı got down from ıt She took out all the ornaments and Queen Prabhavatı collected these

सूत्र १६३. तए ण मल्ली अरहा सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ। तए णं सक्के देविंदे देवराया मल्लिस्स केसे पडिच्छइ। पडिच्छित्ता खीरोदगसमुद्दे पक्खिवइ।

तए ण मल्ली अरहा 'णमोऽत्थु णं सिद्धाणं' ति कट्टु सामाइयचरित्तं पडिवज्जइ।

सूत्र १६३ इसके बाद अर्हत् मल्ली ने अपने आप पंचमुष्टिक लोच किया और शक्रेन्द्र ने उन केशों को लेकर क्षीर सागर में प्रवाहित कर दिया। अर्हत् मल्ली ने 'नमोत्थुणं सिद्धाणं' का उच्चारण कर सिद्धो को नमस्कार कर सामायिक चारित्र अंगीकार कर लिया।

163. After thıs, Arhat Mallı pulled out all her haır (the five fistful pullıng out of hair). The Shakrendra collected these haır and ımmersed them ın the ocean of mılk. Arhat Mallı uttered 'Namotthunam Sıddhanam' as salutatıon to the lıberated souls and took the vow of the conduct of equanimıty.

सूत्र १६४. जं समयं च णं मल्ली अरहा चरित्तं पडिवज्जइ, तं समयं च देवाण मणुस्साण य णिग्घोसे तुरिय-णिणाय-गीत-वाइयनिग्घोसे य सक्कस्स वयणसंदेसेणं णिलुक्के

यावि होत्था। ज समय च णं मल्ली अरहा सामाइयं चरित्तं पडिवन्ने तं समयं च णं मल्लिस्स अरहओ माणुसधम्माओ उत्तरिए मणपज्जवनाणे समुप्पन्ने।

सूत्र १६४ जिस समय अर्हत् मल्ली ने चारित्र अगीकार किया उस समय शक्रेन्द्र के आदेश से देवो और मनुष्यो का कोलाहल तथा वाद्य यन्त्रो की ध्वनियाँ एकदम बन्द हो गई। चारित्र अंगीकार के तत्काल बाद ही मल्ली अर्हत् को मनुष्य के लिये दुर्लभ और श्रेष्ठ मन पर्यवज्ञान उत्पन्न हो गया।

164. At the moment when Arhat Mallı took thıs vow all gods and human beıngs became totally sılent and all musıcal ınstruments were stopped on the order of Shakrendra Immedıately after Arhat Mallı took the vow she acquıred the Manahparyava Jnana (the ultımate para-psychologıcal knowledge) that ıs rare to achıeve for any human beıng

सूत्र १६५. मल्ली ण अरहा जे से हेमताण दोच्चे मासे चउत्थे पक्खे पोससुद्धे, तस्स ण पोससुद्धस्स एक्कारसीपक्खे णं पुव्वण्हकालसमयसि अट्ठमेण भत्तेण अपाणएण, अस्सिणीहि नक्खत्तेण जोगमुवागएण तिहि इत्थीसएहि अब्भितरियाए परिसाए, तिहि पुरिससएहि बाहिरियाए परिसाए सद्धि मुडे भवित्ता पव्वइए।

सूत्र १६५ अर्हत् मल्ली ने हेमन्त ऋतु के दूसरे महीने और चौथे पक्ष मे पौष शुक्ला एकादशी के दिन पूर्वाह्न के समय निर्जल उपवास करके अश्विनी नक्षत्र का योग आने पर भीतरी परिषद की तीन सौ स्त्रियो तथा बाहरी परिषद के तीन सौ पुरुषो के साथ मुडित होकर दीक्षा ग्रहण की।

165. Arhat Mallı got ınıtıated durıng the second month and the fourth fortnıght of the wınter season The tıme was before noon on the eleventh day of the brıght half of the month of Paush and at that moment the moon was ın ıts first lunar mansıon, the Ashwını Arhat Mallı got ınıtıated along wıth three hundred women of the ınner assembly and three hundred men of the outer assembly

सूत्र १६६ मल्लि अरह इमे अट्ठ णायकुमारा अणुपव्वइसु, त जहा–

णदे य णदिमित्ते, सुमित्त बलमित्त भाणुमित्ते य।
अमरवइ अमरसेणे महसेणे चेव अट्ठमए ॥

सूत्र १६६ अर्हत् मल्ली का अनुसरण कर ज्ञातवश के आठ कुमार दीक्षित हुए, उनके नाम है–(१) नन्द, (२) नन्दिमित्र, (३) सुमित्र, (४) बलमित्र, (५) भानुमित्र, (६) अमरपति, (७) अमरसेन, और (८) महासेन।

166. Following the example of Arhat Malli eight princes from the Jnata clan also got initiated. There names are—1 Nand, 2 Nandimitra, 3 Sumitra, 4 Balamitra, 5. Bhanumitra, 6 Amarpati, 7 Amarsen, and 8 Mahasen.

सूत्र १६७. तए णं भवणवइ-वाणमन्तर-जोइसिय-वेमाणिया देवा मल्लिस्स अरहओ निक्खमणमहिमं करेंति, करित्ता जेणेव नंदीसरवरे दीवे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता अट्ठाहियं करेंति, करित्ता जाव पडिगया।

सूत्र १६७ फिर भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क, और वैमानिक निकाय के देवों ने अर्हत् मल्ली का दीक्षा-महोत्सव किया। तब वे सब नन्दीश्वर द्वीप गये और अष्टाह्निका महोत्सव सपन्न कर अपने-अपने स्थान को लौट गये।

167. Now the gods from Bhavanpati, Vanavyantar, Jyotishka, and Vaimanik dimensions celebrated the initiation ceremony of Arhat Malli They then proceeded to the Nandishvar island and celebrated the Ashtanhika celebration before returning to their abodes

केवलज्ञान

सूत्र १६८ तए णं मल्ली अरहा जं चेव दिवसं पव्वइए तस्सेव दिवसस्स पच्चावरण्हकाल-समयंसि असोगवरपायवस्स अहे पुढविसिलापट्टयंसि सुहासणवरगयस्स सुहेणं परिणामेणं, पसत्थेहिं अज्झवसाणेणं, पसत्थाहिं लेसाहिं विसुज्झमाणीहिं, तयावरण-कम्मरयविकरणकरं अपुव्वकरणं अणुपविट्ठस्स अणंते जाव केवलनाणदंसणे समुप्पन्ने।

सूत्र १६८ जिस दिन दीक्षा अंगीकार की थी उसी दिन पराह्नकाल मे, दिन के अन्तिम भाग में अशोक-वृक्ष के नीचे शिला पर बैठे हुए शुभ परिणामो, प्रशस्त अध्यवसाय, और विशुद्ध लेश्याओं के फलस्वरूप अर्हत् मल्ली के ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्मों का क्षय हो गया और वे अपूर्व करण (अष्टम गुणस्थान) को प्राप्त हुए। उसके बाद उन्हें अनन्त, अनुत्तर, निर्व्याघात, और निरावरण केवलज्ञान और केवलदर्शन उत्पन्न हुए।

OMNISCIENCE

168. On the same day, during the last part of the day sitting on a rock under an Ashoka tree, as a result of righteous endeavour, lofty attitude, and purified inner energies (Leshya) all the knowledge-veiling and perception veiling Karmas (Jnanavarniya and Darshanavaraniya Karma) were absolutely destroyed and Arhat Malli attained the level of Apurvakaran (the unique level or the eighth level

of spiritual upliftment). After this she acquired the infinite, unique, unimpeded, and unveiled Keval Jnana and Keval Darshan (ultimate knowledge and perception or the state of omniscience)

सूत्र १६९. तेणं कालेणं तेणं समएणं सव्वदेवाणं आसणाइं चलंति। समोसढा, धम्मं सुणेंति, अट्ठाहियमहिमा नंदीसरे, जामेव दिसिं पाउब्भूया तामेव दिसिं पडिगया। कुंभए वि निग्गच्छइ।

सूत्र १६९ काल के उस भाग मे इस घटना से सभी देवों के आसन डोल गये। सभी देव अर्हत् के पास उपस्थित हुए और धर्मोपदेश ग्रहण किया। फिर वे नन्दीश्वरद्वीप में आष्टाह्निका महोत्सव करते हुए अपने स्थानों को लौट गये। राजा कुम्भ भी अर्हत् वन्दना को निकले।

169. During that period of time the thrones of gods trembled All the gods came to the Arhat and listened to her discourse They then proceeded to the Nandishvar island and celebrated the Ashtanhika celebration before returning to their abodes King Kumbh also set out to pay homage to the Arhat

सूत्र १७०. तए ण ते जियसत्तुपामोक्खा छप्पि य रायाणो जेट्ठपुत्ते रज्जे ठावित्ता पुरिससहस्स-वाहिणीयाओ दुरूढा सव्विड्ढिए जाव रवेण जेणेव मल्ली अरहा जाव पज्जुवासंति।

सूत्र १७०. जितशत्रु आदि छह राजा अपने-अपने ज्येष्ठ पुत्रो को राज्य सिहासन पर बैठा पुरिससहस्स वाहिनियो पर बैठ अपने पूर्ण वैभव और गाजे-बाजे के साथ अर्हत् मल्ली के पास आकर उनकी उपासना करने लगे।

170. King Jitshatru and the other kings handed over the kingdoms to their elder sons, and came with all their grandeur and fanfare riding the Purisasahassa palanquins When they arrived near Arhat Malli they commenced her worship

सूत्र १७१. तए ण मल्ली अरहा तीसे महइ महालियाए कुंभगस्स रन्नो तेसि च जियसत्तु-पामोक्खाणं धम्म कहेइ। परिसा जामेव दिसिं पाउब्भूआ तामेव दिसि पडिगया। कुभए समणोवासए जाए, पडिगए, पभावई य समणोवासिया जाया, पडिगया।

सूत्र १७१ अर्हत् मल्ली ने कुम्भ राजा और जितशत्रु आदि छह राजाओं सहित उस विशाल धर्मसभा को उपदेश दिया। धर्मसभा समाप्त हुई और सब लोग अपने-अपने स्थानों को लौट गये। राजा कुभ श्रमणोपासक बन गये और रानी प्रभावती श्रमणोपासिका। वे भी अपने स्थान को चले गये।

171. Arhat Mallı gave a dıscourse in that large relıgıous assembly wıth Kıng Kumbh, Kıng Jıtshatru and the other kıngs. After the dıscourse the assembly was adjourned and everyone left. Kıng Kumbh also became a Shramanopasak and Queen Prabhavati a Shramanopasıka and they also left.

सूत्र १७२. तए णं जियसत्तुपामोक्खा छप्पि य रायाणो धम्मं सोच्चा आलित्ते णं भंते जाव पव्वइया। चोद्दसपुव्विणो, अणंते केवले, सिद्धा।

सूत्र १७२ जितशत्रु आदि राजाओं ने धर्मोपदेश सुनकर कहा–"भगवन् ! यह ससार जरा-मरण की आग मे जल रहा है, अति भयंकर और अति विकट रूप से जल रहा है ।" ऐसे वचन कहकर वे सभी दीक्षित हुए। कालान्तर में चौदह पूर्वों के ज्ञाता हो केवलज्ञान प्राप्त कर सिद्ध गति में गये।

172. Jıtshatru and other kıngs saıd after the dıscourse, "Bhagavan! Thıs world ıs burnıng fiercely ın the fire of agıng and death ...." Pleadıng thus they all got ınıtıated. Wıth passage of tıme they acquıred the knowledge of the fourteen sublıme canons and finally got lıberated after attaınıng omnıscıence.

सूत्र १७३ तए णं मल्ली अरहा सहसबवणाओ निक्खमइ, निक्खमित्ता बहिया जणवयविहार विहरइ।

सूत्र १७३ अर्हत् मल्ली सहस्राम्रवन उद्यान से बाहर निकलकर जनपदों में विहार करने लगे।

173. Arhat Mallı left the Sahasramravan garden and started wanderıng ın dıfferent populated areas

संघ वर्णन

सूत्र १७४ मल्लिस ण अरहओ भिसग पामोक्खा अट्ठावीस गणा, अट्ठावीस गणहरा होत्था।

मल्लिस्स ण अरहओ चत्तालीसं समणसाहस्सीओ उक्कोसियाओ, बंधुमतीपामोक्खाओ पणपण्ण अज्जियासाहस्सीओ उक्कोसिया अज्जिया होत्था।

मल्लिस्स णं अरहओ सावयाणं एगा सयसाहस्सीओ चुलसीइं च सहस्सा उक्कोसिया सावया होत्था।

मल्लिस्स ण अरहओ सावियाणं तिन्नि सयसाहस्सीओ पण्णट्ठिं च सहस्सा सपया होत्था।

मल्लिस्स णं अरहओ छस्सया चोद्दसपुव्वीण, वीससया ओहिनाणीण, बत्तीसं सया केवलणाणीणं, पणतीसं सया वेउव्वियाण, अट्ठसया मणपज्जवणाणीणं, चोद्दससया वाईणं, वीसं सया अणुत्तरोववाइयाणं।

सूत्र १७४. अर्हत् मल्ली के भिषक अथवा किशुक् आदि अट्ठाईस गण और गणधर थे। उनके शिष्यो की उत्कृष्ट सपदा मे चालीस हजार साधु, बधुमती आदि पचपन हजार साध्वियाँ, एक लाख चौरासी हजार श्रावक और तीन लाख पैसठ हजार श्राविकाएँ थी।

उनके शिष्यो मे छह सौ चौदह पूर्वधारी श्रमण, दो हजार अवधिज्ञानी, बत्तीस सौ केवलज्ञानी, पैतीस सौ वैक्रियलब्धिधारी, आठ सौ मन पर्यवज्ञानी, चौदह सौ वादी, और दो हजार अनुत्तरौपपातिक श्रमण थे।

DETAILS OF THE ORGANIZATION

174. Arhat Mallı had twenty eight groups of followers and twenty eight chief disciples lead by Bhishak (or Kinshuk) The maximum number of his disciples included forty thousand male ascetics, fifty five thousand female ascetics lead by Bandhumati, one hundred eighty four thousand Shravaks and three hundred sixty five thousand Shravikas

Among her disciples were six hundred all knowing ascetics (termed as Fourteen Purvadhar), two thousand Avadhijnani, three thousand two hundred omniscients, three thousand five hundred Vaikriya Labdhi Dharak (occult power), eight hundred ascetics with ultimate para-psychological knowledge (Manah-paryava Jnani), fourteen hundred logicians, and two thousand Anutaropapatik ascetics (destined to become gods and later to be liberated)

सूत्र १७५. मल्लिस्स अरहओ दुविहा अतगडभूमी होत्था। त जहा–जुगतकरभूमी, परियायतकरभूमी य। जाव वीसइमाओ पुरिसजुगाओ जुयतकरभूमी, दुवासपरियाए अतमकासी।

सूत्र १७५ अर्हत् मल्ली की दो अन्तकृत भूमि थी। उनकी युगान्तकृत् भूमि उनके बाद बीस पट्टधारियों तक चली। उनकी पर्यायान्तकृत भूमि उनके केवलज्ञान के दो वर्ष बाद आरभ हुई।

175. Arhat Mallı had two Antakrit Bhumis (specific periods of time connected with the ending of the cycle of rebirth or liberation) Her

Yugantakrıt Bhumı contınued tıll the twentıeth head of the order after her (thıs Bhumı ıs the perıod startıng wıth the Nırvana of the Tırthankar and ends when the last of the Nırvana attaınıng heads of the order ıs lıberated) Her Paryayantakrıt Bhumı commenced after two years of her attaınıng omnıscıence (thıs Bhumı ıs the perıod startıng wıth the moment of the Tırthankar attaınıng omnıscıence and endıng when the first pure soul attaıns Nırvana)

निर्वाण

सूत्र १७६. मल्ली णं अरहा पणुवीसं धणूणि उड्ड उच्चत्तेणं, वण्णेणं पियगुसमे, समचउरंस-सठाणे, वज्जरिसभनारायसंघयणे, मज्झदेसे सुहं सुहेण विहरित्ता जेणेव समेए पव्वए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता संमेयसेलसिहरे पाओवगमणमणुववन्ने।

सूत्र १७६ अर्हत् मल्ली पच्चीस धनुष ऊँचे थे। उनका रग प्रियगु के समान था। उनका सस्थान समचतुरस्र और संहनन वज्रऋषभ था। वे मध्य देश से सुखपूर्वक विचरते हुए सम्मेद शिखर आये और वहाँ पादोपगमन अनशन का सकल्प ले लिया।

LIBERATION

176. Arhat Mallı was twenty five Dhanush (a mythıcal measure of length) tall Her complexıon was greenısh lıke black-mustard seed Her figure and constıtutıon were Samchaturas and Vajrarıshabh respectıvely (mythıcal specıficatıons of the human body) Movıng around undısturbed ın the central part of the country she arrıved at Sammed Shıkhar and took the ultımate vow

सूत्र १७७ मल्ली ण एग वाससय आगारवास पणपण्ण वाससहस्साइं वाससयऊणाइ केवलिपरियाग पाउणित्ता, पणपण्ण वाससहस्साइ सव्वाउय पालइत्ता जे से गिम्हाण पढमे मासे दोच्चे पक्खे चित्तसुद्धे, तस्स ण चेत्तसुद्धस्स चउत्थीए भरणीए णक्खत्तेण अद्धरत्तकालसमयंसि पचहिं अज्जियासएहिं अब्भितरियाए परिसाए पचहिं अणगारसएहि बाहिरियाए परिसाए, मासिएणं भत्तेण अपाणएणं, वग्घारियपाणी, खीणे वेयणिज्जे आउए नामे गोए सिद्धे। एवं परिनिव्वाणमहिमा भाणियव्वा जहा जबुद्दीवपण्णत्तीए, नंदीसरे अट्ठाहियाओ, पडिगयाओ।

सूत्र १७७ अर्हत् मल्ली एक सौ वर्ष गृहवास मे रहे। पचपन हजार वर्ष मे सौ वर्ष कम समय तक वे केवलज्ञानी श्रमण के रूप मे रहे। इस प्रकार कुल पचपन हजार वर्षों की आयु पूर्ण कर ग्रीष्म ऋतु के प्रथम मास और दूसरे पक्ष मे चैत्र शुक्ला चतुर्थी के दिन

अर्द्ध-रात्रि के समय भरणी नक्षत्र का योग होने पर पाँच सौ साधुओं और पाँच सौ साध्वियों के साथ एक माह के निर्जल अनशन के बाद दोनों हाथ लम्बे रखकर चारों अघाति कर्मों के क्षय होने पर सिद्ध हो गये। देवों ने आकर निर्वाण महोत्सव किया (जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के अनुसार)। फिर वे सभी देव नन्दीश्वर द्वीप में अष्टाह्निका महोत्सव करते हुए अपने स्थानों को लौट गये।

177. Arhat Malli lived as a house-holder for one hundred years. She lived as an omniscient ascetic for one hundred years less fifty thousand years. Thus completing her age of fifty five thousand years, during the first month and the second fortnight of the summer season, on the fourth day of the bright half of the month of Chaitra, at midnight when the moon entered the second (Bharani) lunar mansion, after a one month long fast, in a posture with hands raised high Arhat Malli, along with five hundred male and five hundred female disciples, ending all the four non destructible Karmas became a Siddha (a liberated soul) The gods arrived and performed the Nirvana celebrations (Jambu-dveep Prajnapti) They then proceeded to the Nandishvar island and celebrated the Ashtanhika celebration before returning to their abodes

सूत्र १७८. एवं खलु जम्बू ! समणेणं भगवया महावीरेणं अट्ठमस्स नायज्झयणस्स अयमट्ठे पन्नत्ते त्ति बेमि।

सूत्र १७८. हे जम्बू ! श्रमण भगवान महावीर ने आठवे ज्ञाता अध्ययन का यही अर्थ कहा है। मैंने यही सुना है, ऐसा मै कहता हूँ।

178. Jambu! This is the text and meaning of the eighth chapter of the Jnata sutra according to Shraman Bhagavan Mahavir This is what I have listened and so I confirm.

॥ अट्ठम अज्झयणं समत्तं ॥

॥ आठवाँ अध्ययन समाप्त ॥

॥ END OF THE EIGHTH CHAPTER ॥

॥ ज्ञाता-धर्मकथाग प्रथम भाग समाप्त ॥

॥ END OF THE FIRST PART OF JNATA-DHARMA-KATHANG ॥

उपसंहार

ज्ञातासूत्र की यह आठवी कथा एक विस्तृत कथा है। इसमे भगवान मल्लीनाथ का जीवन चरित्र तो है ही साथ ही कई उपकथाएँ भी है। जिनमे प्रत्येक मे कोई न कोई प्रेरक सन्देश छुपा है। श्रमणोपासक अर्हन्नक की कथा अडिग आस्था के महत्त्व को उजागर करती है। अपने धर्म-मार्ग पर स्थिर व्यक्ति को कोई भी शक्ति हानि नहीं पहुँचा सकती। चोक्खा परिव्राजिका की कथा भावनारहित कर्मकाण्ड की निरर्थकता को दर्शाती है। आत्मा को भव-मुक्त करना है तो आत्म-साधना के माध्यम से पापकर्मों से मुक्त होना होगा और सयम व तप से कर्ममल को धोना होगा। केवल स्नान-दानादि की औपचारिकता से मुक्ति प्राप्त नही हो सकती। अर्हत् मल्ली की जीवनगाथा इस अकाट्य सत्य को प्रकट करती है कि छल–माया आदि द्वारा अर्जित कर्मो को भोगे बिना उनसे निस्तार नही–चाहे कोई आत्मा कितनी ही शुद्ध या शक्तिमान क्यो न हो। साथ ही यह भी स्पष्ट हो जाता है कि जब आत्मा शुद्धि के पथ पर बढने की तीव्र लगन से प्रेरित हो आगे बढ जाती है तो उसके मार्ग मे कोई भी सासारिक बात बाधा उत्पन्न नही कर सकती चाहे वह यात्रा स्त्री के शरीर मे ही क्यो न हो।

आध्यात्मिक शिक्षा के अतिरिक्त इस कथा मे तत्कालीन सामाजिक, सास्कृतिक तथा राजनैतिक जीवन शैली का रोचक व सारगर्भित विवरण भी उपलब्ध होता है।

उपनय गाथा

उग्ग-तव-सजमवओ पगिट्ठफलसाहगस्स वि जियस्स ।
धम्मविसएवि सुहुमावि, होइ माया अणत्थाय ॥१॥

जह मल्लिस्स महाबलभवम्मि तित्थगरनामबधे वि ।
तवविसय-थोवमाया जाया जुवइत्तहेउति ॥२॥

१–उग्रतप तथा सयमवान् एव उत्कृष्ट फल के साधक जीव द्वारा की गई सूक्ष्म और धर्मविषयक माया भी अनर्थ का कारण होती है, यथा–

२–मल्लीकुमारी को महाबल के भव मे तीर्थंकरनामकर्म का बध होने पर भी तप के विषय मे की गई थोडी-सी माया भी युवतीत्व (स्त्रीत्व) का कारण बन गई।

CONCLUSION

This eighth story of Jnata Dharma Katha is an elaborate story Besides the story of Bhagavan Mallinath it contains many other tales,

every one of which has a concealed inspiring message The tale of merchant Arhannak highlights the importance of unwavering faith No power can harm a person who sticks with resolve to his chosen path The tale of Chokkha reveals the futility of thoughtless rituals If the soul has to be liberated from the trap of rebirth it is essential to avoid indulgence in sinful activities with the help of spiritual practices and wash off the accumulated slime of past karmas with the help of self-discipline and penance Mere rituals of bath and charity cannot lead to liberation The story of life of Arhat Malli highlights the absolute reality that even the most elevated and powerful of the souls cannot escape the consequences of acquired karmas without suffering It also reveals that when the soul is inspired by a deep craving to progress on the path of purification of soul, no mundane hurdle can hinder its development, even if it is in a female body

Besides the philosophical message this story contains an informative, absorbing, graphic and vivid description of social, cultural, and political life of that period

THE MESSAGE

A soul that indulges in practices of harsh penance and discipline earning a high status has also to suffer damaging consequences if it commits even a minute error in its religious conduct As—(1)

In spite of earning Tirthankar-naam-karma in the life as Mahabal, the soul that became Malli had to take birth as a female because of the minor error it committed in doing penances

परिशिष्ट

मिथिला–पूर्वी भारत की प्रसिद्ध प्राचीन नगरी। समस्त प्राचीन भारतीय वाङ्मय मे इस नगरी की चर्चा है। एक समय यह अत्यन्त विशाल और समृद्धिशाली नगरी थी। जैसा कि लम्बे समय के अन्तराल मे होता है–इस नगरी ने भी अनेक उतार-चढ़ाव देखे और अनेक नाम पाये। यही कारण है कि वर्तमान मे इसके मूल स्थान के सम्बन्ध में इतिहासकारो के अनेक मतव्य हैं। जातक के अनुसार मिथिला राज्य का विस्तार ३०० योजन था और उसमें १,६०० गॉव थे। एक अन्य स्थान पर यह उल्लेख है कि मिथिला का विस्तार ७ योजन है और समस्त राष्ट्र का विस्तार ३०० योजन। रामायण मे इसे जनकपुरी

व तीरभुक्ति कहा है। विविध तीर्थकल्प में देश को तिरहुति और नगर को जगती कहा है। वर्तमान में नेपाल की सीमा पर स्थित जनकपुर नामक ग्राम को मिथिला माना जाता है। विदेह राज्य, जिसकी राजधानी मिथिला थी, की सीमा उत्तर मे हिमालय, दक्षिण मे गगा, पश्चिम में गडकी नदी और पूर्व में मही नदी तक वर्णित है। आज इस क्षेत्र मे मुजफ्फरपुर तथा दरभगा जिले हैं। सीतामढ़ी के निकट मुहिया नामक स्थान को भी कुछ लोग मिथिला मानते हैं। जिनप्रभसूरि ने तीर्थकल्प में इसे जगई नाम दिया है और सीतामढ़ी से पश्चिम मे सात मील पर स्थित बताया है। अठारहवी शताब्दी के जैन यात्रियों ने सीतामढ़ी को ही मिथिला बताया है।

मध्य देश–उत्तर मे हिमालय, दक्षिण मे विन्ध्याचल, पश्चिम मे कुरुक्षेत्र और पूर्व में प्रयाग से घिरे क्षेत्र को मध्य देश कहते है।

सिह निष्क्रीडित तप–सिह की क्रीडा के समान तप। जैसे सिह चलते-चलते मुडकर पीछे दौडता है उसी प्रकार जिस तप मे पिछले तप की आवृत्ति कर फिर आगे का तप किया जाय और उसी क्रम से आगे बढा जाये। इसकी प्रक्रिया चित्र मे बताई गई है।

APPENDIX

Mithila—A famous ancient town of eastern India It finds mention in almost all ancient Indian literature Once it was a large and prosperous town As it happens, this town has also gone through numerous ups and downs and change of names with passage of time That is the reason that historians have many different theories about its exact location According to the Jatak the state of Mithila was spread in an area of 300 Yojans and had 1600 villages within Another source informs that The spread of Mithila, the town, was only 7 Yojans and that of Mithila the state was 300 In Ramayan it has been named Janakpuri and Teerbhukti In Vividh Teerth Kalp the state is named Tirhuti and the town Jagati It is believed that Janakpur, a village on the Nepal border is ancient Mithila There are also mentions that the ancient state of Videh, with Mithila as capital, was defined as the area having the Himalayas in the north, the Ganges in the south, river Gandaki in the west and river Mahi in the east Today this area is covered by the districts of Muzaffarpur and Darbhanga Some people also believe that Muhia, near Sitamadhi, is ancient Mithila Jinprabhsuri has mentioned in his Teerthkalp that it is Jagai, seven miles west of Sitamadhi, that was Mithila in ancient times Some Jain pilgrims of eighteenth century believed that Sitamadhi itself was Mithila

Madhya Desh (Central India)—The area defined by the Himalayas in the north, the Vindhyas in the south, Kurukshetra in the west, and Prayag in the east

Simha Nishkreedit Tap—A penance scheduled like the movement of a lion As a lion while moving ahead turns and steps back, in this penance the earlier one is repeated and then the next one is done in progression The complete schedule is explained by illustration

■■

अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति-प्राप्त हमारे महत्त्वपूर्ण प्रकाशन